सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
19.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 187



12 रवीना टंडन ने बेटी के साथ किया सोमनाथ के दर्शन



# महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ दाखिल मानहानि याचिका पर सुनवाई टली, 29 को अगली तारीख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी ने उनके बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी पर क्रिकेट एकेडमी खोलने के करार में 15 करोड़ की गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर धोनी के खिलाफ मिहिर और उनकी पत्नी सौम्या की ओर से मानहानि मुकदमा दायर किया गया है। जिस पर दिल्ली हाईकोर्ट 29 जनवरी को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि इस मुकदमे की जानकारी धोनी और उनकी ओर से पैरवी कर रहे लॉ फर्म को दी जाए। दिवाकर और सौम्या ने अपनी याचिका में साल 2017 के कॉन्ट्रेक्ट के कथित उल्लंघन के संबंध में धोनी और उनकी ओर से काम करने वाले




लोगों को उनके खिलाफ मानहानी के आरोप लगाने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के अलावा अन्य सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म और मीडिया हाउस के खिलाफ स्थायी इनजंक्शन और क्षतिपूर्ति की मांग की है। 2000 के अंडर-19 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व क्रिकेटर दिवाकर ने अपनी याचिका में दलील दी है कि धोनी के वकील दयानंद शर्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनके खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए। उन्होंने तर्क दिया कि इन आरोपों को मीडिया में व्यापक रूप से दिखाया गया था, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है। याचिका में उन्होंने मांग की है कि धोनी और उनके लोगों को आरोप लगाने वाले बयान देने से रोका जाए। गौरतलब है कि दिवाकर और सौम्या आर्का स्पोर्ट्स मैनेजमेंट नामक कंपनी चलाते हैं। धोनी ने दिवाकर और सौम्या के खिलाफ एक आपराधिक मामला दायर किया है। जिसमें दावा किया कि दिवाकर क्रिकेट अकादमियों की स्थापना के अनुबंध का पालन न करके उनके साथ लगभग 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।

## खबर एक नजर में

### नेता प्रतिपक्ष ने सीएम को पत्र लिख कर 22 को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर 22 जनवरी 2024 भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम क्षण होने की वजह से राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश श्री राम जन्मभूमि पर प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनेगा। श्री राम न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे विश्व के आदर्श के रुप में पूजे जाते हैं।अत: अनुरोध है कि जब अयोध्या नगरी में पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही हो, तो उस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिये 22 जनवरी 2024 को राजकीय अवकाश घोषित करें।

### झारखंड को मिले दो नए आईपीएस, श्रृति को होम कैडर

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2023 बैच के लिए चयनित आईपीएस अफसरों को कैडर अलॉट कर दिया है। इस बार दो सौ अफसर सलेक्ट हुए हैं। इनमें से झारखंड को पांच आईपीएस अफसर मिले हैं। इनमें से एक श्रृति गृह राज्य झारखंड मूल की हैं। वहीं, एक निखिल राय दिल्ली के रहने वाले हैं। ये दोनों झारखंड कैडर के लिए चयनित हुए हैं। इससे पहले पिछले साल झारखंड को दस नये आईपीएस मिले थे। इनमें तीन को होम कैडर मिला था।

### अपनी मांगों को लेकर दफादार चौकीदार पंचायत की बैठक



**रांची।** झारखण्ड राज्य दफादार–चौकीदार पंचायत की गुरूवार को राज्यस्तरीय बैठक विधायक क्लब, में हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए राज्याध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि छ: सूत्री मांगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन सरकार से मिला था,जिसमें सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुन: सेवा में योगदान कराने हेतु सभी उपायुक्तों को आदेश देना सहित अन्य मांग शामिल था। सरकार के आश्वासन के आधार पर 22 दिसम्बर, 2023 को आन्दोलन स्थगित कर दिया गया था। लेकिन अभी तक हमारी मांगों पर कार्रवाई के संबंध में कोई सूचना राज्य सरकार के तरफ से नहीं मिली है। इसलिए राज्यस्तरीय बैठक में समीक्षोपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में सुरेश राम, ऐतवा उराँव, धीन गाल, समसुल अंसारी, नेमानी पासवान, मिथलेश यादव, उमेश पासवान, शिबु पहाड़िया, नारायण भोगता, किशोर कुमार महली, शिवनाथ हजाम, राम किशुन गोप, रामदेव यादव, सीता उराँव, प्रफुल तांती, काशी तुरी, मो. रहमान,बाबुलाल दास, सतन पासवान, महेन्द्र पासवान, परमेश्वर पासवान, शैलेश महतो, नारायण भोक्ता आदि शामिल थे। बैठक का संचालन प्रदेश सयुक्त सचिव समसुल अंसारी ने किया।

### एचईसी वेतन भुगतान जल्द करे : विजय शंकर नायक



**रांची।** एचईसी अपने मजदूरों के साथ अन्याय करना बंद करें एंव उनके बकाया 18 माह का वेतन अविलंब भुगतान करें अन्यथा सभी कर्मचारियों को गोलबंद कर एचईसी में अनि्तिकालीन तालाबंदी किया जायेगा। ये बातें संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड, छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक गुरूवार को बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि मजदूरो की आर्थिक स्थिति 18 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण बद से बतर हो गई है, उनके बच्चे को शिक्षा लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ना लक्ष्य : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर जुटेंगे देशभर के लाखों आदिवासी**

**11 फरवरी को राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन की तैयारी को लेकर भाजपा एसटी मोर्चा ने की बैठक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ना ही लक्ष्य है। श्री मरांडी गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में एसटी मोर्चा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को बाबा तिलका मांझी की जयंती पर आयोजित सम्मेलन में



देश भर के आदिवासी नेताओं को किया जायेगा सम्मान। विभिन्न राज्यों से 1 लाख से अधिक आदिवासी होंगे शामिल। झारखंड के प्रत्येक गांव- बूथ से जनजाति कार्यकर्ता होंगे शामिल। जनजाति सम्मेलन के लिए मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव को बनाया गया कार्यक्रम संयोजक। जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चलाए जनजागरण अभियान। आदिवासियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा द्वारा किये गए कार्यो को गांव-गांव में बतायें मोर्चा के कार्यकर्ता। बैठक में प्रदेश पदाधिकारीए प्रदेश कार्यसमिति सदस्यए जिला अध्यक्ष गण शामिल हुये। श्री मरांडी ने कहा कि 11 फरवरी को रांची में जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित होने वाले जनजाति सम्मेलन में 1 लाख से अधिक आदिवासी होंगे शामिल। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगी और राज्य एवं राष्ट्रीय पटल पर एक मिल का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की बेटी को राष्ट्रपति बनाना, झारखंड राज्य अलग करना, आदिवासी मंत्रालय बनाना, धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजाति गौरव दिवस की घोषणा, मोदी कैबिनेट में 8 जनजाति मंत्री, पीएम जन-मन योजना सहित कई ऐसे कार्य है जो आदिवासी समाज को पीएम नरेंद्र मोदी एवं भाजपा से जोड़ती है। कार्यकर्ता अपने-अपने पारंपरिक वेश भूषा, नृत्य संगीत, वाद्य यंत्र के साथ अपनी अपनी संस्कृति का दृश्य दिखेगा। बैठक में मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, बड़कुंवर गागराई, दुर्गा मरांडी, रामकुमार पाहन, अशोक बड़ाईक, गंगोत्री कुजूर, बिन्देश्वर उरांव, विजय मेलगंडी, रवि मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, गीता बालमुचू, सुखमनी हेमरोम, अवधेश सिंह चेरो, भूषण पाठ पिंगुवा, रोशनी खलखो, जगन्नाथ मुंडा, सलखु सोरेन, नकुल तिर्की, सुनील फकीरा कच्छप, प्रिया करमाली, राम सिंह मुंडा, काजू सांडिल्य, अर्जुन मुंडा सहित कई उपस्थित थे।

# सामाजिक समीकरण साधने में सफल रहे बाबूलाल मरांडी

**महामंत्री के रूप में आदित्य साहू व प्रदीप वर्मा किये गये रिपीट, सांसद सुनील सिंह व सुबोध सिंह गुड्डू, मिसफिका हसन की हुई छुट्टी**

**उदय चौहान**







**रांची।** हरेक बार की तरह इस बार भी बाबूलाल मरांडी के टीम गठन के साथ राजनीतिक कानाफूंसी शुरू हो गयी है। हालांकि, श्री मरांडी को टीम गठन के लेकर सामाजिक समीकरण साधने में कामयाबी मिल गयी है। नये-पुराने नेताओं को टीम में जगह दी गयी है। बावजूद इसके सांसद सुनील सिंह, मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू व प्रवक्ता मिसफिका हसन जैसों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। महामंत्री के रूप में आदित्य साहू व प्रदीप वर्मा फिर से रिपीट किये गये हैं। इस टीम को नेता विधायक दल अमर बाउरी ने विनिंग टीम की संज्ञा दी है। वहीं, कुछ असंतुष्ट नेताओं ने इसे नयी बोतल में पुरानी शराब करार दिया है। जानकार बताते हैं कि इस टीम में जिन लोगों को जगह नहीं मिली है। उन्हें मंच-मोर्चा में या चुनाव प्रबंधन में दायित्व सौंपा जा सकता है। सूत्रों के अुनसार बाबूलाल मरांडी की नयी टीम में 43 पदधारियों को जगह मिली है। इसमें महामंत्री के रूप में मनोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता रफिया नाज, रमाकांत महतो जैसे नये चेहरे भी हैं। इसमें से रमाकांत महतो पूर्व में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। रफिया नाज करीब दो साल पहले पार्टी ज्वाईन की है। इसके अलावा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, अविनेश कुमार भी रिपीट किये गये है। वहीं, प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में तीसरी बार शिवपूजन पाठक को जगह मिली है। एक असंतुष्ट नेता ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों की सूची में ज्यादातर उम्मीदवार या तो विधायक हैं या फिर पार्टी नेता। इसलिये 2024 में जीत का सपना सपना ही रह जायेगा। भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची पर नजर डालें तो यह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की टीम से भी बड़ी टीम है।

दीपक प्रकाश की टीम में 8 प्रदेश उपाध्यक्ष, तीन प्रदेश महासचिव, 8 प्रदेश मंत्री और एक कोषाध्यक्ष बनाये गये थे। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बनी नई टीम पर नजर डालें तो 11 उपाध्यक्ष, 3 महासचिव, 10 मंत्रियों के अलावा नौ प्रवक्ताओं की टीम बनाई गई है। पार्टी ने कुछ नेताओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। दीपक प्रकाश के समय महिला मोर्चा की अध्यक्ष रहीं आरती कुजूर को पार्टी ने उपाध्यक्ष बनाया है। जबकि बालमुकुंद सहाय को भी प्रमोशन देकर महासचिव से उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। बहरहालए इन नेताओं पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी की चुनावी नैया पार लगाने की जिम्मेदारी है। खैर ! बाबूलाल मरांडी ने अपने मनोनयन के करीब सात माह टीम की घोषणा कर संगठन में धार देने की कोशिश की है।

# झारखंड में कड़ाके की ठंड, स्कूली बच्चों की तबीयत हो रही खराब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदला-बदला सा है। कड़ाके की ठंड के बीच घने कोहरे पड़ रहे हैं। ठंड व मौसम में बदलाव के कारण बच्चों की तबीयत खराब हो रही है। इसके बाद भी राज्य के स्कूलों में न तो समय में बदलाव किया गया है और न ही छुप्तियां दी गयी हैं। झारखंड अभिभावक संघ और अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने अधिकारियों को पत्र लिखा है और ठंड व शीतलहरी को देखते हुए जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है।

**ठंड को देखते हुए बदला जाये स्कूलों का समय :** झारखंड अभिभावक संघ ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव व राज्य के सभी डीसी को पत्र लिखकर स्कूलों के समय में बदलाव करने व छुप्ती किये जाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने पत्र में लिखा है कि राजधानी रांची में बीते कई दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे छोटे बच्चों की तबीयत बिगड़ रही है। इसके बाद भी स्कूलों द्वारा न तो समय में बदलाव किया गया है और न ही छुप्ती दी गयी है। उन्होंने ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव करने व परिस्थिति को देखते हुए स्कूलों में छुप्ती करने की मांग की है। उधर, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने शीतलहरी और ठंड को देखते हुए प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को बंद करने या इसके समय में बदलाव करने की मांग की है। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा है कि तापमान में गिरावट से बच्चों में बुखार, खांसी व उल्टी की समस्या हो रही है। ऐसे में स्कूलों में छुप्ती दी जाए या फिर समय में बदलाव करते हुए सुबह 10 से दो बजे तक किया जाए।

### कहां कितनी हुई बारिश

सिमडेगा-54.4 मिमी, चक्रधरपुर-52.2, मनोहरपुर -43.6,डुमरी -26.2, चाईबासा-18.1, मैथन-16.8, गोईलकेरा-15.6, खूंटपानी -15, मैथन -15, दुमका -14.7, कोलेबिरा -13.2, गोबिंदपुर -12.2, बोकारो थर्मल -11.4, मंझारी-10; पुटकी -9.6, नवाडीह -9.2, जगन्नाथपुर -8.5, हाटगम्हरिया-8.2, कुरडेग -7.6, पापुंकी -7.6, हजारीबाग -7.2, मझगांव-7.2, नंदाडीह -7.2, टोंटो-7, जामताड़ा -6.8, बानो सिमडेगा -6.5, सिकटिया -6.2, डुमरी -5.6, जरमिंडी -5.3, खूंटी -5, पालगंज-4.4, टुंडी -4.4, पंचेट- 4.2, गुदरी -3.6, चंद्रपुरा -3.5, सीएचएएस -3.2, तोरपा-3, कोनेर -2.6, चंदनकियारी -2.6, पंचेट -2.6, महारो -2.4, पाकुड़िया -2.4, कोनेर -2.4, फुसरो-2.4, रनिया -2.2, रामगढ -1.0, जमशेदपुर -1, बंदगांव -0.6, बोकारो -0.5, गिरिडीह बेंगबाद -0.5, गोमिया -0.4, डाल्टनगंज -0.3, रामगढ-0.2 और तिलैया -0.2 मिमी।

### किस शहर में कितना तापमान

रांची 22.1, 14.5, जमशेदपुर 23.2, 15.0, डाल्टेनगंज 22.6, 12.5, बोकारो थर्मल 22.1, 14.5, चाईबासा 23.8, 13.2, देवघर 19.3, 11.8, गिरिडीह 18.2, 12.9, गढ़वा 18.0, 12.2, गोड्डा 17.8, 10.9

## क्रिटिकल वाटर स्ट्रेस से जूझ रहे हैं राज्य के 40 प्रखंड : राजेश्वरी बी



**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव चन्द्रशेखर ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) में झारखंड जलछाजन योजना के तहत आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में सभी 28 परियोजनाओं के क्रियान्वयन को गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। सचिव के द्वारा निर्देश दिया गया कि परियोजना क्षेत्र में जहां भी कार्य किया जा रहा है, वहीं योजना से संबंधित सिटिजन इन्फॉरमेशान बोर्ड (सीआईबी) लगाना सुनि्तित किया जाये। झारखंड में 69 फीसदी मरूस्थल वहीं, मनरेगा आयुक्त -सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड जलछाजन मिशन (जेएसडब्ल्यूएम) राजेश्वरी बी ने सभी एजेंसियों से कहा कि झारखंड राज्य का डिजर्टीफिकेशन (मरुस्थलीकरण)69% है, जो देश में पहला स्थान है। वहीं, राज्य के 40 प्रखण्ड ऐसे है जो क्रिटिकल वाटर स्ट्रेस से जूझ रहे हैं। इन परिस्थितियों को रोकथाम / निपटने के लिए जलछाजन योजना का क्रियान्वयन ही एक मात्र उपाय है। सभी 28 प्लास को निर्देश दिया गया कि परियोजना अन्तर्गत अगले एक माह में बंजर/परती भूमि चिन्हित कर उसे इस लायक बनाया जाए, ताकि वहां भूगर्भ का जल स्तर में सुधार किया जा सके। इसे प्राथमिकता के तौर पर किया जाए, ताकि इससे जल एवं मिप्ती का संरक्षण किया जा सके। अवध नारायण प्रसाद, संयुक्त सचिव एवं उपसचिव प्रमोद कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए परियोजना पर प्रकाश डाला एवं परियोजना का ससमय पूर्ण करने का अनुरोध किया गया। इस कार्यशाला में जलछाजन मिशन के सभी पदाधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोस चुनाव के लिए पदाधिकारियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**एटीआई में दिया जा रहा अधिकारियों को 5 दिनी ट्रेनिंग**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार के मार्गदर्शन में पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्य के सभी संसदीय क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग पदाधिकारियों का 16 से 20 जनवरी तक 5 दिवसीय प्रशिक्षण सह सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य के एनएलएमटी प्रशिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों को लोक चुनाव के एआरओ के दायित्वों से जुड़े सभी जरूरी बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में पदाधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट, नामंकन, पोस्टल बैलट, चुनाव संबंधित सामग्री से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों, निर्वाचन प्रक्रियाओं तथा बारीकियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही ईडीसी, ईटीपीबीएस से जुड़ी तकनीकी जानकारी के साथ-साथ डाक मत-पत्र की मदद से मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी कोटि के मतदाताओं के लिए निर्धारित प्रक्रिया, ईवीएम और वीवीपैट जागरूकता आदि के संबंध में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने विषय के व्याख्यान दे रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों से संबंधित विषयों पर टेस्ट भी लिए जा रहे साथ ही शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी संसदीय क्षेत्र से आये प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार आदि उपस्थित हैं।

## जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष संजय सिंह का दिल्ली में निधन

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के पूर्व उपाध्यक्ष व हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव संजय सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। संजय सिंह ने एम्स दिल्ली में अंतिम सांस ली। संजय सिंह के निधन की खबर से जेएससीए अधिकारियों व क्रिकेटप्रेमियों में शोक की लहर है। संजय सिंह का पार्थिव शरीर शुक्रवार को हजारीबाग लाया जायेगा। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, एक बेटा व एक बेटी को छोड़कर दुनिया से चले गये।

**संजय सिंह के भाई राजीव सिंह मणिपुर में डीजीपी हैं :** मालूम हो कि संजय सिंह के भाई राजीव सिंह मणिपुर में डीजीपी हैं। उनका भतीजा उत्कर्ष सिंह झारखंड रणजी टीम में शामिल है। बिहार के समय से ही संजय सिंह हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव रहे थे। जेएससीए बनने के बाद वे स्वर्गीय अमिताभ चौधरी की कमेटी में उपाध्यक्ष बने।

## पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका को झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया। बेहतर इलाज के लिए संजीव सिंह की ओर से 30 दिन का प्रोविजनल बेल मांगा गया था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज शुरू हो गया है। हालांकि प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह का इलाज काफी धीमी गति से चल रहा है। कोर्ट ने प्रार्थी और सरकार का पक्ष जानने के बाद कहा कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज हो रहा है, इसलिए उनकी जमानत याचिका खारिज की जाती है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय के कोर्ट में हुई। बता दें कि बीते दिनों संजीव सिंह को इलाज के लिए एम्स ले जाया गया है। दरअसल, प्रार्थी संजीव सिंह की ओर से अपनी बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन का प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया गया है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार हैं।

**11 अप्रैल 2017 से जेल में हैं पूर्व विधायक :** नीरज सिंह की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाइकोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। 21 मार्च 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह समेत चार की हत्या हुई थी। 23 मार्च 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय और गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। बाद में इस केस में शूटरों के साथ अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस को संजीव सिंह की भूमिका षडयंत्रकारी की मिली, उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके बाद से वे बंद हैं।

# प्रगति मैदान में लगा रांची स्मार्ट सिटी की योजनाओं का डिस्प्ले

**ब्रांड इंडिया के थीम पर दिल्ली में लगा है एक्सपो**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय समेत कई संगठनों के सहयोग से 31वां कन्वर्जेंस इंडिया और 9वीं स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय इस एक्सपो में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से भी स्टॉल लगाया गया है। यहां स्मार्ट सिटी की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2 में रांची स्मार्ट सिटी का स्टॉल लगाया गया है, जहां विभिन्न परियोजनाओं के डिस्प्ले लगाए गए हैं। स्टॉल में पूरे शहर का 3डी मॉडल है। इसके साथ ही ई ऑक्शन प्रक्रिया, पब्लिक बाइसाइकिल शेयरिंग सिस्टम, इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, इंटीग्रेटेड इन्फ्रास्ट्र^ र डेवलपमेंट, ग्रीन इनिशिएटिव, जीआईएस सब स्टेशन, एसटीपी और महत्वपूर्ण अवार्ड्स का भी डिस्प्ले लगाया गया है।

### स्टॉल पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं लोग

रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के पीआरओ अमित कुमार ने बताया कि स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, जहां उनके जिज्ञासा भरे प्रश्नों का जवाब दिया जा रहा है। स्टॉल पर पहुंचने वाला हर व्यक्ति स्टॉल और 3डी मॉडल का फोटो क्लिक कर रहा है। लोगों के प्रश्नों का जवाब देने के लिए स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नदकुलियार और पीआरओ बारी-बारी से स्टॉल में मौजूद रह रहे हैं। 19 जनवरी को भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन ने स्पीकर के रूप में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार को भी बुलाया है। मालूम हो कि इस बार एक्सपो का थीम ब्रांड इंडिया है। इस थीम के माध्यम से देशभर के शहरों में हो रहे सस्टेनेबल डेवलपमेंट को शोकेस करने के लिए विभिन्न शहरों और विभिन्न कंपनियों की ओर से स्टॉल लगाया गया है। 17 जनवरी को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने एक्सपो का उद्घाटन किया था।

## देश में धर्म की राजनीति कर समाज को तोड़ने की कोशिश कर रही भाजपा : गौतम सागर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजद के पूर्व अध्यक्ष और समाजवादी नेता गुरुवार को रांची स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। जहां प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने उनका स्वागत किया। वहीं झारखंड महिला राजद अध्यक्ष रानी कुमारी, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार की मौजूदगी में गौतम सागर राणा को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान गौतम सागर राणा ने कहा कि लोकतंत्र में आदर्श स्थिति तब होती जब राजनीति में धर्म का पालन होता, लेकिन भाजपा देश में धर्म की राजनीति कर रही है। इसने समाज को तोड़ने और आपस में बांटने की कोशिश की है। गौतम सागर राणा ने कहा कि राजनीति का धर्म समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाना, युवाओं को रोजगार देना, पिछड़ों दलितों को सम्मान देना, अल्पसंख्यकों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, लेकिन आज ठीक इसके विपरीत हो रहा है। ऐसे में लालू प्रसाद के नेतृत्व में सांप्रदायिक ताकतों से लड़ना होगा। गौतम सागर राणा ने कहा कि वे राज्य में लालू प्रसाद की विचारधारा को बढ़ावा देने आये हैं।

**चार लोकसभा सीटों पर राजद ने ठोका दावा :** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य में इंडिया गठबंधन की पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई मुद्दा नहीं है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

19.01.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 187

12 रवीना टंडन ने बेटी के साथ किये सोमनाथ के दर्शन



## न्यूज डायरी

### श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर डाक टिकट जारी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अयोध्या के राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया है। उन्होंने दुनिया भर में भगवान राम पर समर्पित टिकटों की एक पुस्तक जारी की।

### अरुण राय बनेंगे हाइकोर्ट के जस्टिस

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने ज्यूडिशियल ऑफिसर अरुण कुमार राय को झारखंड हाइकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा केंद्र सरकार से की है। श्री राय ने 5 मई 2012 को ज्यूडिशियल सर्विस ज्वाइन की थी।

### 27 को प्रस्तावित पीएम का धनबाद दौरा स्थगित

**धनबाद।** पीएम मोदी का प्रस्तावित धनबाद दौरा एक बार फिर रद्द हो गया है। वे 27 जनवरी को धनबाद के सिंदरी स्थित हर्ल प्लांट का उद्घाटन करने वाले थे। पीएम का दौरा रद्द होने से प्लांट के उद्घाटन के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है।

### धोनी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई अब 29 को

**नयी दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी ने बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी पर एकेडमी खोलने के करार में 15 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इसे लेकर धोनी के खिलाफ मिहिर और उनकी पत्नी सौम्या की ओर से मानहानि मुकदमा दायर किया गया है। जिस पर दिल्ली हाईकोर्ट 29 जनवरी को सुनवाई करेगा।

### सीएम केजरीवाल को इडी का पांचवां समन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार की शराब नीति में घोटाला मामले की जांच कर रही ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पांचवां समन भेजा है। अब उन्हें 19 जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## हाल ए मौसम... भीषण सर्दी और कोहरे से तीन दिनों तक राहत नहीं, ऑरेंज अलर्ट जारी

# घने कोहरे में डूबा झारखंड, 20 उड़ानें रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के रांची सहित कई जिलों में कोहरा और बादल छाये हुए हैं। घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार को कोहरे के कारण दिन भर लोगों को ठंड का एहसास हुआ। मौसम विभाग ने झारखंड में अगले तीन दिनों तक घना कोहरा छाये रहने की संभावना जतायी है। वहीं पारा भी दो से तीन डिग्री गिरने की उम्मीद है। इससे ठंड और बढ़ेगी। घने कोहरे में विजिबिलिटी कम रहने के कारण लोगों को दिन में भी अपने वाहनों की लाइट जला चलना पड़ा। रांची एयरपोर्ट से आने-जाने वाले 20 विमान रद्द कर दिया गया। 5 चक्कर काटने के बाद एक फ्लाइट रांची लैंड नहीं कर सका, उसे हैदराबाद डायवर्ट कर दिया गया। रद्द उड़ानों में 12 रांची आने वाले थे, जबकि 8 उड़ान रांची से जानेवाला था। एयरपोर्ट के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दृश्यता 500 मीटर से भी कम थी, जिससे इन्हें रद्द करना पड़ा।

### 23 तक कोहरा और आंशिक बादल रहेंगे




मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 19 से 23 जनवरी तक सुबह में कोहरे के बाद आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। राज्य में अगले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इसके बाद अगले दो-तीन दिनों में दो से तीन डिग्री की गिरावट होगी। सुबह कोहरे या धुंध के बाद आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। 23 जनवरी तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटों में राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 54.4 एमएम सिमडेगा में दर्ज की गयी। उच्चतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में, जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पाकुड़ में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन-चार दिनों में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

## केजी से 5वीं तक की पढ़ाई 10 से दो बजे तक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के संचालन का समय बदल दिया है। केजी से वर्ग-5 तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चलेंगी। शीतलहरी के बदलते प्रभाव को लेकर यह निर्णय लिया गया है। इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अपर सचिव कुमुद सहाय ने गुरुवार को जारी कर दिया। जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य में शीतलहरी को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में 19 जनवरी से 25 जनवरी तक के लिये वर्ग- केजी से वर्ग-5 तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित होगी। आदेश के अनुसार वर्ग-6 से वर्ग-12 तक की कक्षाएं पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित होंगी। मध्याह्न भोजन पूर्ववत चालू रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसपर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है। कई संगठनों ने ठंड को देखते हुए स्कूलों का समय बदलने की मांग की थी।

**सभी स्कूलों का समय बदला, आदेश जारी**



# 22 के कार्यक्रम को लेकर झारखंड सरकार अलर्ट

- सीएस ने बैठक में आला अफसरों को दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर झारखंड में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर मुख्य सचिव ने राज्य के आला अफसरों के संग समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पूरा राज्य अलर्ट मोड में रहे। कहीं भी किसी तरह के सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश न हो, इस पर भी खास ध्यान रखें। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर विशेष निगरानी रखें। गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा बैठक सीएस एल खियांग्यते ने आला अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर राज्य से भी काफी संख्या में लोग अयोध्या जायेंगे। इस दौरान उन्होंने रेलवे और बस से अयोध्या जाने वाले लोगों पर खास ध्यान रखने को कहा है, ताकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके अलावा झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षा को लेकर भी अलर्ट रहने को कहा है। इसमें काफी संख्या में छात्र अलग-अलग जिलों में बने परीक्षा केंद्रों में जायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### पलामू : व्यवसायी की हत्या के विरोध में आज बंद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर में अज्ञात अपराधियों ने एक व्यवसायी शुभम कुमार (28) की गोली मार दी। हत्या के विरोध में शुक्रवार को बंद का आह्वान किया गया है। घटना छतरपुर के जपला रोड में होंडा साई शो रूम के सामने हुई। शो रूम के सामने खड़ी कार में बैठे हरिहरगंज के किराना व्यवसायी शंकर प्रसाद गुप्ता के पुत्र शुभम कुमार को बाइक से आये तीन अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। उन्हें आनन-फानन में अनुंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर हालत में मेदिनीनगर रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

## पेनाल्टी शूटआउट में जर्मनी से हार गया भारत

# अमेरिका-जर्मनी में फाइनल आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे एफआइएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में भारत को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में अमेरिका ने जापान पर 2-1 से जीत हासिल फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी थी। अब फाइनल मुकाबला 19 जनवरी को अमेरिका और जर्मनी के बीच होगा।

दोनों टीमों ने पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा लिया है। भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए रांची के राजकुमार और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी स्टेडियम में मौजूद थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने धोनी का जोरदार स्वागत किया। काले रंग के लांग लेदर जैकेट में एमएस धोनी अलग लुक में नजर आ रहे थे।

**एफआइएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर**



## समय तय कर बतायें, कब होगी जेटेट परीक्षा : कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल प्रिया कुमारी यादव एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने राज्य सरकार 4 सप्ताह में स्पेसिफिक शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि जेटेट परीक्षा कब ली जायेगी। जेटेट परीक्षा की टाइम फ्रेम निर्धारित कर राज्य सरकार को बताने का निर्देश दिया है।

प्रार्थी के अधिवक्ता ललित कुमार सिंह ने पैरवी की। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि एनसीईटी की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्येक वर्ष जेटेट परीक्षा का आयोजन होना है। राज्य सरकार के शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली 2019 के तहत भी कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष जेटेट परीक्षा आयोजन होना है। शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2022 के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 और छठी कक्षा से 8 कक्षा में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों को जेटेट पास होना जरूरी है, लेकिन राज्य में वर्ष 2016 से जेटेट की परीक्षा नहीं ली गयी है। प्रार्थी का कहना है कि अगर यह परीक्षा नहीं ली जाती है तो वह नियोजन पाने से वंचित रह जायेंगे।

### नवविवाहिता की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना अंतर्गत नवविवाहिता की हत्या मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी अनुदीप सिंह ने गुरुवार को बताया कि 15 जनवरी को मरकच्चो थाना क्षेत्र के बरोटांड़ में एक नवविवाहिता का शव कुएं में होने की सूचना मिली थी।

### नाव पलटी, 13 बच्चों और दो शिक्षकों की मौत

**गुजरात।** वडोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में हरनी झील में गुरुवार को एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 13 बच्चों की मौत हो गयी। जबकि हादसे में दो शिक्षकों की भी मौत हो गयी है। नौका में 27 विद्यार्थी सवार थे जो पिकनिक मनाने आये थे।

## एनपीए खातों की कर्ज माफी की तैयारी

- कृषि मेला सह प्रदर्शनी में बोले कृषि मंत्री बादल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि झारखंड सरकार किसानों के एनपीए खातों के भी ऋण माफ करने पर विचार कर रही है। वह गुरुवार को सरायकेला जिला मुख्यालय के काशी साहू कॉलेज मैदान में प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। इसका उद्घाटन कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, जनजातीय कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन और सांसद गीता कोड़ा ने दीप जलाकर किया। खराब मौसम के बावजूद प्रमंडल के 3000 से अधिक किसानों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिसका अतिथियों ने निरीक्षण किया। अतिथियों ने किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि उपकरण भी वितरित किये गये। कृषि मंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों को कृषि सहकारिता के क्षेत्र में आगे लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार पैसा तो खर्च कर रही है, धरातल पर किसानों को वास्तव में क्या लाभ मिल रहा है, यह भी इस कार्यक्रम के माध्यम से देखा जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)







# श्री रामलला की मूर्ति गर्भगृह में स्थापित, 22 को होगी प्राण प्रतिष्ठा




एजेंसी

**अयोध्या।** राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति को विधि-विधान के साथ स्थापित कर दिया गया। इसमें करीब 4 घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। रामलला का आसन 3.4 फीट ऊंचा है, जिसे मकराना पत्थर से बनाया गया है। रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने यह जानकारी दी। मूर्ति को अंदर लाने से पहले गर्भगृह में एक विशेष पूजा आयोजित की गयी। मूर्ति को एक ट्रक से मंदिर लाया गया।



**तीसरे दिन का अनुष्ठान पूर्ण :** गर्भ गृह में रामलला की मूर्ति की स्थापना के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा का तीसरे दिन का अनुष्ठान संपन्न हो गया। गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे के बाद राममूर्ति का मंदिर गर्भ गृह में प्रवेश हुआ। प्राण प्रतिष्ठा का चौथे दिन का अनुष्ठान शुक्रवार सुबह 9 बजे शुरू होगा।

**121 आचार्य लगे हैं अनुष्ठान में :** जानकारी के मुताबिक, राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अनुष्ठान किए जा रहे हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों के अनुसार अनुष्ठान 21 जनवरी तक जारी रहेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

खबर मन्त्र

रांची.शुक्रवार.19 जनवरी 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# माया की चाल

मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके भले ही विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया हो, लेकिन इस बात के कयास पहले ही लगाए जा रहे थे। हाल के दिनों में राजग की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे। यहां तक कि पिछला लोकसभा चुनाव उन्होंने जिस सपा के साथ लड़ा था, उसके मुखिया को उन्होंने रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होते। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। बहुजन समाज पार्टी ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं।

# बड़ी गिरावट

भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी फेड रिजर्व की तरफ से इस साल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को झटका लगने और इंडेक्स में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक के शेयर में भारी गिरावट से बाजार औंधे मुंह लुढ़क गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद भाव 73,128.77 अंक के मुकाबले आज 1 हजार अंक से बड़ी गिरावट लेते हुए 71,998.93 पर खुला और इंट्रा-डे कारोबार के दौरान 71,429.30 तक गिरा। अंत में यह 1628.01 अंक या 2.23 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 71,500.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 भी 2.09 प्रतिशत या 460.35 अंक की गिरावट के साथ 21,571.95 पर क्लोज हुआ। टाटा स्टील, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, हिंडाल्को, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व और बजाज ऑटो भी गिरावट में है। बैंकिंग क्षेत्र में भारी बिकवाली का दबाव देखा गया, जिससे कुल मिलाकर बाजार में गिरावट आई। साथ ही चीन की तिमाही वृद्धि के आंकड़े के उम्मीदों से कम होने के बाद एशियाई बाजारों के गिरावट का असर भी देसी शेयर बाजार पर पड़ा। इक्विटी बेंचमार्क निफ्टी 50 और सेंसेक्स में जून 2022 के बाद से बुधवार को बाजार में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। मिड और स्मॉल-कैप इंडेक्स में भी गिरावट आई है, लेकिन बेंचमार्क इंडेक्स की तुलना में उनकी गिरावट कम रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 1.09 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 0.90 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। एक ही ट्रेडिंग सेशन में लगभग 4.6 लाख करोड़ रुपये कम हो गए।

# राजा श्री राम को जानने को जागृत संपूर्ण विश्व




पूरा विश्व उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देश हों या फिर यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया या जर्मनी से जापान तक सभी राममय हो रहे हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेगा।

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को रामरथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे यूरोप से हजारों लोग भाग लेंगे। इतना ही नहीं, एफिल टावर के पास भव्य उत्सव भी मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव किया जाएगा। अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं।

दुनिया के 50 से अधिक देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन देशों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव देखा जा सकेगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किए जाने की तैयारी है। न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा भी कि अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ भारत ही नहीं, न्यूयार्क में दक्षिण एशियाई और इंडो कैरेबियाई समुदायों के हिंदुओं के लिए भी जश्न मनाने का मौका है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नेपाल से 3 हजार से अधिक उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनकपुर से सीताजी के लिए साड़ी, चांदी के जूते, आभूषण आदि उपहार भेजे गए। श्रीलंका ने अशोक वाटिका से विशेष पत्थर अयोध्या भेजा है। मॉरिशस ने तो अपने यहां 22 जनवरी को अवकाश भी घोषित किया है। बकायदा, 2 घंटे का विशेष अवकाश पूजा पाठ के लिए प्रदान किया गया है।

राममंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमान शामिल हैं। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी समेत 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण पत्र दिया गया है। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जाएगा।



**- आरके सिन्हा**

**विश्व इतिहास और विश्व साहित्य में भी राम और रामकथा बहुप्राचीन एवं बहुप्रचलित है। इंडोनेशिया में 'काकाविन रामायण', जापान में 'होबुत्सुशू', थाइलैंड में 'रामकियेन', म्यांमार में 'रामवस्तु', 'राम-ताज्या', 'राम- तात्यो', 'थिरी राम', 'पोन्तव राम' तथा 'थामाध्ये' (रामलीला नाटक), कम्बोडिया में 'रामकेर', फिलीपीन्स में 'महारादिया लावना', मलेशिया में 'मलय रामायण, 'हिकायत सेरी राम', लाओस में 'फालम', मंगोलिया में राम ग्रंथ प्रचलित और लोकप्रिय हैं।**

विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। वहां विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं।दरअसल, राम भारत ही नहीं विश्व चेतना के आधार हैं। विश्व इतिहास और विश्व साहित्य में भी राम और रामकथा बहुप्राचीन एवं बहुप्रचलित है। इंडोनेशिया में 'काकाविन रामायण', जापान में 'होबुत्सुशू', थाइलैंड में 'रामकियेन', म्यांमार में 'रामवस्तु', 'राम-ताज्या', 'राम-तात्यो', 'थिरी राम', 'पोन्तव राम' तथा 'थामाध्ये' (रामलीला नाटक), कम्बोडिया में 'रामकेर', फिलीपीन्स में 'महारादिया लावना', मलेशिया में 'मलय रामायण, 'हिकायत सेरी राम', लाओस में 'फालम', मंगोलिया में राम ग्रंथ प्रचलित और लोकप्रिय हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्राचीन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण राम कथा केंद्रित कृति प्राचीन जापानी भाषा में विरचित रामायण का काबीन है, जिसकी तिथि नौवीं शताब्दी से भी पहले की है। लाओस के निवासी आज भी स्वयं को भारतवंशी मानते हैं। वे मानते हैं कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे। लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। यहां रामकथा पर आधारित चार रचनाएं उपलब्ध है। दक्षिण पूर्व एशिया समेत अन्य देशों में रामकथा का व्यापक असर देखा जा सकता है। आम जनमानस की जिंदगी में राम के चरित्र की गहरी छाप दिखती है।

इस बीच, अयोध्या से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजधानी दिल्ली के अशोक विहार में भी राम लला के मंदिर जैसा ही एक राममंदिर का निर्माण हो रहा है। इन दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सीबी सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या (वीएचपी) लेकर गए थे ताकि वे रामलला के मंदिर का डिजाइन बनाएं। फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राममंदिर का डिजाइन बनाया।

हालांकि दिल्ली के अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि जब सोमपुरा जी और विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में राममंदिर का डिजाइन जारी किया तब हमने भी तय किया हमारे मंदिर का डिजाइन भी अयोध्या के राममंदिर की तर्ज पर ही रहेगा। इसकी अयोध्या के राममंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर ही लगा है। इन दोनों मंदिरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा तो है ही। वे अयोध्या के रामलला के मंदिर के निर्माण पर शुरू से ही नजर रख रहे थे, तो उनकी प्रेरणा से अशोक विहार का राममंदिर भी बना। इस बात को यहां के पदाधिकारी भी मानते हैं। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर स्थानाभाव के कारण छोटा है।

जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा,तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। सारे मंदिर में आलोक सज्जा और विशाल भंडारे का कार्यक्रम तो होगा ही। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को यहां भी करीब एक लाख भक्त आएंगेऔर भंडारे का प्रसाद पायेंगे।

## खास बात

# नये भारत काअणुव्रत सूर्योदय

**ललित गर्ग -**

**दुनिया** का पहला नैतिक आन्दोलन है जो इतने लम्बे समय से इंसान को इंसान बनाने में जुटा है। यह अशांत विश्व को शांति की जीवनशैली का अनूठा उपक्रम है। 1 मार्च, 1949 - अणुव्रत आंदोलन के प्रवर्तन यानी स्थापना का ऐतिहासिक दिन है। 72 वर्ष पूर्व आजाद भारत को असली आजादी अपनाने के संदेश के साथ आचार्यश्री तुलसी ने अणुव्रत के रूप में इसका राजमार्ग भी सुझाया था। आचार्यश्री तुलसी द्वारा प्रदत्त अणुव्रत का यह दर्शन आज विश्व दर्शन के रूप में प्रस्थापित हो चुका है। 21 वीं सदी के दूसरे दशक का समापन कोरोना वायरस की महामारी के रूप में एक वैश्विक त्रासदी के साथ हुआ है। ऐसी त्रासदी जिसने इंसान को अपने जीवन मूल्यों और जीवनशैली पर पुनर्चिंतन करने को मजबूर किया है। इसी बदलाव की चैखट पर अणुव्रत आन्दोलन एक ऐसी जीवनशैली लेकर प्रस्तुत हो रहा है, जिसे अपनाकर मानवमात्र स्व-कल्याण से लेकर विश्व कल्याण की भावना को चरितार्थ करने में सक्षम हो सकेगा।

अणुव्रत आंदोलन के बहत्तर वर्ष की लंबी यात्रा का एक उजला इतिहास है, यह नये भारत के सूर्योदय का प्रतीक है। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के एक कठिन प्रयास को लेकर यह मिशन राष्ट्र की हर समस्या को छूता हुआ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मंचों तक पहुंचा। एक सम्मानजनक मान्यता अणुव्रत आंदोलन को मिली। इसकी आवश्यकता को साधारण व्यक्ति से लेकर शिखर तक सभी ने स्वीकारा। अणुव्रत के प्रवर्तक आचार्य श्री तुलसी और उनके बाद के अनुशास्ता आचार्य श्री महाप्रज्ञ एवं वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण ने पूरे राष्ट्र एवं पडौसी देशों की अनेक पदयात्राएं कीं एवं चैपालों से लेकर राष्ट्र के सर्वोच्च मंचों तक मनुष्य को मनुष्य बनने के लिए सार्थक एवं प्रभावी उपक्रम किये। नैतिक मूल्यों की गिरावट तथा मनुष्य की दुष्प्रवृत्तियों पर बराबर प्रहार करते रहे। तीनों ही आचार्यों ने अपने संघ तथा सम्प्रदाय से ऊपर उठकर सर्वधर्म समन्वय ही बात को प्राथमिकता दी। धर्म और धर्म निरपेक्षता की सही परिभाषा दी।

# भवसागर से पार

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**लिंग** थापि विधिवत करि पूजा। सिव समान प्रिय मोहि न दूजा।। शिव द्रोही मम भगत कहावा। सो नर सपनेहुं मोहि न पावा।।

**प्रसंग का अध्यात्म**

समुद्र बंधन का अध्यात्म है कि वह भवसागर है। इस पर पुल बनाना है। पुल बनाकर पार होना है। यह खराब नहीं है। यह मदद भी करेगा। वह समुद्र किया था कहा था। जो जानकार हैं पुल बनाते है और जब पुल बना देंगे तो पार कर जाइयेगा। अतिअपार जे सरिस वर जौं नृप सेतु कराहिं। चढ़ि पिपीलकउ परम लघु बिनु श्रम पारहिं जाहिं।। चींटी छोटी है, वह भी पुल पर पार हो जाती है। इसलिये संत जो होते हैंश्री स्वामी जी महाराज कहा करते थे। धन्य हैं वे परम संत जो स्वयं भी पर हुए हैं और दूसरों के लिये रास्ता आसान कर दिये पुल बना दिये। परमहंस दयालजी ने देखा कि मैं तो साधन करता हूं और ज्ञान में आ गया। तो मैं तो आ गया, अन्य आदमी इतना साधन करे और ज्ञान में आ जाए यह संभव नहीं है। क्यों न मैं भक्ति का मार्ग खोल दूंकि प्रत्येक व्यक्तिइसमें पार हो जाए। भक्ति का मार्ग खोलने के लिये प्रेम का मार्ग खोलने के लिये अभी सिलसिला चला दूं परम्परा चला दूं। यही सोच रहे थे कि किनके द्वारा चला दूं।अब ये प्रेम का रास्ता खोल दिये। जो मुझसे प्रेम करेगा, जो समर्पित हो जाएगा, मेरा हो जाएगा वह भवसागर पार हो जाएगा। अब ये जोड़ते हुए संबंध जोड़ दिये। जैसे बिजली का खंभा कोई गाड़ दे तो जो भी अपना बिजली का तार उसमें जोड़ देगा उसको बिजली मिल जाएगी। ये खोल दिये, वे देखे कि सब मेरी तरह साधन करे। यह संभव नहीं है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**संघ** परिवार के यशस्वी प्रतिनिधियों ने मेरे आवासीय कार्यालय पर पधारकर अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में प्रभु राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर का अभिमंत्रित पवित्र चावल एवं आमंत्रण प्रपत्र सौंपा. सादर आभार।

**- सरयू राय विधायक**

## आपके ट्वीट

**समावेशी** विकास की ओर नए भारत के बढ़ते कदम। पिछले 9 वर्षों में, 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले, जिससे गरीबी के कुल संख्या अनुपात में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**एक** प्रतिभाशाली और स्वप्नदर्शी छात्र रोहित वेमुला को दुनिया छोड़े हुए 8 साल हो गए जाते जाते रोहित वंचितों के संघर्षों का प्रतीक, अनगिनत लोगों की प्रेरणा बन गया।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**

## कार्टून वर्ल्ड




# महंगाई की बात और पेट्रोल-डीजल की अधिक कीमत

**`एनके मुरलीधर**

**वर्तमान** मोदी सरकार गरीबों के लिये सैकड़ों योजना चला रही है लेकिन पेट्रोल डीजल के अधिक मूल्यों का सबसे अधिक प्रभाव भी गरीबों पर ही पड़ा है। परंतु इतिहास और अर्थशास्त्र को लेकर उनकी समझ बल्कि कहें तो आर्थिक इतिहास को लेकर उनकी समझ के बारे में हम कह सकते हैं कि वह कुछ खास नहीं है।

परंतु हमें चार आसान तथ्यों की एकदम अनदेखी नहीं करनी चाहिए। निश्चित तौर पर ऐसा इसलिए कि अर्थशास्त्री जानते हैं कि इस मसले पर ये तथ्य विपक्ष के साथ नहीं हैं। उन्हें पता है कि इस विषय पर सरकार का रुख एकदम सही है।

जिन चार तथ्यों को स्मरण करना आवश्यक है वे इस प्रकार हैं:

पहला, यह एक प्रवृत्ति रही है जिसके तहत हर 10 वर्ष में भारत में पेट्रोल की कीमतें दोगुनी हो ही जाती हैं। आप चाहें तो स्वयं इसकी पड़ताल कर सकते हैं।

दूसरा, बीते 50 वर्ष से अधिक समय में कराधान की दर (पेट्रोल के मामले में उत्पाद शुल्क) 48 फीसदी की नीची और 58 फीसदी की ऊंची दर के बीच ही रही है। इस दर में केंद्र की हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से 40 प्रतिशत के करीब स्थिर बनी रही है।

तीसरा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों ने हमेशा से पेट्रोलियम करों का इस्तेमाल अपना राजस्व बढ़ाने में किया है। इसका कारण यह है कि

## आर्थिकी

इसकी मांग हमेशा बनी रहती है और इसके बिना काम चलना मुश्किल है। निश्चित तौर पर यह व्यवहार सार्वजनिक वित्त के निर्धारक तत्त्वों में से एक है। दुनिया में कुछ ही ऐसे देश हैं जहां पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी भरकम कर नहीं लगाया जाता है। अमेरिका में यह शुल्क अत्यंत कम है और वह कोई उदाहरण नहीं पेश करता। जहां तक चीन की बात है तो चीन जो कुछ करता है वह केवल वही जानता है। चौथी बात, सन 1947 के बाद यह चौथा अवसर है जब पेट्रोल की कीमतें इतनी तेजी से बढ़ी हैं। हर बार प्रतिक्रिया ऐसी ही रही है और जमकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पहला मौका सन 1973 में आया था जब पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक ने प्रति बैरल तेल कीमतें चार गुना कर दी थीं। दूसरा मौका इसके छह वर्ष बाद यानी ईरान की क्रांति के बाद सामने आया। तीसरा अवसर था सन 1990 जब सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर आक्रमण किया। चौथी बार ऐसा मौका तब आया जब सन 2003 में अमेरिका ने इराक पर चढ़ाई की। हर बार जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ तब-तब इसका मुखर विरोध भी देखने को मिला। कीमतें बढ़ने के बाद कुछ महीनों तक खपत में कमी देखने को मिली लेकिन इसके बाद उसमें वापस इजाफा हो गया और खपत तब तक बढ़ती रही जब फिर से इसकी कीमतों में इजाफा नहीं हो गया। रहस्य की बात यही है कि आखिर हम आयात पर कर लगाने के लिए विनिमय दर का इस्तेमाल क्यों नहीं करते। शायद ऐसा कदम राजनीतिक रूप से अलोकप्रिय साबित होगा।

अब हल्ला है कि पेट्रोलियम के दाम 10 रुपये प्रति लीटर कम होने वाले हैं। सरकार को ईश्वर सदबुद्धि दे असली महंगाई की जड़ खत्म हो। मूल बात से परे मुझे यह कह लेने दीजिए कि मैं आज भी इस पक्ष में हूं कि इस पर पुनः कर लगाया जाना चाहिए। बेहतर सार्वजनिक वित्त व्यवहार के लिए ऐसा करना आवश्यक है। किसी भी सामान का परिवहन के इस साधन के महंगे होने से किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित है क्योंकि देश का बचत नकरात्मक हो चला है। निश्चित कर अत्यधिक लगाना गलत है।

# सबके लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य

**मनोज शर्मा**

2022-23 में देश का कुल बिजली उत्पादन करीब नौ फीसदी बढ़ा। कागज पर देश की क्षमता तेजी से बढ़ती मांग के साथ तालमेल में है।

पूरे देश के घरों में बिजली उपलब्ध कराने के लिए मार्च 2025 तक का समय तय कर सकती है। सप्ताह में हर दिन 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य लगभग हासिल हो चुका है क्योंकि शहरी इलाकों में तकरीबन 23.5 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है जबकि ग्रामीण इलाकों में लगभग 22 घंटे बिजली दी जा रही है।

बहरहाल यह समग्र आंकड़ा जितना बताता है उससे अधिक छिपा लेता है। देश के कुछ हिस्सों में साल के अधिकांश समय रोजाना दो घंटे से भी अधिक समय तक बिजली कटौती होती है। इस अंतर को पाटना मुश्किल हो सकता है क्योंकि इसे केवल तकनीकी तरीके से हल नहीं किया जा सकता है। इसके लिए जिन बदलावों की आवश्यकता है उनके लिए नीति निमार्ताओं को अधिक राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना होगा।

यकीनन दिक्कत उत्पादन क्षमता की नहीं है। 2022-23 में देश का कुल बिजली उत्पादन करीब नौ फीसदी बढ़ा। कागज पर देश की क्षमता तेजी से बढ़ती मांग के साथ तालमेल में है। दिक्कत दो स्तरों पर हैः अहम समय पर जिसमें गर्मियां शामिल हैं, बिजली उत्पादन के कुछ प्रकार ग्रिड से बाहर हो

## आर्थिक

जाते हैं और अन्य में कच्चे माल की कमी देखने को मिलती है। इससे पूरे देश में व्यापक कमी की स्थिति बन जाती है।

यह सही है कि उत्पादन पर्याप्त है तथा देश के अधिकांश हिस्सों में वितरण पहुंच चुका है लेकिन वितरण कंपनियां तथा राज्य बिजली बोर्ड दोनों सिरों के बीच मध्यस्थ का काम नहीं कर पा रहे हैं। देश के अधिकांश हिस्सों में जहां अंतिम सिरे तक दिन रात बिजली पहुंचाने के सरकार के लक्ष्य के लिए काम करने की जरूरत है, वह भी कर्ज से जूझ रही अथवा गैर किफायती बिजली वितरण कंपनी के हवाले है।

उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश में बिजली वितरण कंपनियों ने राज्य बिजली नियामक को दी गई जानकारी में गत वर्ष बताया कि उनका कुल घाटा 70,000 करोड़ रुपये है और 2024-25 में वे 11,000-12,000 करोड़ रुपये की अंडर रिकवरी की शिकार हैं। अबाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निवेश और क्षमता की जरूरत है जो मुश्किल से जूझ रही बिजली वितरण कंपनियों के बूते की बात नहीं लगती।

इसमें दो राय नहीं कि सरकार ऐसा ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रही है जो उन्हें ऐसी दिक्कतों से निपटने में मदद करेगा। ऐसा ही एक हल हैं स्मार्ट मीटर। यह भी वितरण क्षेत्र में सुधार की योजना का हिस्सा है। इसके तहत ऐसी व्यवस्था बन सकती है जिससे वितरण कंपनियां भुगतान करने वाले ग्राहकों पर ध्यान दें।

इस बीच बिजली अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन बिजली नियामकों को मौजूदा वितरण कंपनियों के समांतर नई वितरण कंपनियों को लाइसेंस देने के लिए प्रेरित करेगा। उम्मीद है कि वितरण क्षेत्र में अंतिम छोर तक की पहचान और प्रतिस्पर्धा से राजनीतिक अर्थव्यवस्था की दिक्कतों को दूर किया जा सकेगा।

सैद्धांतिक तौर पर यह बात मजबूत नजर आती है, वहीं अगर सरकार मार्च 2025 तक सभी को हर वक्त बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल करना चाहती है तो उसे ऐसे कदम बहुत पहले उठा लेने चाहिए थे।

## लेटर टू एडिटर

### सोचने का वक्त

**चुनाव** होने वाले हैं वहां दल-बदलुओं की मंडी लगी है। जिसे अपनी वर्तमान पार्टी से टिकट नहीं मिलता वह अगला सूरज देखे बिना किसी दूसरी पार्टी में चला जाता है। चुनावों में मतदान से पहले अब जनता सोचे कि जो किसी के वफादार नहीं, जिनका कोई सिद्धांत नहीं, जिनका कोई राजनीतिक आदर्श नहीं उनको वोट देकर हम कितना बड़ा अपराध करते हैं।

**- लक्ष्मीकांत, हजारीबाग**

### जाग्रत विपक्ष

**देश** के लोकतंत्र को जरूरत है एक मजबूत और जाग्रत विपक्ष की। मौजूदा समय में सरकार के खिलाफ विरोध करने वाले की आवाज को अक्सर दबा दिया जाता है, मगर वही बात विपक्ष दल करे तो उसका गहरा प्रभाव पड़ता है। देश को आवश्यकता है सशक्त विपक्ष की जो आम जनता के सही विषयों पर चर्चा करे। इसके लिए जानकार लोगों की जरुरत है।

**- आकाश सिन्हा, रांची**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### झंडोतोलन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**घाघरा।** 26 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में झंडातोलन के समय सारणी को लेकर घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को बैठक की। जिसमें सर्वसम्मति से सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में 26 जनवरी को होने वाले झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित की गयी। जिसमें घाघरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 8 बजे, महात्मा गांधी पुस्तकालय 8:20, पशुपालन कार्यालय घाघरा 8:30, पंचायत सचिवालय 8:40, घाघरा थाना 8:50, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 9 बजे, उवि घाघरा 9:10, लॉर्ड बुद्धा इंटर कॉलेज घाघरा 9:20, शहीद देवनारायण भगत चांदनी चौक 9:30 बजे प्रोजेक्ट उवि घाघरा 9:40 मध्य विद्यालय घाघरा 9:50 टाना भगत इंटर कॉलेज 10:00 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय 10:30 में झंडोत्तोलन होगा। बैठक में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीपीओ पुष्पा टोप्पो, पशुपालन पदधिकारी सीमा एक्का, पूर्व उपप्रमुख कृष्णा लोहरा भी थे।

### पहले सनातन, फिर पार्टी : रमेश कुमार



**गुमला।** कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण को अस्वीकार किये जाने के बाद कयास लग रहे थे कि कांग्रेसियों में रामराज्य के आगमन की खुशी नहीं है। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और पूरे उत्साह के साथ रामोत्सव का हिस्सा बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पहले वे सनातनी हैं। तब किसी राजनीतिक पार्टी का हिस्सा। 21 को गुमला शहर में निकलने वाले धार्मिक शोभायात्रा में अपनी भक्ति और भावना का प्रदर्शन करें। कहा कि ये सौभाग्य है कि राम मंदिर का निर्माण देख रहे है।

### गुमला के कार सेवकों ने राम मंदिर निर्माण में निभायी थी सक्रिय भूमिका



**गुमला।** राम मंदिर आंदोलन में गुमला के सैकड़ों कार सेवकों को भी कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जो राम मंदिर निर्माण के संघर्ष के दौरान कई दिनों तक अयोध्या में रहकर आंदोलन में भाग लिये थे। भगवान राम के प्रति अटूट आस्था जिले के युवाओं को कार सेवक बनने को मजबूर कर दिया था। आज उन कार सेवकों में राम मंदिर निर्माण से उत्साह का संचार है। राम मंदिर आंदोलन में शामिल होने जाने वालों में अशोक त्रिपाठी, महेश ठाकुर, स्व दिलीप साहू, प्रमोद गुप्ता, दिलीप नाग, अनूप चंद्र अधिकारी, मनमोहन गुप्ता, सुधीर नंद सहित जिले के कोरवा और बिरोहर जाति के सैकड़ों आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका निभायी थी। अशोक त्रिपाठी हनुमान की वेशभूषा में राम मंदिर आंदोलन में शामिल हुए थे।

### कृषि रथ देगा योजनाओं की जानकारी




**कैरो।** झारखंड सरकार व जिला कृषि विभाग के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय से बीडीओ पवन कुमार महतो व प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर कृषि रथ को विदा किया। जिसके बाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कृषि रथ से किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार, सहायक तकनीकी पदाधिकारी सुमन तिग्गा, कृषक मित्र फुलमनी उरांव, मृत्युंजय तिवारी, राजनारायण सिंह सहित किसान बंधु थे।

### मदरसा में झामुमो अध्यक्ष ने बांटे कंबल



**भंडरा।** बढ़ती ठंड को देख झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी व 20 सूत्री कमेटी के सदस्य अब्दुल कुदूस ने जुम्मेरात को भंडरा स्थित मदरसे फैजाने गरीब नवाज में अध्ययन कर रहे गरीब बच्चे व असहायों के बीच कंबल बांटा। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि झामुमो की सरकार ने गरीबों असहायों के हित में कई योजनाएं चलायी जा रही है। इसका लाभ उन्हें पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिया गया। इस दौरान मदरसे के मैलाना से अध्यक्ष को मदरसे की समस्या से रूबरू कराया। मौके पर 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य अब्दुल कुदुस, सदर शाहिद अंसारी, सेक्रेट्री मंसूर अंसारी, कमेटी के तैयब खान, खजांची शहिद अंसारी, मदरसा के नाजिम हाफिज अबू सालेह रजा हसमती, मस्जिद के इमाम मुफ्ती जाकिर हुसैन नुमानी, कारी नौशाद साहब, कारी नदीम साहब आदि थे।

### संक्रांति मेला के आय-व्यय को ले बैठक



**कैरो।** लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड के खरता-हनहत दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति पर आयोजित मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा किया गया था। जिसके आय-व्यय का हिसाब को लेकर गुरुवार को पुखली गढ़ा के समीप आयोजक समिति अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मेला के दिन पूजा अर्चना से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर मिली सहयोग राशि व खर्च राशि का हिसाब-किताब किया गया। जिसके उपरांत आयोजक समिति के सभी सदस्यों ने अगली बार और भव्यता के साथ कार्यक्रम करने को लेकर उत्सुक हुए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों, कलाकारों, सभी दुकानदारों, पुजारी व पुरोहितों सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का धन्यवाद दिया।

# आम लोगों से मुखातिब मंत्री बोले- वित्त नहीं राशन मंत्री हूं मैं...

■ शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर समारोह सह मेला का आयोजन

## शहीदों की शहादत के कारण ही हम आज खुली हवा में ले रहे हैं सांस : डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह शहादत दिवस समारोह सह मेला का आयोजन हिरही चौक के समीप मैदान में किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उपभोक्ता ने किया। मंत्री ने कहा कि इस देश के लिए वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने अपनी शहादत दी। उनके कारण ही आज हम सभी खुली हवा में आजादी की सांस ले रहे हैं। ऐसे समारोह व मेला के जरिये हम उन्हें याद करते हैं। आज गरीबों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि ने आम लोगों से कहा कि मैं वित मंत्री नहीं राशन मंत्री हूं। सरकार खाने के लिए राशन, पहनने के लिए धोती/लूंगी व साड़ी और रहने के लिए अबुआ आवास दे रही है। राशन कार्डधारकों को अब चावल के साथ चना दाल भी दिया रहा है। राज्य की 60 फीसदी जनता गरीब है। उन्हें ध्यान में रख राज्य का बजट तैयार किया जा रहा है।

सदर अस्पताल लोहरदगा में किडनी रोगियों की सुविधा के लिए डायलिसिस सेंटर का भी शुभारंभ किया जा चुका है।

**कंबल का वितरण**

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा हिरही चौक स्थित स्मारक स्थल पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, हाजी जब्बारुल, आयोजन समिति से जुड़े गण मान्य व अतिथि उपस्थित थे।




कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री व उपस्थित डीसी-एसपी।

**अब लोहरदगा में भी डाइलिसिस :** अब लोग लोहरदगा जिला में ही अपना डायलिसिस करा पा रहे हैं। सर्वजन पेंशन योजना के जरिये सरकार सभी वर्ग के वृद्धजनों को पेंशन दे रही है। मंत्री ने स्मारक समिति के अध्यक्ष की मांग पर हिरही चौक स्थित स्मारक के पास रात्रि के समय प्रकाश की व्यवस्था करने का निर्देश उपायुक्त को दिया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि देश की आजादी की कीमत शहीदों ने अपने प्राण न्यौछावर कर चुकायी है। हम आज शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह को उनके शहादत दिवस पर याद कर रहे हैं। समारोह सह मेला बहुत ही बढ़िया तरीके से लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि वर्ष 1857 के विद्रोह के बाद यहां पर शासन करने वाली ब्रिटिश सरकार समझ गयी थी।




### गुमला में बह रही आस्था-भक्ति का बयार, राममय हुए लोग

# कलयुग में त्रेतायुग का आभास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सनातन धर्मावलंबियों के पांच सौ वर्षों के समुद्र मंथन के बाद भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या में हो रही है। श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां पूरा विश्व राममय हो गया है। जिसे गुमला जिला भी अछूता नहीं है। राम भक्त हनुमान की जन्मस्थली गुमला जिला भी भगवान राम की आस्था व भक्ति में पूरी तरह डूब चुकी है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के मुख्य मार्गों में भगवाध्वज लहरा रहा है। वहीं भगवान राम के आदम कद कटाउट भी लगाये जा रहे हैं। जगह-जगह अक्षत वितरण व निमंत्रण पत्रक के वितरण से भी लोगों में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उर्जा का संचार हो रहा है। उर्जा भक्ति, प्रेम व भगवान राम के प्रति आस्था की बह रही है। मानो इस कलयुग में त्रेतायुग का अभास लोगों को हो रहा और लोग रामराज्य की कल्पना करने लगे हैं।

■ शहर में चारों ओर लहरा रहा भगवा ध्वज, भगवान राम का लगा कट आउट

■ वनवास के दौरान गुमला आये थे प्रभु राम, हनुमान से हुई थी मुलाकात

■ आंजन धाम समेत शहर के विभिन्न मंदिरों में 22 को भव्य कार्यक्रम

■ 21 जनवरी को गुमला शहर में निकाली जायेगी भव्यशोभा यात्रा



**खास बातें :** हर सनातन धर्मावलंबी के हृदय में भगवान राम धड़क रहे हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला में 21 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह शहर के मुख्य मार्गों में घूमेगी। वहीं 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की तैयारी भी लोग कर चुके हैं। 22 जनवरी को हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ व भजन का भी आयोजन किया गया है। वहीं शहर के महावीर चौक गुमला में सबसे पुराने रामनवमी अखाड़े श्री महावीर मंडल समिति के तत्वाधान में भी महावीर मंडल समिति के प्रांगण स्थित महावीर मंदिर तथा मेन रोड महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर दोनों मंदिरों में 22 जनवरी को सुंदरकांड पाठ, श्री राम स्त्रोत्तम, हनुमान चालीसा, संकटमोचन पाठ, हनुमान व प्रभु श्री राम जी की आरती के साथ साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है। जिसमें सभी राम भक्तों को सादर आमंत्रित भी किया गया है। वहीं कार्यक्रम को लेकर मंदिरों को सजाने, एवं आकर्षक लाइटिंग, भगवा झंडा तथा भगवा पताका आदि लगाया जा रहा है। कहा जाता है कि भगवान राम अपने 14 वर्षों के वनवास के दौरान गुमला की धरती पर भी कदम रखे थे। मान्यता यह है कि पालकोट प्रखंड के पर्वतों में वे सबरी के जुठे बैर खाये थे।

# नवाडीह पंचायत में विधायक निधि से बनेगा सामुदायिक भवन

■ वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत नवाडीह पंचायत में विधायक निधि से निर्माण हेतु सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। किस्को प्रखंड के नवाडीह में विधायक निधि से सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते हुए मंत्री श्री उरांव ने कहा कि विधायक निधि जनता का पैसा है और उनकी आवश्यकता एवं प्राथमिकता के अनुसार विकास कार्य में इसका उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की मांग थी कि सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाये फलस्वरूप आज इसकी नींव रखी गयी जो जनता के लिए उपयोगी साबित होगी। हमारे गठबंधन सरकार भी सभी वर्गों के समुचित विकास के लिए तत्पर है बुनियादी जरूरतों के साथ-साथ सामाजिक जरूर को भी पूरा करने का काम इस सरकार के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, सामूल अंसारी, युनूस अंसारी, नुसरत अंसारी, कुदुस अंसारी, रौनक इकबाल, पंचम राम, सदरुल अंसारी, रविंदर सिंह खेरवार, सत्यदेव भगत, तनवीर गौहर, हाजी सिकंदर अंसारी, सीमा परवीन, मुजामिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, असलम अंसारी, ऐनुल अंसारी आदि थे।



शिलान्यास के मौके पर मंत्री का स्वागत करते लोग।

## अभी लोग धर्म, कर्म की जगह चिंता भय व दुख से घिरे हुए हैं: शांति दीदी

■ प्रजापति ईश्वरीय विश्व विद्यालय में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की बचपन का स्मृति दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला के घाटो बगीचा स्थित शाखा में गुरूवार को संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की बचपन का स्मृति दिवस मनाया गया। मौके पर जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, भाजपा जिला नेत्री शकुंतला उरांव, संचालिका ब्र.कु. शांति दीदी एवं संस्थान के सैकड़ो भाई बहनों ने ब्रह्मा बाबा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण किया। प्रजापिता ब्रह्मा की पुण्य स्मृति दिवस को भारत समेत विश्व भर की समस्त शाखाओं में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इनकी 55वीं पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने कहा कि वर्तमान समय संसार में ऐसी स्थिति है जहां मानव अपने धर्म कर्म मयार्दाओं की जगह भय, चिंता और दुख में जीवन व्यतीत कर रहा है। ऐसे समय में ही भगवान की यादगार महावाक्यों में उल्लेख है, मैं साधारण तन में अवतरित होता हूं।



## हनुमान जी की कृपा हम सब पर हमेशा बनी रहे : नीरू शांति भगत

■ छोटकी चांपी मे हनुमान मंदिर की पहली वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के छोटकी चांपी में हनुमान मंदिर की पहली वर्षगांठ गुरुवार को मनायी गयी। मौके पर विधिवत पूजा एवं प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें आसपास के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में आजसू की केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत शामिल हुई और प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी किया। श्रीमती भगत ने कहा कि कि इस मंदिर निर्माण में मुन्ना अग्रवाल एवं उनके साथियों की बहुत बड़ी सहभागिता है और आज मंदिर की प्रथम वर्षगांठ भी है। भगवान हनुमान जी की कृपा सभी जिले वासियों पर बनी रहे। मौके पर मंदिर के संस्थापक मुन्ना अग्रवाल, आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजय उरांव, छात्र संघ आजसू के अध्यक्ष आयुष मेहता, आकाश मेहता, सोनू राज साहू, विजय कुमार, अवधेश वर्मा, गोलू गोयल बसंत अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, दुबराज वर्मा, सोनू वर्मा आदि भी थे।



### अत्याचार के खिलाफ निकाला न्याय मार्च




**गुमला।** बॉक्साईट खनन मजदूरों के ऊपर हो रहे दमन एवं अत्याचार के खिलाफ झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के दो दिवसीय पैदल न्याय मार्च गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत स्मारक स्थल चिंगरी विशुनपुर से शुरू हुआ। मार्च आरंभ करने से पहले जतरा टाना भगत की प्रतिमा पर पारंपरिक तौर पर पुष्प अर्पित किया गया। यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि माइंस मजदूरों पर हो रहे शोषण, दमन और अत्याचार के खिलाफ हम सरकार और मानवाधिकार संगठनों का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह मार्च कर रहे हैं। जिसका समापन शुक्रवार को जिला मुख्यालय गुमला में उपायुक्त को ज्ञापन दिये जाने के पश्चात किया जायेगा। समापन समारोह में यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष जॉन मिरेन मुंडा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### परीक्षा पर चर्चा : छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक




**गुमला।** परीक्षा पर चर्चा के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की श्रृंखला में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य तनाव को सफलता में बदलना और परीक्षार्थियों को मुस्कुराते हुए परीक्षा देने के लिए सक्षम बनाना है। शिक्षक अभिजीत झा ने कहा कि परीक्षा अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर है। इसे तनाव के रूप में न लें। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से संदेश दिया कि 29 के दिन परीक्षा पे चर्चा का कार्यक्रम है। इसे हम एक उत्सव के रूप में मनायें। नुक्कड़ नाटक में शिवम मेहता, नील मिश्रा, आर्यन राज, राहुल नाग, अतुलिका राज, नंदिनी कुमारी, मनीषा तिर्की, लक्ष्मी कुमारी, नूपुर कुमारी ने विद्यार्थियों को जागृत किया।

### 22 को भंडरा में जलाये जायेंगे 11 हजार दीये

**भंडरा।** प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को प्रखंड के सभी 45 गांवों में हजारों दीये जलाकर भंडारे का आयोजन होगा। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़े संगठनों की ओर से व्यवस्था की जायेगी। गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के आनंद दुबे की अध्यक्षता में स्थानीय ठाकुरबाड़ी में गांव के दजनो रामभक्तो की बैठक की गयी। मौके पर आनंद दुबे ने बताया कि लगभग साढ़े पांच सौ साल बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह दिन सनातन धर्म के लिए एक अद्भुत क्षण होगा। प्रखंड के सभी मंदिरों को हजारों दीयों से जगमग किया जायेगा।


## राम मंदिर आंदोलन के दौरान सही कई यातनाएं: संझिया कोरवा

■ राम मंदिर आंदोलन के लिए जारी प्रखंड से गये थे कई कोरवा जनजाति के सदस्य

■ उनाी तीन धनुष कर लिया था जब्त, जो अबतक नहीं मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** प्रखंड के संझिया कोरवा, रंगु कोरवा, बलिराम कोरवा, लेटन कोरवा, सुखू कोरवा, सघनू कोरवा, लाल कोरवा, रिझू कोरवा, लुंदरा कोरवा, कोंगेट कोरवा, फातड़ा कोरवा, बंधन कोरवा आदि आदिम जनजाति 6 दिसंबर 1992 में राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी तथा काफी यतनाएं भी सही है। आदिम जनजाति संझिया कोरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि हमलोग जारी प्रखंड के आदिम जनजाति 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या जाने के लिए ट्रेन से निकले और गोरखपुर में ट्रेन से उतरे और पुलिस बस बैठाकर आजमगढ़ ले गया।



### बैठक आज

गुमला। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर 19 जनवरी को सुबह 11 बजे जिला जनसंपर्क कार्यालय (सूचना भवन) गुमला के सभा-कक्ष में सामान्य विधि-व्यवस्था से संबंधित शांति समिति की बैठक होगी।

### उल्लासपूर्वक मनेगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**गुमला।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर मंदिरों की साफ सफाई, पूजा अर्चना, भव्य शोभा यात्रा की सफलता व नगर में दीपोत्सव मनाने को लेकर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक मंदिर प्रांगण में हुई।

## सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा से सुखदेव भगत ने की वार्ता

■ राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में आदिवासी समाज का जन भागीदारी हो उसके संबंध में की गयी वार्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा के आवास पहुंचकर उन्हें नववर्ष की बधाई दी एवं आदिवासी समाज के उत्थान के संदर्भ में विचार विमर्श किये। लाखों सरना धर्म के मानने वाले आदिवासियों के अस्मिता की रक्षा के लिए जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड लागू करने के लिए विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा गया है। बावजूद केंद्र सरकार द्वारा इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इस मामले में चर्चा की गयी।



# जिन लोगों का पेंशन स्वीकृत नहीं हुआ है उन्हें यथाशीघ्र जोड़ें : डीसी

■ राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के क्रियान्वयन से संबंधित योजनाओं एवं स्वालंबन पोर्टल के सफल संचालन को लेकर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के क्रियान्वयन से संबंधित योजनाओं एवं स्वालंबन पोर्टल के सफल संचालन हेतु सभी पंचायत सचिव एवं सामाजिक सुरक्षा के कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को नगर भवन गुमला में आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह बिरूवा, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, एवं जिला नियोजन पदाधिकारी व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने आधार बेस्ड पेमेंट की महत्ता के बारे में बताया। उपायुक्त ने सफल संचालन करने हेतु सभी पंचायत सचिव को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्ति को पेंशन स्वीकृति नहीं हुआ है वैसे व्यक्ति को पेंशन से जोड़े। मंच संचालन करते हुए सहायक निर्देशक सामाजिक सुरक्षा ललन कुमार रजक द्वारा पेंशन योजनाओं से किस प्रकार लोगों को जोड़ने, आधार बेस्ड पेमेंट, बैंक अकाउंट रिजेक्शन से संबंधित, आधार सीडिंग, नए लोगों को पेंशन योजना से जोड़ने आदि के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वृद्धा पेंशन के लाभुकों को वृद्ध पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के लाभुक को भी स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपायुक्त व अन्य।

# प्राण प्रतिष्ठा: प्रखंड क्षेत्र के कार्यक्रमों को लेकर समिति ने बनायी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** श्रीराम जन्म भूमि में आगामी 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को थाना परिषर में प्रखंड सह अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अलग अलग गांवों से आये शांति समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन संभव है अलग-अलग गांवों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित हो सकती है, और इसको लेकर मिले दिशा-निर्देश के अनुसार अगर किसी गांव में शोभायात्रा, कलश यात्रा, डीजे इत्यादि का अगर कोई कार्यक्रम निर्धारित किया जा रहा हो तो उनको अनुमंडल कार्यालय से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा, बिना अनुमति के ऐसे बड़े आयोजन करने पर शर्त के अनुसार पावंदी है, इस बात को ध्यान में रखकर पहले आवेदन देकर अनुमति जरूर ले लेंगे। उपस्थित सदस्यों व धर्मप्रेमियों ने अपने अपने गांव में होने वाली आयोजनों को लेकर अपनी अपनी विचार रखा। बैठक में उप प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड सह अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो, थाना प्रभारी शंखनाद उरांव, एसआई सुजीत कुमार, पूर्व उप प्रमुख दिलीप कुमार सिंह, नाजिर आलम खान, विजय सिंह, विनोद सिंह, बलराम साहू, जमील अख्तर, मोजाहिर अंसारी भी थे।



शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग।

# ठंड के प्रकोप से स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी, आम जनजीवन प्रभावित

शाहीद

**डोमचांच (कोडरमा)।** पिछले तीन दिनों से घने कुहासे व सर्द हवाओं के प्रभाव से आम जनजीवन काफी प्रभावित हो गया है। सुबह के समय आसमान से टपकते ओस की बूंदे व घने कुहासे के कारण वाहन चालकों को हेड लाईट जलाकर सफर करना पड़ रहा है। शाम ढलने के साथ कुहासे बढ़ने लगते हैं। सुबह के वक्त भी देर तक कुहासा छाया रहता है। कुहासे के कारण मोटरसाईकिल चालक तथा चार चक्का वाहनों के गति में भी बदलाव देखा जा रहा है। लोग अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलने को विवश हैं। वहीं सर्द हवा के चलने से कनकनी बढ़ गयी है। जिससे लोग सुबह देर से निकलते हैं तथा शाम के समय जल्द घर पहुंचते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर स्कूल में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों को हो रहा है। ठंड की वजह से बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाते हुए हो रही है। स्कूल का समय भी मॉर्निंग में है। इस समय बहुत ज्यादा ठंड रहती है। ठंड रहने के कारण बच्चे सुबह ठीक से उठ भी नहीं पाते हैं। छोटे-छोटे बच्चे सर्दी में सुबह जल्दी स्कूल जाने को विवश हैं। इधर अभिभावकों को भी इस भयंकर ठंड और कोहरा में सुबह जल्दी उठकर बच्चों को स्कूल भेजना अभिभावकों के लिए भी बड़ी मुसीबत बन गई है। बच्चों के लिए सुबह टिफिन बनाकर देना, सुबह इतनी कड़ाके की ठंड में उठकर बच्चों को तैयार करना, स्कूल भेजना, कई सारी समस्याएं अभिभावकों को हो रही है। सर्दी बढ़ने से बच्चों को सुबह स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। ठंड अधिक होने के कारण बीमार होने का भी डर अभिभावकों को सता रहा है। हालांकि 19 और 20 जनवरी को जिला प्रशासन ने कक्षा 1 से 5 तक पठन-पाठन कार्य स्थगित रखने का आदेश सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों को दिया है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या कक्षा 5 से ऊपर कक्षा वाले बच्चों को ठंढ नही लगता? ठंड उम्र देखकर तो लगती नही, तो ऐसे में जिला प्रशासन क्या ऊपर के कक्षा को भी बंद करेगी क्या? वहीं ठंड के प्रकोप से त्रस्त लोगों ने नगर प्रशासन और जिला प्रशासन से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। वहीं कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने भी अत्यधिक ठंड को देखते हुए विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य बंद करने को लेकर उपायुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि विगत कुछ दिनों से जिस तरह से पूरे जिले में ठंड एवं कुहासे का प्रकोप बढ़ा है, वह बच्चों एवं बुजुर्गों की सेहत के लिए ठीक नहीं है। ऐसे में विद्यालय खुला होने से सुबह-सवेरे बच्चों के लिए विद्यालय जाना काफी कष्टदायी साबित हो रहा है। मौसम सामान्य होने तक सभी विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य बंद रखा जाय, ताकि इस जानलेवा ठंड से बच्चों को राहत मिल सके।



## स्पीड न्यूज

### बंदियों का हुआ स्वास्थ्य जांच



**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों का टीम गुरुवार को मण्डल कारा पहुंची और पुलिस की मौजूदगी में चिकित्सकों के द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं सिविल सर्जन ने बताया कि चिकित्सकों की टीम के द्वारा सभी बन्दियों का स्वास्थ्य जांच किया गया, जिसमे सभी स्वस्थ पाए गए। उन्होंने बताया कि 29 और 30 जनवरी को कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहां डॉक्टरों के द्वारा पुनः बंदियों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। मौके पर एसीएमओ सह उपाधीक्षक स.अ. कोडरमा डॉ. रंजीत कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार, नेत्र चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिवाकर कुमार, जेलर अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

### 19-20 जनवरी को कक्षा 1 से 5 तक की पठन-पाठन स्थगित

**कोडरमा।** जिले में भीष्म शीतलहरी के प्रकोप को देखते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने निर्देश जारी कर बताया है कि जिले के सरकारी/गैर सरकारी प्रारम्भिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक की पठन-पाठन/शैक्षणिक कार्य 19 जनवरी से 20 जनवरी 2024 तक स्थगित रहेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त अवधि में सभी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित होकर गैर-शैक्षणिक कार्य/कायालीय कार्य का निष्पादन करेंगे। साथ ही उक्त अवधि में विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बच्चों को पूर्व की भांति मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### कोडरमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**कोडरमा।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना प्रभारी द्वारिका राम की अध्यक्षता में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। वहीं थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर थाना क्षेत्र में सभी लोगों को आपसी भाईचारे का परिचय देना है। साथ ही कहा कि इस दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। वहीं असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखा जाएगा। मौके पर गोपाल कुमार गुतूल, विजय सिंह, राजेश सिंह, सिकंदर कुमार दास, अजय पांडेय, भगवान दास व अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ की बैठक



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो निर्वाचन आयोग ऑपरेटर तरुण कुमार ने गुरुवार को बैठक किया। जिसमें 22 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम पुनर्रक्षण कर लेना है। 25 जनवरी को मतदाता दिवस मानना है। समेत अन्य कई जानकारियां बताई गई। मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित है।

### 812वें सालाना उर्स के मौके पर मुस्लिम बहुल इलाकों में किया गया डेग फातिहा



**मरकच्चो (कोडरमा)।** ख्वाजा गरीब नवाज मोईनुद्दीन चिश्ती दरगाह (अजमेर) में चल रहे 812वें सालाना उर्स के मौके पर हर साल की तरह ईस साल भी प्रखंड के मरकच्चो, शाहगंज, कर्बला नगर, महुवाटांड, महूंगाई, दसारो, दरदाही, नावाडीह, देवीपुर, लोहंडियो आदि मुस्लिम बाहुल इलाकों में सामूहिक रूप से डेग फातिहा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार उर्स के मौके पर अजमेर सरीफ दरगाह में डेग फातिहा बड़े ही धूम धाम से होता है। ईस दौरान जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी के द्वारा डेग फातिहा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित जामा मस्जिद के ईमाम मौलाना जसीम उद्दीन ने लोगों को ख्वाजा गरीब नवाज के आदर्शों का पालन करने व उनके बताये गये रास्ते पर चलने का आह्वान किया। डेग फातिहा के बाद सामूहिक रूप से दुआ मांग कर देश व दुनिया में अमन चैन कायम हो इसकी कामना की गई। मौके पर कारी अमन रजा नूरी, मौलाना फरीदुल कादरी, तोकीर अहमद, अंसार आलम, सोहराब आलम, मकबूल आलम, साकीर अली, हाजी रज्जाक अली, अहमद हुसैन, महताब आलम, इनामूल शेख, महबूब अंसारी, मुख़्तार अली, जुम्मन अली, आजाद शेख समेत कई लोग मौजद थे।

### उपायुक्त की पहल से सेठवा गांव के लोगों को मिल सकेगा शुद्ध पेयजल

**कोडरमा।** गांव सेठवा में पानी की समस्या के समाधान हेतु ग्राम पंचायत के मुखिया, राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम रोजगार सेवक एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के कर्मी द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि वहां के लोगों को पानी की समस्या है। खबर को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि कोठियार पंचायत के सेठवा गांव में बोरवेल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

## बढ़ते ठंड को लेकर विधायक ने उपायुक्त को लिखा पत्र

- विधालयों में पठन पाठन बन्द करने का दिया निर्देश

**कोडरमा।** जिले में लगातार बढ़ रहे ठंड और शीत लहरी को देखते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने उपायुक्त को पत्र लिख कर विधालयों में पठन पाठन बन्द रखने को कहा है। उपायुक्त को लिखे पत्र में विधायक ने कहा है कि विगत कुछ दिनों से जिले में ठंड और कुहासे का प्रकोप बढ़ा है, जो बुजुर्गों और बच्चों की सेहत के लिए उचित नही है, ऐसे में विधालयों के खुला रहने से बच्चों के लिए कष्टदायक साबित हो रहा है। मौसम को देखते हुए सुझाव है कि अगले कुछ दिनों तक अथवा मौसम सामान्य होने तक सभी विद्यालयों में पठन पाठन कार्य बंद रखा जाय, ताकि इस जानलेवा ठंड से बच्चों को राहत मिल सके।

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक सह पूर्व शिक्षामंत्री डॉ. नीरा यादव गुरुवार को कोडरमा प्रखंड के पत्थलडीहा में एक करोड़ 72 लाख 89 हजार की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। वहीं शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण होने से पत्थलडीहा के नागरिकों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से नए सड़कों का निर्माण और पुराने सड़कों का मरम्मती का कार्य किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को आवागमन में कोई बाधा नही हो। उन्होंने कहा कि कड़ी सड़कों के निर्माण की अनुशंसा की गई है, जल्द ही उन्हें स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सड़कों की अहम भूमिका होती है। मौके पर कनीय अभियंता शैलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह, दिनेश सिंह, रविन्द्र यादव, मिथलेश सिंह, काशी पण्डित, भोला प्रसाद सिंह, सदानन्द यादव, महेंद्र यादव, मंटू राणा, वीरेंद्र राणा, सन्नी राणा, सुरेंद्र यादव, उदय सिंह, सुरेश सिंह, मुरली राणा, राजेन्द्र सिंह, रविन्द्र राणा आदि मौजूद थे ।

## पुस्तक मेले को लेकर बढ़ी तिथि, अब 23 व 24 जनवरी को होगा मेले का आयोजन

- उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में लगातार बढ़ रहे ठंढ़ और शीत लहरी को देखते हुए 20 और 21 जनवरी को कोडरमा प्रखंड मैदान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय पुस्तक मेला की तिथि में परिवर्तन किया गया है, अब यह मेला 23 और 24 जनवरी को निर्धारित स्थल पर आयोजित किया जाएगा। पुस्तक मेला को सफल बनाने को लेकर गुरुवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमे मेले को लेकर किये गए तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में शामिल नोडल पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक मेला जिले में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और आमजनों के लिए आयोजित किया जा रहा है, ऐसे में अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि मेले में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नही है, इसमे लगभग दो दर्जन प्रकाशकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम और साहित्य से सम्बंधित पुस्तकें, कहानी, उपन्यास, प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तकें लाया जाएगा, पुस्तक मेले में जिला के सीएम एसओई प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विधालयों आदि के लिए भी पुस्तकों की खरीदारी की जाएगी, इसके अलावे दो दिवसीय पुस्तक मेले में स्कुली बच्चों के द्वारा विभिन्न गतिविधियों, कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेस क्लब के द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को गणतंत्रता दिवस को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अनिता यादव ने किया। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने किया। जहां पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, 20सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान, उपप्रमुख प्रीतम यादव, जिप सदस्य प्रतिनिधि बालेश्वर यादव उपस्थित थे। बैठक में समय शारणी निर्धारित किया गया। प्रखंड कार्यालय में 9:15 बजे सिंगल विंडो में 9:20 पंचायत सचिवालय में 9:30 थाना परिसर में 9:40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:50 गंगा स्मारक विद्यालय में 10:00 बजे कस्तूरबा विद्यालय में 10:15 बजे का समय निर्धारित किया गया है।

### आदिम जनजाति के बीच हुआ आयुष्मान कार्ड वितरण



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गिद्धौर टोला जपुआ में बस रहे आदिम जनजाति परिवारों के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर के प्रभारी डॉक्टर सुमित जायसवाल के द्वारा 13 लोगों को आयुष्मान कार्ड बृहस्पतिवार को दिया गया। प्रभारी के द्वारा आदिम जनजाति के लोगों को इसका लाभ बतलाया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की बीमारी होती है तो किसी भी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के तहत 500000 रुपये तक का निशुल्क इलाज किया जाएगा। मौके पर उपस्थित कामेश्वर साहू बिटीटी सहिया साथी सुचिता कुमारी एवं सहिया उर्मिला देवी के साथ बिरहोर परिवार के लोग उपस्थित थे।

## निरंतर जांच व छापेमारी अभियान चलाया जाएगा: गोपाल दास

- बालू लोड दो ट्रैक्टर जप्त, वाहन चालक पर प्राथमिकी दर्ज

अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चला जांच अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान निदेर्शानुसार अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला खनन विभाग द्वारा जांच अभियान चलाया गया। इसे लेकर जांच अभियान के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने बताया कि बुधवार को मेरे उपस्थिति में पुलिस केंद्र के पुलिस बल के साथ जोरी हंटरगंज थाना अंतर्गत बालू के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाया गया । जांच में छोटकी जोरी से अवैध बालू का खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर एवं जोरी कला से अवैध खनन कर परिवहन करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ा गया है और चालक को गिरफ्तार करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। जोड़ी थाना क्षेत्र के बालू घाट लॉह सिंघाना घाट, भुइयाडीह और मां काली कंस्ट्रक्शन एवं हेमंत सिंह का स्टॉकयार्ड का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाई गई अनियमितता पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है जांच दल में अंचल अधिकारी हंटरगंज भी शामिल थे। इसके पश्चात सिमरिया बगड़ा रोड में भी देर शाम तक जांच अभियान चलाया गया। जिसमे लगभग 20 से 25 वाहन का जांच किया गया। जांच में इन सभी वाहनों का दस्तावेज सही पाया गया। अभी भी जांच अभियान जारी है।आगे उन्होंने कहा किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण बर्दास्त नहीं किया जाएगा। निरंतर जांच व छापेमारी अभियान जारी रहेगी।

### माता सीता ने क्रोधित होकर नदी को पानी विहीन हो जाने का दिया था श्राप

## मोक्षदायिनी फल्गु नदी को पुनर्जीवित करने की कवायद शुरू

- राज्य की एक्सपर्ट टीम ने नदी के उद्गम स्थल का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** मोक्षदायिनी नदी फल्गु (निरंजना) को पुनर्जीवित करने को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत नदी के सुख जाने के कारण और पुनर्जीवित करने के उपाय के साथ-साथ इसके उद्गम स्थल को विकसित करने का खाका तैयार किया जा रहा है। गुरुवार को जीएसआई की टीम प्रखंड के फल्गु नदी उद्गम स्थल पहुंची। टीम में पांच सदस्य शामिल थे। छत्तीसगढ़ से प्रशिक्षक के रूप में मधुसूदन तिवारी, राज्य स्तरीय टीम के तारक नाथ दास सहित अन्य सदस्य शामिल थे। टीम ने उद्गम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय ग्रामीणों और स्थानीय अधिकारियों से उद्गम स्थल के उत्थान पर चर्चा की। टीम के सदस्यों ने बताया कि टीम नदी के बहाव, उसकी भौगोलिक स्थिति और जल की उपलब्धता का अध्ययन कर रही है। इस अध्ययन के बाद कार्य योजना बनाई जाएगी ताकि नदी का पुनरुत्थान हो सके। सरकार इसके लिए गंभीर है और शीघ्र ही इस नदी के पुनरुत्थान का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले फल्गु को प्रदूषण मुक्त को लेकर बुडको द्वारा नाला (सीवरेज) प्राक्कलन तैयार किया गया था। इस नदी में दंडीबाग नाला, मनसरवा नाला, नदारागंज नाला, मलहटोली नाला, पितामहेश्वर नाला, बाटम नाला, सीढ़िया घाट नाला, किरानी घाट नाला, पंचायती अखाड़ा नाला, मोरिया घाट नाला एवं रामशिला नाला गिर रहा था। बताते चलें कि यह वही फल्गु नदी जहां पर माता सीता ने राजा दशरथ को पिंडदान किया था और पिंडदान के बाद माता ने क्रोधित होकर नदी को पानी विहीन हो जाने का श्राप दिया था। इसी लिए इस नदी को अंत सलिला भी कहा जाता है। गौरतलब है कि फल्गु नदी चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के सबानो पंचायत के बेलगड्डा गांव से निकलती है और गया स्थित विष्णुपद मंदिर के समीप जाकर समाप्त हो जाती है। आपको बता दें कि ये वही फल्गु (निरंजना ) नदी जहां गया में पहुंचकर प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में लोग अपने अपने पूर्वजों का पिंडदान करते हैं। इस मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी अनुजा राणा, ऋतुराज भूमि संरक्षन पदाधिकारी अशोक सम्राट, बीपीओ राजेश पासवान मुखिया नरेश साव सहित जिला और प्रखंड के अधिकारी, कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### डीसी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चतरा।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी, 2024 तक चतरा जिला में एक माह तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखण्डों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही पूरे माह भर संचालित जागरूकता अभियान के दौरान जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा सड़कों पर चलने वाले वाहन चालक व आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर जागरूक करने पर विशेष फोकस किया जायेगा। परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, विभिन सरकारी व गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा एवं होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

### चतरा जिले में विधि व्यवस्था के साथ खिलवाड करना अब उपद्रवियों के उपर पड़ेगा भारी



**चतरा।** जिले में विधि व्यवस्था के साथ खिलवाड करना, कानून को हाथ मे लेना, अपुष्ट एवं भ्रामक खबर फैलानेवालों को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सख्त हैं। जिले में किसी भी प्रकार की अपुष्ट एवं भ्रामक खबर, विधि व्यवस्था के साथ खिलवाड़, कानून को हाथ में लेंगे तो जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया प्लेट फार्म यथा ट्विटर, फेसबुक, यूट्युब आदि चैनलों पर यदि किसी भी प्रकार की अपुष्ट एवं भ्रामक खबर फैलाई जाती है तो उसपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने जिले के सभी बुद्धिजीवी वर्ग से अपील करते हुए कहा कि विधि व्यवस्था संधारण एवं कानून व्यवस्था का पालन कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। अगर किसी भी उपद्रवियों द्वारा कानून व्यवस्था व विधि व्यवस्था को विगाड़ने की तैयारी की जा रही है तो इसकी जानकारी अविलम्ब जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को दे। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन उपद्रवियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुरी तरह से तैयार है।

### डॉ. नीरा ने कोडरमा हनुमान मंदिर स्थित श्रीराम दरबार परिसर का किया साफ-सफाई



**कोडरमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभी लगातार उनके कार्यकर्ता और नेतागण पावन अयोध्या धाम में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त देशभर में देवालयों, मठों, मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर साफ–सफाई अभियान चला रहे हैं। उसी के निमित्त गुरुवार को विधायक डॉ. नीरा यादव ने कोडरमा नगर के हनुमान मंदिर स्थित श्री राम मंदिर में साफ सफाई में योगदान दिया। उन्होंने गुरूवार की सुबह स्वयं श्री राम मन्दिर परिसर एवं शिवालय परिसर का साफ–सफाई किया। दीवार एवं दरवाजे को अपने हाथों से साफ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इश्वर की भक्ति अंतरात्मा से होनी चाहिए तभी मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होंने इश्वर से सभी की खुशहाली और आरोग्य की कामना किया। मौके पर रंजीत पांडे, संजीव यादव, प्रवीण पाण्डेय, राजेश सिंह, दीपनारायण सिंह, रवींद्र यादव, भावानंद सिंह, राजू सिंह, चन्दन सिंह आदि उपस्थित थे।

### जूही दासगुप्ता बनी कोडरमा रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं भारत विकास परिषद की महिला एवं बाल विकास प्रकल्प की प्रांतीय संयोजिका जूही दासगुप्ता को कोडरमा रेलवे स्टेशन रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस पर भाजपा जिला कमेटी एवं कार्यकताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये आशा किया है कि वह रेलवे की समस्या को बैठक में रखने का काम करेंगी। बधाई देने वालों में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिलाध्यक्ष नितेश चन्द्रवंशी, जिला महामंत्री अनुप जोशी, राजकुमार यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, रवि मोदी, रामचन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, आकाश वर्मा, रमेश हर्षधर, डॉ. नरेश पंडित, रोहित जयसवाल, रीता लोहानी, रेखा भदानी, पुष्पा वर्मा, शंकर सिन्हा, कैलाश राणा, रामप्रवेश पांडे, प्रो. विरेन्द्र सिंह, अरूण ओझा, छोटेलाल पाण्डेय, अजय अग्रवाल आदि ने बधाई दी है।

### सेवानिवृत शिक्षकों का मूल सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने का डीईओ ने दिया निर्देश

**कोडरमा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार ने प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति को लेकर कई विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों को दो दिनों के अन्दर सेवानिवृत शिक्षकों का मूल सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने का निदेश दिया है। जिन सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने की बात कही गई है उनमें जगदीश पाण्डेय (सेवानिवृत शिक्षक) सी.डी. बालिका उच्च विद्यालय द्यालय झुमरीतिलैया, यंशवत सिंह (सेवानिवृत शिक्षक) गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, उमा वर्मा (सेवानिवृत शिक्षिका) सीएच $2 उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, स्व. रामेश्वर पाण्डेय (सेवानिवृत शिक्षक) राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय परसाबाद, भैरव महतो (सेवानिवृत शिक्षक) राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय परसाबाद, बद्री सिंह (सेवानिवृत शिक्षक) सीडी बालिका उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, निताईचरण मुखोपाध्याय (सेवानिवृत शिक्षक) सीएच +2 उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया, के नाम शामिल हैं। वहीं डीईओ ने कहा है कि प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति हेतु मूल सेवा पुस्तिका की आवश्यकता है। स्क्रीनिंग समिति द्वारा जांच के क्रम में उक्त सेवानिवृत शिक्षकों का मूल सेवा पुस्तिका कार्यालय में उपलब्ध नही पाया गया।

## स्पीड न्यूज

### वनपाल ने क्षेत्र भ्रमण कर पेड़ नहीं काटने की दी सलाह

**धुरकी।** धुरकी वन क्षेत्र वनपाल प्रमोद कुमार यादव ने गुरुवार को प्रखंड के सुदरवर्ती गांव में भ्रमण कर लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि कभी भी जंगलों में अकेले न जाए। आप साथ में जाएं। उन्होंने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए यह भी बताया कि किसी भी पेड़ पौधों को नुकसान ना पहुचाएं। अगर लकड़ी लाना है तो सुखा लकड़ी ला सकते हैं क्योंकि वृक्ष काटने से वातावरण तो असंतुलित होता ही है मनुष्य पर भी खतरा बन जाता है। वनपाल ने यह भी बताया कि वन में कहीं भी आग जला कर ना छोड और ना ही किसी प्रकार वृक्ष को ना काटे।

### हिंडाल्को ने चकला में 3 रैयतों को दिया घर


घर देते हिंडाल्को।

**चंदवा।** कोल माइंस एरिया में आने के कारण तोड़े गए तीन रैयतों को हिंडाल्को चकला कोल माइंस के द्वारा बुधवार को नया घर बनाकर आवंटित किया। उक्त मकान चकला स्थित आर एन आर कॉलोनी में स्थित है। जिन तीन लोगों को घर आवंटित किया गया है उनमें विस्थापित परिवार के राजा देवी, बलकही देवी व जयमंती देवी शामिल हैं। घर आवंटित के मौके पर चकला पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का, माइंस हेड दीपक लेंका, एचआर हेड प्रकाश कुमार, लैंड मैनेजर पंकज सिंह के अलावा हिंडाल्को कर्मी कुमार गौरव, अमित गोस्वामी एवं सदानंद सिंह उपस्थित थे, अधिकारियों ने रैयतों को आश्वासन दिया कि कंपनी विस्थापितों के साथ हर समय खड़ी है।

### झंडोत्तोलन को लेकर बैठक आज

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन समय सारणी निर्धारित करने को लेकर शुक्रवार को बैठक रखीं गई है। जानकारी देते हुए बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताई की गणतंत्र दिवस के अवर पर आन बान शान व हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया जाएगा। जिसके लिए शुक्रवार को सभी राजनीतीक दल, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रखंड कर्मी के अलावा कई गणमान्य लोगों के साथ बैठक रखा गया है। उनहोंने सभी को ससमय बैठक में पहुचने का अपील किया है।

### नव मतदान को लेकर अभियान



**बारियातू।** मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी के नेतृत्व में 24 जनवरी को लातेहार स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय परिसर में होने वाले नव मतदाता सम्मेलन को लेकर प्रखंड के भाटचतरा, जबरा, मकरा, टोटी, शिबला सहित कई गांव, टोला का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान जानकारी देते हुए युवा मंडल अध्यक्ष केसरी ने बताया की 24 जनवरी को भाजपा पार्टी द्वारा नव मतदाता सम्मेलन भाग्य विधाता का आयोजन बनवारी साहू कॉलेज लातेहार में किया जाना है। जिसमें नए मतदाता जो पहली बार वोट देने वाले हैं। उनसे आग्रह किया गया है की पहली बार अपना मतदान किन्हे करें जिससे हमारा प्रखंड और राज्य का विकास हो। आगे उन्होंने उक्त कार्यक्रम में सभी नए मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में बनवारी साहू कॉलेज लातेहार में पहुंचने का अपील किया है। मौके पर प्रखंड कोषाध्यक्ष कपिल देव उरांव, रमेश, सुरेंद्र यादव, सहित नए युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खतियान संघर्ष समिति की बैठक



**बारियातू।** प्रखंड स्थित फूलसु पंचायत भवन के समीप प्रखंड स्तरीय झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक संजय दास की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि लातेहार जिला प्रभारी पपु यादव प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप भोगता ने उपस्थित कार्यकत्ताओं के साथ प्रखंड कमिटी मजबूत करने को लेकर चर्चा किया साथ ही डोर टू डोर जेबीकेएसएस के सिद्धांत व नीति के बारे में जन जन तक पहुँचाने का सहमति बनाया गया। मौके पर फूलसु पंचायत अध्यक्ष रामसाहय भोगता, सालवे पंचायत अध्यक्ष दिलीप भोगता, लातेहार बिधानसभा प्रत्यासी संजय दास,दीपका भोगता देवसहाय गंझु, परमजीत भोगता, राजेश राम, हृदयाल उरांव, सकेंद्र उरांव सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्तिथि थे।

### पेड़ गिरने से देवी मंडप क्षतिग्रस्त



**चंदवा।** प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत हरैया दुर्गा बाड़ी स्थित एक विशालकाय सूखे पेड़ में गुरुवार को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने आग लगा दिया। आग धीरे-धीरे पूरे पेड़ को अपने चपेट में ले लिया, जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी व दुर्गा मंडप की ओर गिरने के आशंका के बीच आग को बढ़ता देख आसपास के लोगों ने अपने स्तर से जेसीबी मंगवा कर आग लगे पेड़ को खाली मैदान की ओर गिराने का प्रयास किया। इसी बीच पेड़ मंडप के छज्जे व बाउंड्री पर गिर गयी। जिससे छज्जा व बाउंड्री क्षतिग्रस्त हो गया।

---

जीवन बहुत मूल्यवान है, सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम तथा यातायात नियमों का अनुपालन करते हुये वाहन चलायें : विधायक

# बैद्यनाथ राम ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा सप्ताह 2024 के तहत समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम ने कहा कि जीवन बहुत मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी पूर्वक तथा यातायात नियमों का अनुपालन करते हुये वाहन चलायें। दोपहिया वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करें। कार चलाने के समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु पदाधिकारियों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की शपथ दिलाया। विधायक लातेहार ने सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ रवाना किया। जागरूकता रथ जिले के द्वारा सभी प्रखंडों में जाकर सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए लोगों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों के बारे जानकारी प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, झामुमों जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बिस सुत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, बिसुत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक व अन्य।

---

सरकार की शिक्षा नीति के मजबूत दावों को खोखला साबित कर रहा है यह विद्यालय

## शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल : बरवाडीह के स्कूल में दो कमरों में लगती है आठ क्लास

- विडंबना : भवन के अभाव का दंश झेल रहा है उत्कर्मित मध्य विद्यालय बरखेता
- बरसात और गर्मी के दिनों में स्थिति हो जाती है बदतर, बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है बुरा प्रभाव


उत्कर्मित मध्य विद्यालय बरखेता।

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में कई सरकारी विद्यालयों की स्थिति खराब है, जो सरकार की शिक्षा नीति के मजबूत दावे को खोखला साबित करने के लिए काफी है। बता दें कि बरवाडीह प्रखण्ड के लात पंचायत स्थित उत्कर्मित मध्य विद्यालय बरखेता, वर्षों से भवन व शिक्षकों के अभाव का दंश झेल रहा है। भवन की कमी के कारण यहां सिर्फ दो छोटे-छोटे कमरों में ही एक से आठ तक कक्षाएं संचालित की जाती है। अधिकांक्ष बच्चों को विद्यालय परिसर में बैठाकर पढ़ाया जाता है। वर्तमान में विद्यालय में कुल 153 बच्चें है। भवन नहीं होने के कारण शिक्षक कई बच्चों का दाखिला नहीं ले पाते। वहीं विभाग द्वारा इस विद्यालय में मात्र तीन शिक्षक ही प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जिस कारण बच्चों को कई विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती हैं। भवन और विषयवार शिक्षकों के अभाव में बच्चों की पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

**कभी भी धराशाई हो सकती है रसोईघर**

बता दें कि विद्यालय का एक भवन पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो गया है। वहीं रसोईघर की हालत पूरी तरह खस्ताहाल है। जिसकी छत टूट टूटकर गिर रही है। जिसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह कभी भी ध्वस्त हो सकती है। विडंबना है कि बावजूद इसके रसोइया दीदी अपनी जान जोखिम में डालकर इस जर्जर भवन में ही मध्यान भोजन पकाने का काम करती है। यहां भवन और शिक्षकों का अभाव देखकर यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि यहां की स्थिति सरकारी दावे को आईना दिखाने के लिए काफी है।

**अधिकारियों को दी गई है जानकारी : विवेकानंद पाण्डेय**

इस संबंध में जब खबर मंत्र ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक विवेकानंद पाण्डेय से पूछताछ की तो उन्होंने कहा कि विद्यालय में भवन, रसोईघर व चारदीवारी बहुत आवश्यक है। इसके बिना विद्यालय चलाना काफी मुश्किल कार्य है। बरसात और गर्मी के दिनों में तो स्थिति एकदम से बदतर हो जाती है। बताया कि इस संबंध में विभाग और पंचायत की मुखिया ईश्वरी देवी को लिखा गया है।

### सेविका के रूप में सपना का चयन


सेविका को प्रमाण पत्र प्रदान करते प्रभारी सीडीपीओ व अन्य।

**सगमा।** प्रखंड के कटहर खुर्द में ग्राम सभा आयोजन कर मेधा अंक के आधार पर सपना कुमारी को सेविका के रूप में चयन किया गया। प्रखण्ड स्थित कटहर खुर्द गांव में बाल विकास परियोजना धुरकी के द्वारा बीडीओ सत्यम कुमार की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए ग्राम सभा आयोजित किया गया था। जिसमे अन्य प्रतिभागियों में द्वारा आवेदन प्राप्त था। इसे देखते हुए मेधा अंक के साथ निवास प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र के आधार पर आदिवासी महिला सपना कुमारी पति हीरालाल उरांव को चयनित किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रभारी सीडीपीओ जुल्फिकार अंसारी, बीडीओ सत्यम कुमार, बाल विकास पर्यवेक्षिका अंजना कुमारी ने संयुक्त रूप से चयन प्रमाण पत्र सपना कुमारी को प्रदान किया। मौके पर मुखिया तेज लाल भुइयां आदि लोग उपस्थित थे।

## भगत सिंह के आवास पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत, वॉल पेंटिंग कार्यक्रम की शुरूआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपाई।

**गढ़वा।** भाजपा नेता भगत सिंह साहु के गढ़वा स्थित आवास पर गुरूवार को स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेष उपाध्यक्ष जवाहर पासवान को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेष उपाध्यक्ष श्री पासवान, भगत सिंह साहु एवं अन्य प्रबुद्ध जनों व कार्यकताओं ने केंद्र द्वारा चलाये जा रहे वॉल पेंटिंग कार्यक्रम की सामुहिक रूप से शुरूआत किया। मौके पर प्रदेष उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बगैर भेदभाव के सभी कार्यकताओं को उचित मान सम्मान देती है। यहां छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी पार्टी में उपर तक जाने का मौका मिलता है। भगत सिंह साहु ने श्री पासवान को प्रदेष उपाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रदेष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जवाहर पासवान को प्रदेष उपाध्यक्ष बनाये जाने से गढ़वा जिले के सभी कार्यकताओं में काफी उत्साह है। उनके नेतृत्व में पार्टी का कार्य और बेहतर होगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रदीप गुप्ता, राजकुमार सोनी, प्रदीप सोनी, दिलीप सोनी, अमित तिवारी, चंद्रमणि धर दूबे, प्रमोद गुप्ता, संजय दूबे, अषोक मेहता, विनय कुमार मेहता, राजेंद्र चंद्रवंषी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मनोज सिंह को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष, बांटी मिठाई


एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते भाजपाई।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कमेटी का विस्तार करते हुए मनोज सिंह को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष देखा गया। सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और मण्डल उपाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने बस स्टेंड स्थित महावीर चौक पर लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष और मनोज सिंह को बधाई दी है। इस अवसर पर उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, वरिष्ट नेता शिबू प्रसाद, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह, अली हसन अंसारी और लक्ष्मण भीम प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता और अन्य लोग शामिल थे।

## सूर्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मंचासीन विधायक व अन्य।

**खरौंधी।** जिले के खरौंधी प्रखंड के करीवाडीह गांव में पंडा नदी के किनारे भव्य एवं दिव्य सूर्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। 15 जनवरी से 17 जनवरी तक चले इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कलश शोभा यात्रा के बाद, मंडप पूजन, देवी पूजन, मंदिर के समस्त शिखर कलश का पूजन किया गया। इसके बाद विधि विधान से भगवान ने सूर्य और अन्य देवी देवताओं का जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास और फलाधिवास कराया गया। इसके बाद भगवान सूर्य को शयन कराया गया। जिसके तहत शयनाधिवास विक्रम कराया गया और आज अंतिम दिन समारोह में शामिल पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक भानु प्रताप शाही सहित अन्य गणमान्य लोगों के बीच वाराणसी के कर्मकांड के विद्वान आचार्य सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में अन्य विद्वान पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूरे विधि विधान के साथ वैदिक पूजन किया गया। भगवान सूर्य को शयन से जगा कर गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा पूजन कर भगवान सूर्य का प्राण प्रतिष्ठापन हुआ। मौके पर सांसद ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग धन्य है जो विपिन बिहारी सिंह और विजय सिंह के नेतृत्व में इस प्रकार कलयुग के साक्षात देव सूर्य भगवान की मंदिर का निर्माण किए हैं। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि इस दिव्य सूर्य मंदिर का ख्याति देश-दुनिया में होगा। आने वाले समय में जिला, राज्य ही नहीं देश-विदेश से श्रद्धालु यहां छठ व्रत करने आएंगे। ऐसे में यहां पर छठ घाट बनाया जाएगा। दिल्ली के पूर्व मेयर सह मंदिर के संरक्षक विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि इतने दिव्य इस सूर्य मंदिर का निर्माण और आज संपन्न भव्य प्राण प्रतिष्ठा सभी लोगों के सहयोग से संभव हो सका है। आने वाले समय में दूर-दूर से लोग यहां छठ व्रत करने आएंगे। मौके पर भोजपुरी लोक गायिका हेमा पांडेय, शिवधारी राम, संजय यादव, शारदा महेश प्रताप देव, उमेंद्र यादव, बसंत यादव, मुक्तेश्वर पांडेय, राजेश रजक, मनसा देवी, विकास सिंह, राजा सिंह, विनोद सिंह, अरुण सिंह, अमरिंदर सिंह, आशुतोष शरण सिंह, शर्मा यादव, कृष्ण सिंह आदि उपस्थित थे।

# जेजेएमपी ने बम लगाकर घर उड़ाने का किया प्रयास और जान से मारने का दी धमकी

- बम व पोस्टरबाजी से गांव मे बना दहशत का माहौल



घर में लगाया गया बम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में बुधवार की मध्य रात्रि करीब बारह से एक बजे के बीच दिनेश सिंह के घर जेजेएमी के उग्रवादियों के द्वारा घर में बम लगाकर उड़ाने का प्रयास किया। इस मामले में दिनेश सिंह ने बताया कि मै घर पर सोया हुआ था और अचानक से बारह बजे की रात्री में मेरे कार के पास छोटा सा ब्लास्ट हुआ। तो मुझे लगा कि मैने टाटा मैजिक गाड़ी का टायर चेंज करवाया है, लगता है टायर कमजोर है वही उड़ गया होगा, यही बात को लेकर दिनेश ने अपनी पत्नी को देखने भेजा तो पत्नी ने देखा की मोटरसाइकिल के बगल में सुतरी और एक हाथ की लंबा सा कुछ है जसके बाद पत्नी ने पति को जानकारी दिया फिर पति ने देखा तो बताया ये तो बम है उसके बाद तुरंत अगल बगल को फोन किया। गाँव वाले लोग जुट गए और थाना को सूचना दी गई। थाना प्रभारी तत्परता के साथ दलबल के साथ आए और देखा की जेजेएमपी सबजोनल कमांडर लोलेस जी के नाम से पोस्टर चिपका हुआ है और दिनेश सिंह उर्फ दीना सिंह के घर पर बम लगाकर उड़ाने का प्रयास भी किया गया है। वहीं घर के बाहर दीवार मे पोस्टर भी चिपकाया गया। जिसमें लिखा हुवा है कि दिनेश सिंह को चौक या बाजार में पन्द्रह दिन के अंदर या मेला के अंदर गोली मारने की धमकी दिया गया और पत्नी व बच्चे की उठाने की भी धमकी दिया और पोस्टर में लिखा है कि तुमको मारने के लिए मेरा आदमी ही काफी हैं। पोस्टरबाजी के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ हैं। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बम व तार को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी हैं। इस मामले में भुक्तभोगी दिनेश सिंह ने कहा कि मुझे डर है कि कभी भी मेरी हत्या हो सकता है।

---

## एक नजर में

### झारखंड कबड्डी टीम के लिए लिलवंती कुमारी का हुआ चयन


लिलवंती देवी।

**गारू।** 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2023-24 हेतु झारखंड कबड्डी टीम के लिए उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय गारु, जिला लातेहार की 11वीं कक्षा की छात्रा लिलवंती कुमारी का चयन गौरव का विषय है। जिससे पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। लातेहार जिला अंतर्गत गारू प्रखंड से एकमात्र लिलवंती कुमारी का चयन गारू प्रखंड के लिए गौरव की बात है। लिलवंती कुमारी गारू प्रखंड के धांगरटोला पंचायत के लुहुरटांड़ गांव के निर्मल उरांव की पुत्री है, जो एक बेहद गरीब परिवार से आती है। लिलवंती कुमारी बचपन से ही खेल कूद के प्रति गहरी रुचि रखती है। जिसके फलस्वरूप प्रतिवर्ष प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान लाकर अपनी खूबी का लोहा मनवा चुकी है। इस वर्ष हुए खेलो झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के कारण उसे यह मुकाम हासिल हुआ है, जिससे वह काफी खुश है। दिनांक 24 जनवरी 2024 से 27 जनवरी 2024 तक मांड्या, कर्नाटक में होने वाली 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता कबड्डी अंडर-19 बालिका हेतु चयन के उपरांत अल्बर्ट एक्का खो खो स्टेडियम खेलगांव रांची में प्रतियोगिता के पूर्व प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही है।उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय द्वारा दी गई।

### प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत परिजन को दी गई दो लाख की बीमा राशि


राशि देते अधिकारी।


**बालूमाथ।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमा धारक मृतक मोबिन अंसारी ग्राम बारा मारंगलोईया थाना बालूमाथ के परिजन को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक जयन्त कुमार के द्वारा गुरुवार को दो लाख रुपये का चेक दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक जयंत कुमार ने बताया की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत जिन लोगों के द्वारा बीमा करवाया जाता है। अगर दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो जाती है तो मृतक के परिजनों को दो लाख बीमा की राशि दिया जाता है । यह सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है। महज 20 सालाना देकर लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए लोग किसी भी बैंक में जाकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं ।इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आपके खाते से ऑटो डेबिट मोड के जरिए हर साल राशि खुद ब खुद कट जाएगी । मौके पर बैंक कर्मी सुजीत कुमार सोनी कुमारी लालू कुमार विवेक कुमार सुमित कई लोग उपस्थित थे।

### ओबीसी एकता व अधिकार मंच ने किया जागरूकता रथ रवाना


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**गढ़वा।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार मंच के तत्वावधान में गुरुवार को गढ़वा टाउन हॉल परिसर से जागरूकता अभियान के दो रथ को रवाना किया गया। पिछड़ों की आबादी है, आबाद रहेगा। सत्ता, संपत्ति पर अधिकार रहेगा। नारे के साथ मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, रामदास साहू, युगल पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, अजय वर्मा, विनोद कुमार, कंचन केषरी, डॉ इश्तियाक राजा, रविंद्र ठाकुर, अब्दुल मन्नान, शिवकुमार विश्वकर्मा, शंकर प्रताप विश्वकर्मा आदि ने जननायक कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर एवं पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज में जन्मे अन्य महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर व हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया।

### विद्युत चोरी के खिलाफ चला छापामारी अभियान


विद्युत स्टेशन।

**धुरकी।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड सह विद्युत विभाग ने धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदिरी पंचायत में बुधवार को विद्युत उर्जा चोरी की रोकथाम के लिए छापामारी अभियान चलाकर 11 लोगों पर विभागीय जुमार्ने के साथ कार्रवाई की है। वही कनीय अभियंता ने गुरुवार को धुरकी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध में विद्युत आपूर्ति के कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद ने बताया कि विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर और पूर्ण रूप से विद्युत उर्जा चोरी की रोकथाम के लिए विभागीय छापामारी किया जा रहा है। वही विद्युत आपूर्ति प्रशाखा धुरकी के अंतर्गत टाटीदीरी पंचायत में विद्युत विभाग की एक टीम बनाकर छापामारी किया गया है। कनीय अभियंता ने बताया कि छापामारी अभियान में टाटीदीरी गांव के शिवकुमार राम, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, सरजू राम, मुंद्रिका राम, विदेशी राम, सुरेश राम पर 4536 रुपए का विभागीय जुमार्ना के साथ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं चंद्रिका राम, राजेश्वर प्रसाद पर 8322 रुपए तथा नीलकंठ मिश्रा, रॉबिंस कुमार गुप्ता पर 9360 रुपए का विभागीय जुमार्ना के साथ उपरोक्त सभी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कनीय अभियंता ने कराया है। छापामारी अभियान में सहायक अभियंता दीपक कुमार, अमल राय, सद्दाम हुसैन, सहित मानव दिवस कर्मी शामिल थे।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट में चार घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित रहमत नगर में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में पति-पत्नी समेत दो बच्चे घायल हो गए। घायलो में मो०गफार पिता उदीन मियाँ, गुलजारी खातून, अंजुम प्रवीण, आसिया प्रवीण शामिल है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए गफ्फार मियां ने बताया की उनका भूमि विवाद उनके गोतिया सहबान मियां व रहमान मियां के साथ चल रहा है। सहबान मियां उनके जमीन पर जबरन चारदीवारी निर्माण करना चाहता है। जिसको लेकर उन्होंने बालूमाथ अंचल में आवेदन भी दिया है। बालूमाथ अंचलाधिकारी द्वारा उक्त जमीन पर तनाव को देखते हुए निर्माण कर पर रोक लगाने का निर्देश बालूमाथ थाना को दिया गया है।

# दो कोयला कारोबारियों के 50 ठिकानों पर आयकर का छापा

## तीन करोड़ बरामदगी के मिले हैं संकेत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** दो कोयला कारोबारी अनिल गोयल और दीपक पोद्दार के 50 से अधिक ठिकानों पर आयकर की चल रही छापेमारी से धनबाद में अभी हाल फिलहाल में हुए कोयले के अवैध धंधे के भी सबूत मिल सकते हैं। ऐसा धनबाद के कोयला कारोबार से जुडे सूत्र बता रहे हैं। वैसे अब तक अधिकृत जानकारी के अनुसार छापेमारी में नगद 3 करोड़ बरामद हुए हैं। लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि बड़ी मात्रा में नगद राशि बरामद हो सकती है,ज्वेलरी और बैंक खाता एवं लॉकर भी मिले हैं। इन सब की जांच एवं मूल्यांकन के बाद ही सब कुछ साफ हो पाएगा। जमीन में निवेश के कागजात भी मिले हैं।

कारोबारी के कई साझेदार और कर्मचारियों के ठिकानों पर भी कार्रवाई चल रही है। कई हार्ड कोक उद्योग में भी छापेमारी की गई है. सूत्र बताते हैं कि अनिल गोयल, दीपक पोद्दार के अलावे सुरेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, साबिर आलम, पिंटू अग्रवाल, अनिल खेमका ,राणा रणजीत सिंह आदि के ठिकाने को अभी खंगाला जा रहा है। सभी लोग कोयला कारोबार से जुड़े बताएं जा रहे हैं। कारोबारी दर्जन भर से अधिक हार्ड कोक भट्ठा चल रहे हैं। कई भट्ठा साझेदारी में है। इनसे जुड़े कई साझेदार भुमिगत हो गए हैं । देश रक्षक विचार मंच ने प्रशासन से मांग किया है की जिले के विभिन्न थानों में नामजद प्राथमिकी दर्ज कोयला तस्करो के घर भी जांच हो और उनकी गिरफ्तारी हो।

## कृषि लोन में धोखाधड़ी के आरोपी को लगा जुर्माना, सजा

**दुमका।** कृषि लोन को लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए एक को सजा एवं जुमार्ना किया है। सजा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव ने सुनाया है। न्यायालय ने जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के बड़ी रणबहियार गांव निवासी राधेश्याम मंडल है। न्यायालय ने अभियुक्त को भादवी की धारा 420 में दोषी करार देते हुए 6 माह की सजा एवं 50 हजार का मुआवजा पीड़ित को देने का फैसला सुनाया। मुआवजा की राशि नहीं देने पर 15 दिन अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में चार गवाहों की गवाही गुजरी ।मामले में सरकार का पक्ष एपीपी खुशुबद्दीन अली रख रहे थे। मामले को लेकर एपीपी खुशुबद्दीन अली ने बताया कि एक अप्रैल 2014 का है। मामला दर्ज तत्कालीन बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिन्हा ने पीड़िता के लिखित शिकायत पर कराया था। जिले के रामगढ प्रखंड के बड़ी रणबहियार पंचायत के इटबंधा गांव निवासी बीणा देवीए पति पांचू ततवा के लिखित आवेदन पर बीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज कराया था। पीड़िता ने बीडीओ को दिए आवेदन में बतायी कि वर्ष 2007 में कृषि लोन को लेकर आरोपी राधेश्याम मंडल ने सभी कागजात पर अंगूठे का निशान लिया। बाद में लोन नहीं पास होने की बात कह टाल दिया। पुनः वर्ष 2013 में कृषि लोन को लेकर आवेदन कृषि मित्र के सहयोग से भरा। तब जाकर बैंक से पूर्व में ही कृषि लोन 18ए500 रुपये की निकासी और बैंक से नोटिस जारी होने का पता चला। मामले की छानबीन करने पर पता चला कि आरोपी राधेश्याम मंडल एसबीआई बैंकए रामगढ में बिचौलिया का काम करता था। वह बैंक कर्मी की मदद से अवैध रूप से लोन की राशि की निकासी कर ली। बैंक से उसके खाते में 25 हजार रुपये का लोन है ।मामले में बीडीओ ने तत्परता से जांच कर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत किया।

## मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण

**चिरकुंडा।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तत्वाधान में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 39 निरसा विधानसभा क्षेत्र सह एग्यारकुंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार गुरुवार को चिरकुंडा नगर परिषद के विभिन्न मतदान केद्रों व विभिन्न पंचायतो में बुनियादी मूलभूत सुविधा यथा रैंप,शौचालय,पीने का पानी,अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार,प्रकाश,फर्नीचर आदि से संबंधित का भौतिक सत्यापन किया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने चिरकुंडा नगर परिषद के अंतर्गत जेकेआरआर इण्टर स्कूल चिरकुंडा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 339,340,341,छोटकी देवी बालिका उच्च विद्यालय चिरकुंडा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 342 ,343 ,344, नदलाल इंस्टीट्यूशन चिरकुंडा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 348, 349, 350, 351,रामानंद स्मारक उच्च विद्यालय चांच पोटरी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 376 ,विवाह मंडप कापासारा में अवस्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

# शादी के लिए घर से भागे किशोर किशोरी को आरपीएफ ने पकड़ा

## दोनो को परिजनों के हवाले किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** गोड्डा के नाबालिग किशोरी और किशोर को गुरूवार को आरपीएफ ने बाल कल्याण समिति ;सीडब्ल्यूसीद्ध के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। ये दोनों पोड़ैयाहाट से बुधवार की शाम में ही ट्रेन से दुमका रेलवे स्टेशन पहुंच गये थे और गुरूवार की सुबह दुमका से कविगुरू एक्सप्रेस से हावड़ा जानेवाले थे कि रेलवे सुरक्षा बल की नजर इनपर पड़ गयी। दोनों नाबालिग थे लिहाजा इन्हें समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां दोनों का बयान दर्ज किया। दोनों गोड्डा जिले के रहनेवाले है और शादी करने के लिए आंध्र प्रदेश जा रहे थे। किशोरी के बैग में कपड़ों के अलावा आरी पत्ती का ब्लेड भी मिला। 16 वर्षीय किशोरी ने अपने बयान में बताया कि वह चार बहन व दो भाई है। उसके माता.पिता व दोनों भाई मुम्बई में रहते हैं। वह किशोर से प्रेम करती है और उससे शादी के लिए उसके साथ जा रही थी। जब उसे बताया गया कि शादी के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये तो उसने कहा कि बालिग होने पर वह इसी लड़के से शादी करना चाहेगी। 17 वर्षीय किशोर ने बताया कि उसके माता.पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है। उसका परिवार मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का पारंपरिक काम करता है। उसका भाई आंध्र प्रदेश में बांस का काम करता है। वह किशोरी को साथ लेकर उससे शादी करने अपने मंझले भाई के पास जा रहा था।

### ट्रेन में चढ़ने से पहले आरपीएफ ने दबोचा

दोनों हावड़ा से आंध्र प्रदेश जानेवाले थे कि दुमका रेलवे स्टेशन में ट्रेन पर चढ़ने से पहले ही आरपीएफ ने दोनों को पकड़ लिया। किशोरी को लेने के लिए उसका ममेरा भाई और किशोर को लेने के लिए उसके दादा व चाचा बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत हुए। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमारए सदस्य रंजन कुमार सिन्हाए डॉ राज कुमार उपाध्याय एवं कुमारी बिजय लक्ष्मी ने इस मामले की सुनवाई करते हुए चचेरे मामा को फिट पर्सन घोषित करते हुए किशोरी को उनके संरक्षण में दे दिया जबकि किशोर को उसके दादा को सौंप दिया गया। समिति ने दोनों को आदेश दिया है कि सात दिनों के अंदर किशोर एवं किशोरी को गोड्डा के बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### राज्यपाल रघुवर दास से मिले अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष



**बेरमो।** बेरमो विधान सभा क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल श्री रघुवर दास जी से मुलाकात कर समाज के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान इन्होने ने अपने संस्था द्वारा जन कल्याण मे किए जा रहे कार्यों से भी महामहिम को अवगत कराए। मुलाकात के दौरान सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ देकर महामहिम राज्यपाल का अभिनंदन किए।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति मौत

**बेरमो/फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के पांच नंबर धौडा.के पास पोल संख्या 30 ऑब्लिक 5 और 30 ऑब्लिक 3 के बीच ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। शव की पहचान पटेल नगर निवासी संजीप कुमार के रूप हुई है। घटना की सूचना मिलने पर बेरमो पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जिसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### कतरास में मजदूरों के दो गुटों में मारपीट

**धनबाद।** जोगता थाना अंतर्गत तेतुलमुड़ी कोलडंप में मजदूरों के गुटों के बीच जमकर मारपीट व पत्थरबाजी हुई। जिससे घंटों वहां भगदड़ का माहौल बना रहा। घटना में दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों में आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि तेतुलमुड़ी स्थित कल डंप में मजदूरों का दो खेमा है। दोनों खेमा का नेतृत्व स्थानीय नेता करते हैं। आरोप है कि एक खेमा के मजदूरों को कई दिनों से काम नहीं मिल रहा था तथा मजदूरी भी आधी मिल रही थी। जबकि दूसरे खेमा के मजदूरों को बराबर काम मिल रहा था। गाड़ियों का लोडिंग भी बराबर किया जा रहा था। इसी को लेकर काम नहीं मिलने वाले मजदूर खेमा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। जिसका विरोध करते हुए दूसरे गुट पीछे से आकर मारपीट करने लगे। खबर लिखे जाने तक दोनों गुटों में तनाव व्याप्त था।

### अखिल घाटी कबड्डी प्रतियोगिता 12 से

**बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा यहां के फुटबॉल मैदान में अखिल घाटी कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता आगामी 12 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। मानव संसाधन विभाग के प्रबंधक रविंद्र कुमार ने दामोदर घाटी निगम के सभी इकाइयों के संबंधित अधिकारियों को पत्र भेज कर संबंधित खिलाड़ियों को उक्त तिथि में आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चंद्रपुरा भेजने का आग्रह किया है। उक्त कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल और झारखंड में स्थित दामोदर घाटी निगम के सभी इकाइयों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### एसकेएमयू के बीएड के छात्रों का पुनः नामांकन शुरू

**दुमका।** सिदो.कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विभिन्न बीएड कॉलेजों में रिक्त सीटो पर नामांकन प्रक्रिया एक बार पुनरू शुरू की गयी है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बिनय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को एक अधिसूचना जारी किया है। उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी बीएड कॉलेजों में रिक्त सीटो पर नामांकन वैसे छात्र.छात्राएं 18 से 20 जनवरी तक करा सकते है। जिनका नाम प्रतीक्षा सूची में हो। यहाँ बता दे विश्वविद्यालय द्वारा यह नामांकन प्रक्रिया एचटीईडीए से प्राप्त एक चिट्ठी के आलोक में शुरू किया गया।

# बोकारो : नेशनल चाइल्ड साइंस कांग्रेस प्रतियोगिता में अनिकेत व श्रेया का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो की कक्षा नौवीं के छात्र अनिकेत जायसवाल एवं श्रेया अग्रवाल नेशनल चाइल्ड साइंस कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। अनिकेत जायसवाल एवं श्रेया अग्रवाल ने फेंकेध्प्रवाह किये हुए फूलों से पेपर का निर्माण विषयक प्रोजेक्ट के तहत जिन फूलों को हम पूजा और सजावट के बाद नदी कचड़े या कूड़े में फेंक देते हैं उन्हीं फूलों को इकट्ठा कर पेपर बनाया। इससे वातावरण सुरक्षित रहेगा और एक स्तर तक पेड़ों की कटाई भी रुक सकती है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम अपनी शिक्षा एवं जीवन शैली में अपनी भूमि देश एवं पर्यावरण के बारे में भी सोचें। उन्होंने बच्चों के गाइड टीचर संजीव मिश्रा को भी ढेरों बधाई दी। चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय ने उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार गोपाल चंद मुंशी संजीव मिश्रा शैबाल गुप्ता संजीव सिंह व अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में सफल बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# अभाविप ने एसपी कॉलेज इकाई का किया गठन, अमन बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अखिल भारती विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई ने गुरुवार को एसपी कॉलेज इकाई का गठन किया गया। जिसमे अभाविप विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबेए जिला संगठन मंत्री धनंजय साहए जिला प्रमुख डॉ कुमार सौरभ उपस्थित रहे। संगठन मंत्री श्री दुबे ने परिषद के कार्य प्रणाली एवं परिषद के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि परिषद अनवरत 1949. 50 से लेकर 2024 तक निरंतर कार्य करते हुए आ रही है। परिषद के कारण ही काश्मीर से धारा 370 एवं लाल चौक पर तिरंगा फहराया गया। संगठन मंत्री श्री दुबे ने कहा कि परिषद छात्रों के समाधान के लिए कार्य करती हैए देश और समाज के लिए अग्रनी भूमिका निभाती है। जिला प्रमुख डॉ कुमार सौरभ ने कहा कि संगठन में कार्य अनुशासन से किया जाता है। कॉलेज इकाई कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार साहए उपाध्यक्ष आदित्य कुमार रजकए कॉलेज मंत्री अभिषेक पालएसह मंत्री चंद्र देव कुमारए सह मंत्री सुभोदीप दे एवं सह मंत्री जुलीयश मुर्मू मनोनीत किया। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि अनीश ओझाए एसएफडी प्रमुख रोनित मोहली एवं अमित ओझा को मनोनीत किया गया। कला मंच के लिए अमन राजए सोशल मीडिया प्रमुख आलोक कुमार

# दुमका जिला प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर में एक बार फिर प्रशासन का अतिक्रमण मुक्त अभियान चला। अभियान नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी सितांशु खालको एवं सीओ अमर कुमार के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया। भारी सुरक्षा बलो की उपस्थिति में अभियान चलाया गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान चला नगर पर्षद कार्यालय के आसपासए साप्ताहिक हाटए गांधी मैदान एवं वीर कुंवर सिंह चौक तक चलाया गया। हालांकि फुटपाथ दुकानदारों को प्रशासन की कार्रवाई की पहले ही भनक लग चुकी थी। दुकानदार पहले से ही सजग थे और सड़क किनारे दुकानें नहीं लगायी। हालांकि प्रशासन सड़क सडक लगे फल दुकानदारों के बांस.बल्ली उठा ले गई। सड़क किनारे लगे गुमटी और ठेला को भी प्रशासन ट्रेक्टर पर लोड कर ले गई। इस अवसर पर कार्यपाल पदाधिकारी श्री खालको ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन का डेली रूटीन है। अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं की जायेगी। चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जुमार्ना समेत अन्य कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# बोकारो में विधायक बिरंची नारायण की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 जनवरी को धनबाद आगमन अयोध्या में श्री राम के नव निर्मित भव्य मंदिर का पार्टी की योजना से दर्शन और अन्य आगामी कार्यक्रम के आलोक में बोकारो विधानसभा भाजपा की बैठक बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवास में सम्पन्न हुई। बैठक में झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण उपस्थित रहे। बैठक का विषय प्रवेश भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह ने तथा संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। बैठक में विधायक श्री नारायण ने कहा कि 27 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद के सिंदरी प्लांट में शिलान्यास व उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। उसके बाद बलियापुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए बूथ स्तर से जिला स्तर के कार्यकर्ता लगे हुए हैं। बैठक में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के प्रदेश पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य मोचाओं के पदाधिकारी जिला पदाधिकारी सभी मंडलों के अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी मोचाओं के मंडल अध्यक्ष के साथ शक्ति केन्द्रों के संयोजक उपस्थित थे। बैठक में भाजपा के प्रमुख नेताओं में मुकुल ओझा कृष्ण कुमार मुन्ना दिलीप श्रीवास्तव कमलेश राय अशोक पप्पू इंद्र कुमार झा माथुर मंडल केके बोराल अविनाश कुमार राघवेंद्र कुमार सुजीत चक्रवर्ती मुकेश राय तारा साह पन्नालाल कान्दू हरीश सिंह मौजदू थे।

# रेल मंडल अस्पताल के समक्ष ईसीआरकेयू का प्रदर्शन

## बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गुरुवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के बैनर तले धनबाद मंडलीय अस्पताल के समक्ष मेडिकल संबंधित विभिन्न कमियों, खामियों और अव्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने किया। मौके पर एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष एवं सोमेन दत्ता सहित समस्त मंडल से आए ईसीआरकेयू के शाखा सचिव एवं सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए।उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि मंडलीय अस्पताल सहित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति ठीक नहीं है। कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर न तो डाक्टर हैं और न ही आवश्यक दवाईयां हैं। अस्पतालों में पैथोलॉजी जांच की व्यवस्था खत्म हो गई है। एक्सरे और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बीमार रेलकर्मी और उनके आश्रित इधर उधर भटकते रहते हैं। रेलकर्मियों के कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर एम्बुलेंस आते आते गोल्डेन आवर बीत जाता है और मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। कुछ कर्मचारी स्वेच्छाचारी हो गए हैं और मनमाने ढंग से डियूटी कर रहे हैं और अस्पताल आने वाले रेलकर्मियों के साथ असभ्यता से व्यवहार कर रहे हैं। बहुत से कर्मचारी वर्षों से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो कर सीक में हैं और उनकी सारी छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं। उनके परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। ईसीआरकेयू द्वारा बार बार इन कर्मचारियों का शारीरिक जांच करवा कर अंतिम निर्णय लेने की मांग उठाई जाती रही है लेकिन अस्पताल प्रबंधन ऐसे गंभीर मामले के प्रति भी उदासीन है। अस्पतालों में भी रेफर करने के लिए रेलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**धनबाद।** गुरुवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि पहला कदम स्कूल जिला लोकल लेवल कमिटी मेम्बर है जिसके तहत दिव्यांग बच्चों के के लिए प्रयास किया गया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि मूकबधिर बच्चो का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनता था।

# सिंदरी के नेहरू मैदान में विहिप का भव्य कार्यक्रम 22 को

## सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का होगा पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा निर्धारित प्रभु श्री राम लला के अयोध्या राम मंदिर के गृभगृह में रखे जाने की तिथि 22 जनवरी के दिन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिंदरी के नेहरू मैदान में भव्य आयोजन करेगा। इसकी जानकारी देते हुए विहिप बजरंग दल जिला मंत्री विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी ने सिंदरी सहित धनबाद जिला की जनता से इसमें शामिल होने की अपील की है। इसके साथ ही एसीसी हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अनुसार 22 जनवरी को ही ट्रस्ट संकटमोचन हनुमान मंदिर से शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकालेगी। जिला मंत्री ने बताया कि प्रभु श्री राम के प्राकट्य के दिन गृभगृह में प्रभु श्री राम लला को स्थापित किया जाएगा। अयोध्या में स्थापित किए गए प्रभु श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को दिपावली की तरह भव्य बनाने को लेकर कार्यक्रम किया जा रहा है। इस तिथि को सिंदरी शहरपुरा नेहरू मैदान के समीप स्थित ब्रह्म शिव मंदिर में दोपहर में भव्य सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। शाम छः बजे से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मां गंगा की आरती की तर्ज पर महाआरती का कार्यक्रम तय किया गया है। एक घंटे की महाआरती के बाद नेहरू मैदान में डीजे पंकज द्वारा भव्य आकर्षक लेजर लाइट शो और डीजे प्रोग्राम किया जाएगा।

## चिरकुंडा में श्रीराम प्रभात फेरी का शुभारंभ

**चिरकुंडा।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चिरकुंडा क्षेत्र में गुरूवार से सूर्योदय सेवा समिति के सदस्यों द्वारा श्रीराम प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया ।समिति के अध्यक्ष श्याम गाडिया ने बताया कि 21 जनवरी तक प्रत्येक दिन सुबह 7 .40 से 8 .40 तक श्री राम प्रभात फेरी निकाली जाएगी ।समिति के सदस्य अलग-अलग मोहल्ले में जाकर प्रत्येक दिन सियाराम जय राम जय जय राम की प्रभात फेरी करेगें ।गुरूवार को प्रभात फेरी चिरकुंडा शहीद चौक से तालडांगा रेलवे फाटक, हरियाणा कॉलोनी व गांजा गली तक गया ।प्रभात फेरी में समिति के श्याम गाडिया, रवि गढ्याण,टोनी माधोगड़िया, रवि निगानिया ,मिंटू शर्मा, रोहित खरकिया, प्रणव गढ्याण,आदर्श गढयाण, दिपक शर्मा आदि थे।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बेहराकुदर मंदिर में होगा सीधा प्रसारण

**बाघमारा।** बेहराकुदर पंचायत में मुखिया जालिम रजक के नेतृव में गुरुवार को 22 जनवरी अयोध्या में हो रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठाको को लेकर बेहराकुदर पंचायत में तैयारी की जा रही है । जिसमें गाँव में घूम कर निमंत्रण देते हुए दिप प्रज्वलित करने के लिए दीपो का वितरण किया गया। 22 जनवरी के कार्यक्रम के लिए जानकारी दी गई ।जिसमें दिनांक 20 जनवरी शनिवार के दिन बेहराकुदर पंचायत में मोटर साइकिल जुलूस निकाला जाएगा। दिनांक 21 जनवरी जनवरी रविवार के दिन भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण एवं विशाल झांकी दिनांक 22 जनवरी दिन सोमवार को पूजा आरती,प्रसाद वितरण,एवं श्री राम लला का प्राण प्रतिष्ठा सीधा प्रसारण बेहराकुदर मंदिर दिखाया जाएगा । जिसमे मुख्य रूप से ग्रामीण के मुखिया श्री जालिम रजक, नागेश्वर सिंह, चंद्रिका सिंह, नरेश सिंह, मोहन सिंह, गोविंद सिंह, कामता प्रसाद सिंह, परशुराम सिंह, रूपेश सिंह, सज्जन सिंह, संतोष सिंह कुलदीप सिंह, बब्लू सिंह , पिंकू सिंह, शरण सिंह, कृष्णा सिंह, निमाई सिंह, विजय सिंह उज्वल सिंह, सभी की और से दीपो का वितरण किया गया ।

# पेज 3 का शेष

### 22 के कार्यक्रम...

विधि-व्यवस्था से संबंधित कई दिशा-निर्देश भी दिये। इस बैठक में सभी गृह सचिव, डीजीपी के अलावा प्रमंडलीय आयुक्त, सभी आईजी, सभी डीआईजी, सभी डीसी और जिले के एसएसपी, एसपी शामिल थे। **इडी को आदिवासी संगठनों की चेतावनी :** झारखंड के कई आदिवासी संगठनों ने इडी को चेतावनी दी है कि अगर 20 को सीएम के खिलाफ कोई एक्शन लिया तो राज्य भर में हंगामा हो सकता है। इन संगठनों ने शुक्रवार को राजभवन के सामने साथ प्रदर्शन करने की बात कही है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि सीएम की सहमति के बाद 20 को इडी की टीम उनके आवास पर बयान दर्ज करने के लिए जाने वाली है। इन संगठनों ने कहा है कि अगर सीएम के खिलाफ एजेंसी कोई एक्शन लेती है तो विद्रोह की स्थिति आ सकती है। धुमकुड़िया भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि केंद्र के इशारे पर इडी एक आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है। अजय तिर्की का कहना है कि इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लोहरदगा, गुमला, खूंटी, तमाड़, रामगढ़, हजारीबाग, रांची के अलावा अलग-अलग शहरों से भी लोग आ रहे हैं। केंद्रीय सरना समिति, राजी पड़हा प्रार्थना सभा, आदिवासी सेना, अखिल भारतीय विकास परिषद के अलावा कई संगठनों के बैनर तले प्रदर्शन किया जायेगा।

### श्री रामलला की मूर्ति...

प्राण प्रतिष्ठा के दिन रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आवश्यक हर अनुष्ठान आयोजित किये जायेंगे। 121 आचार्य अनुष्ठान का संचालन कर रहे हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और दोपहर एक बजे समाप्त होने की उम्मीद है। प्राण प्रतिष्ठा होगी तो गर्भगृह में केवल पांच लोग ही रहेंगे। इनमें पीएम मोदी, सीएम योगी और राज्यपाल आनंदबेन पटेल भी हैं। **22 को केंद्रीयकर्मियों आधे दिन की छुट्टी :** अयोध्या के राम मंदिर में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का समारोह को देखते हुए केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को आधे दिन की छुट्टी देने की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री जीतेंद्र सिंह ने इस घोषणा की जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर 22 जनवरी को सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। सभी की भावनाओं और मांग को ध्यान में रखते हुए, केंद्र सरकार ने पूरे भारत में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों को 22 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे तक आधे दिन बंद रखने की घोषणा की है। केंद्र सरकार के इस फैसले को लेकर देश भर के केंद्रीय कर्मचारियों में खुशी की लहर है और वे काफी उत्साह में हैं। **समारोह का होगा सीधा प्रसारण :** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरी अयोध्या को भव्य तरीके से सजाया गया है। इस पवित्र कार्यक्रम को बिना अयोध्या पहुंचे घर बैठे देख सकते हैं। राम मंदिर ट्रस्ट ने लोगों से वर्चुअल माध्यम से इस समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है। कार्यक्रम का प्रसारण देश भर के गांवों और शहरों में सार्वजनिक स्थानों और मंदिरों में किया जायेगा। अयोध्या धाम में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के लिए लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के डीडी नेशनल और डीडी न्यूज चैनलों दिखाया जायेगा। दूरदर्शन अन्य समाचार एजेंसियों को सूचना प्रदान करता रहेगा। सीधा प्रसारण दिखाने के लिए दूरदर्शन ने 40 कैमरे लगाये हैं। ये कैमरे नवनिर्मित राम मंदिर परिसर के अलावा राम की पैड़ी, सरयू घाट के पास और कुबेर टीला पर जटायु प्रतिमा जैसी जगहों पर लगाये गये हैं। **प्राण प्रतिष्ठा से पहले कड़ी तपस्या पर मोदी :** राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी अभी जमीन पर सो रहे हैं और सिर्फ कंबल का इस्तेमाल करते हैं। सिर्फ नारियल पानी पी रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन भी पीएम का उपवास रहेगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पीएम मोदी कठिन तपस्या से गुजर रहे हैं। वे इस समय यम नियमों का पालन कर रहे हैं। वे 11 दिनों के अनुष्ठान पर हैं। इस दौरान पीएम मोदी जमीन पर सो रहे हैं और सिर्फ नारियल-पानी ही पी रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले उपवास रखा हुआ है।

### एनपीए खातों के कर्ज...

उन्होंने कहा कि किसानों का 50 हजार रुपये तक का कृषि ऋण माफ किया गया है, इससे कई किसानों को लाभ हुआ है। इसमें केवल मानक खाते ही शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या किसानों के एनपीए खाते भी माफ किये जा सकते हैं। **किसानों को दोगुना लाभ दिलाने का प्रयास :** चंपई सोरेन ने कहा कि सरकार किसानों को उचित प्रशिक्षण देकर नयी तकनीक के माध्यम से उनकी उपज का दोगुना लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें आर्थिक रूप से सबल किया जा सके। राज्य सरकार बांधों और नदियों के माध्यम से पाइपलाइन के जरिए हर खेत तक पानी पहुंचा रही है ताकि किसानों को पूरे 12 महीने पानी मिल सके और साल में कम से कम तीन बार फसल उगा सकें। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार को किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, इसलिए किसानों के हर खेत तक पानी पहुंचाने की दिशा में योजनाओं का चयन किया जाना चाहिए।

# अदन की खाड़ी में जहाज पर ड्रोन से हमला, नौसेना ने दिया मुहंतोड़ जवाब

## 9 भारतीयों समेत चालक दल के सभी 22 सदस्य सुरक्षित बचाए गए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले जहाज एमवी जेनको पिकार्डी पर ड्रोन से हमला हुआ है, जिससे जहाज में आग लग गई। समुद्री डकैती रोकने के लिए तैनात भारतीय नौसेना के जहाज ने तत्काल हमले का जवाब दिया। जहाज पर सवार चालक दल के सभी 22 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। इनमें 9 भारतीय हैं। भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम को

**नौसेना के विशेषज्ञों ने एमवी जेनको पिकार्डी के नुकसान का किया निरीक्षण**

समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। बुधवार की रात 11.11 बजे मार्शल द्वीप के ध्वज लगे जहाज एमवी जेनको पिकार्डी पर ड्रोन हमला होने की जानकारी मिली। अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी गश्त कर रहे भारतीय युद्धपोत विशाखापत्तनम ने संकट कॉल को स्वीकार करके तेजी से जवाब दिया। भारतीय जहाज ने एक घंटे के भीतर करीब 12.30 बजे ड्रोन हमले का जवाब देकर विदेशी जहाज को रोक दिया। ड्रोन हमले की वजह से एमवी जेनको पिकार्डी जहाज में आग लग गई लेकिन भारतीय नाविकों ने आग बुझाकर स्थिति सामान्य की। जहाज पर सवार 22 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित बचा लिया गया है, जिसमें 9 भारतीय भी हैं। इस हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है और आग को भी नियंत्रण में ले लिया गया है। आईएनएस विशाखापत्तनम से नौसेना विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) विशेषज्ञ क्षतिग्रस्त एमवी जेनको पिकार्डी के नुकसान का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को सुबह जहाज पर चढ़े। ईओडी विशेषज्ञों ने गहन निरीक्षण के बाद जहाज को आगे जाने के लिहाज से सुरक्षित बना दिया है। इसके बाद जहाज कॉल के अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।



# परिवर्तन की अग्रदूत हैं महिला उद्यमी : राष्ट्रपति

एजेंसी

**द्रौपदी मुर्मू ने की महिला स्टार्टअप और यूनिकॉर्न के साथ बातचीत**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में महिला उद्यमियों से कहा कि आप केवल एक व्यवसायी-नेता नहीं बल्कि परिवर्तन की अग्रदूत हैं। राष्ट्रपति ने प्रमुख स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न की संस्थापक और सह-संस्थापक महिलाओं के एक समूह से बातचीत की। यह बैठक राष्ट्रपति जनता के साथ पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना और उनके योगदान को पहचानना है।महिला उद्यमियों से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि इन महिला उद्यमियों ने भारतीय कारोबारी माहौल को बदल दिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम हमारे युवाओं की क्षमता का दोहन करने और देश में उद्यमशीलता के माहौल को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य को हासिल करने में अमूल्य योगदान देने के लिए उनकी सराहना की। मुर्मू ने कहा कि उनके जैसे युवाओं के अभिनव प्रयासों के कारण, आज भारत लगभग 1.17 लाख स्टार्ट-अप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमियों के रूप में उनकी यात्रा और उपलब्धियां लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। टेक स्टार्ट-अप से लेकर सामाजिक उद्यमों तक, उनका काम उद्यमिता की दुनिया में भारतीय महिलाओं की क्षमताओं के विविध आयामों में एक प्रभावशाली अंतर्दृष्टि देता है। उन्होंने पारंपरिक बाधाओं को तोड़ा है और भावी पीढ़ियों को सशक्तिकरण का रास्ता दिखाया है। राष्ट्रपति ने महिला उद्यमियों से आग्रह किया कि वे अन्य उद्यमशील महिलाओं की पहचान करें और उनके सशक्तिकरण की यात्रा में उनका समर्थन करने के नए तरीकों के बारे में सोचें। उन्होंने कहा कि ऐसी कई महिलाएं हैं, जो आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने का सपना देखती हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्हें क्या रास्ता अपनाना चाहिए।

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी फरवरी में भी चलेगी : पीएम

## कहा- संकल्प यात्रा लास्ट माइल डिलीवरी का सबसे अच्छा उदाहरण

एजेंसी

**▸▸ दो महीने के अंदर भारत संकल्प यात्रा में 15 करोड़ से ज्यादा लोग शामिल हुये**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनता की मांग पर फरवरी में भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा लास्ट माइल डिलीवरी का सबसे अच्छा उदाहरण है। पिछले साल 15 नवंबर से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलनी थी। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में चलने वाला विकास रथ, विश्वास रथ में बदल चुका है, अब लोग इसे गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलने वाली थी, लेकिन इसको लोगों का इतना समर्थन मिला है और अब लोगों की मांग हैं कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हमारे गांव में भी आनी चाहिए। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को फरवरी में भी चलाएंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को मिल रहे प्यार और समर्थन के कारण, हमने इस अभियान को फरवरी के बाद भी जारी रखने का फैसला किया है। हमने सबसे पहले 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा का आशीर्वाद लेकर यह यात्रा शुरू की थी। महज 2 महीने के अंदर यह यात्रा एक जन आंदोलन बन गई है। इस यात्रा में 15 करोड़ से ज्यादा लोग शामिल हुए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा लास्ट माइल डिलीवरी का सबसे अच्छा उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दायरे में 70 से 80 प्रतिशत पंचायतें आ चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों को पोषण और स्वास्थ्य गारंटी प्रदान करने के अपनी सरकार के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर किसी को पोषण, स्वास्थ्य और इलाज की गारंटी मिले। हर परिवार को पक्का घर मिले और हर घर में गैस कनेक्शन, पानी, बिजली और शौचालय की सुविधा हो। स्वच्छता का दायरा व्यापक होना चाहिए। हर गली, हर मोहल्ले और हर परिवार को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। हर किसी के पास एक बैंक खाता होना चाहिए और स्वरोजगार को आगे बढ़ाने का अवसर होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 9 साल में हमारी कोशिश रही है कि वंचितों को तरजीह दी जाए। हर उस नागरिक को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जो अब तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहा है। हमारी कोशिश ये सुनिश्चित करना है लोगों को बिना किसी परेशानी के उनके घर पर ही योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने पारदर्शिता और पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास किये हैं।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात करते प्रधानमंत्री।

**नौ वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये**

मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शी और कुशल शासन प्रदान करके गरीबी को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में चार करोड़ से अधिक लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराये गये हैं।

## एक नजर में

### ईरान में पाकिस्तानी मिसाइल हमलों में सात मरे



**तेहरान ।** ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान के एक सीमावर्ती गांव में पाकिस्तान के मिसाइल हमलों में गुरुवार को तीन महिलाओं और चार बच्चों सहित सात गैर-ईरानी नागरिकों की मौत हो गई। डिप्टी गवर्नर(सुरक्षा) अलीरेजा मरहमती और प्रांतीय कानून प्रवर्तन ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने ईरान के अंदर आतंकवादी ठिकानों पर सिलसिलेवार सटीक हमले किए हैं, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए। ईरानी समाचार एजेंसी फार्स ने श्री मरहमती के हवाले से कहा कि आज तड़के लगभग 04:30 बजे कई विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, जिसमें हमारा एक सीमावर्ती गांव पाकिस्तानी मिसाइल हमले की चपेट में आ गया। इसमें तीन महिलाएं और चार बच्चे, जो गैर-ईरानी नागरिक मारे गए। उन्होंने बताया कि सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सारावन शहर के पास एक और विस्फोट सुना गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### सीरिया पर हवाई हमले में 11 लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के अस सुवेदा प्रांत पर जॉर्डन के हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गयी। एक स्थानीय सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि अस सुवेदा प्रांत पर जॉर्डन के हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित 11 लोग मारे गये।

### रिश्वतखोरी में सिंगापुर के परिवहन मंत्री का इस्तीफा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के परिवहन मंत्री सुब्रमण्यम ईश्वरन ने रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी को, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) द्वारा श्री ईश्वरन को आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद, उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं पीपुल्स एक्शन पार्टी के सदस्य के रूप में अपना त्यागपत्र मुझे भेज दिया।

### एलओसी पर विस्फोट, एक जवान शहीद

**राजौरी।** राजौरी जिले के नौशहरा सेक्टर में नियंत्रण शहीद हो गया, जबकि दो अन्य घायल हो गए।अधिकारी ने बताया कि अग्रिम इलाके में एक बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ, जिसमें तीन सैनिक घायल हुए। अधिकारी ने कहा कि तीनों को कमांड अस्पताल उधमपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान एक जवान शहीद हो गया। दो अन्य घायल जवानों का उपचार अस्पताल में जारी है।

### ज्ञानवापी में वजूखाने की सफाई आज

**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ज्ञानवापी परिसर स्थित सील वजूखाने की सफाई शनिवार को होगी। सफाई के लिए सुबह 09 से 11 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। सफाई के दौरान दोनों पक्षों के दो-दो प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लेकर जिला प्रशासन ने हिंदू और मुस्लिम पक्ष के लोगों से बातचीत की है। इस दौरान तय हुआ कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दोनों पक्षों के प्रतिनिधि सील वजूखाने की सफाई के दौरान मौजूद रहेंगे। कोई भी प्रतिनिधि वजूखाने की जाली के अंदर प्रवेश नहीं करेगा। सिर्फ सफाईकर्मी अंदर प्रवेश कर एहतियात बरतते हुए साफ-सफाई का काम करेंगे। साफ-सफाई के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेंगे। सील वजूखाने में किसी को भी अनधिकृत रूप से प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। बैठक में हिन्दू पक्ष, प्रतिवादी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के पदाधिकारी और पुलिस अफसर मौजूद रहे।

### बिहार विस का बजट सत्र पांच फरवरी से

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र 5 फरवरी से 29 फरवरी तक चलेगा। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी की गयी है। इस बजट सत्र में कुल 17 बैठक होंगी, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय को लेकर बिहार का बजट पेश किया जाएगा। इसके साथ-साथ सभी विभागों के बजट पेश किए जायेंगे। साथ ही इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी और बजट के आय व्यय पर चर्चा की जाएगी।

# बिहार में क्षमता की कोई कमी नहीं केवल नेतृत्व की कमी : मोहन यादव

**मप्र के मुख्यमंत्री बोले-भाजपा एक ऐसी पार्टी है, छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कब पीएम और सीएम बन जाए कोई नहीं जानता**

**पटना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को कहा कि बिहार में क्षमता की कोई कमी नहीं है, लेकिन, नेतृत्व की कमी के कारण यह प्रदेश जहां था, आज भी वहीं खड़ा है। एक समय था जब देश में पांच बीमारू राज्य थे, लेकिन, चार राज्य आगे निकल गए। बिहार के एक दिवसीय निजी दौरे पर पटना पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार आकर ऐसा लग रहा है कि घर में ही आया हूं। यादव ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कब पीएम और सीएम बन जाए कोई नहीं जानता। उन्होंने बिहार की तारीफ करते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि 2000-3000 साल पहले इस प्रदेश ने ही लोकतंत्र का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। यही नहीं आपातकाल के दौरान भी बिहार ने संघर्ष का शंखनाद कर देश में उदाहरण प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा कि कई राज्य भले औद्योगिक क्षेत्र में आगे बढ़े हों लेकिन उस कारखाने की दीवारें भी बिहार के लोगों के पसीने से सुगंधित होती हैं। बिहार के ही सबसे ज्यादा आईएएस और आईपीएस हैं। कुल मिलाकर व्यवसाय हो या नौकरी, बिहार के लोगों ने विशेष पहचान बनाई है।



# छत्तीसगढ़ के कोयला कारोबारी के ठिकानों पर आयकर का छापा

रायपुर। आयकर विभाग ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में कोयला कारोबारी बंटी डालमिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में आयकर सलाहकारों के ठिकानों पर गुरुवार को छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमार में कोयला कारोबारी बंटी डालमिया के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीमों ने दबिश दी। करीब 100 अधिकारी-कर्मचारियों की पांच टीमें रायगढ़ जिले में 12 गाड़ियों से सुबह पहुंचीं। आयकर की टीमें ऑफिस और घर समेत बाकी जगहों पर दस्तावेज खंगाला।

# वडोदरा के हरणी तालाब में डूबी नाव, 15 की मौत

**मृतकों में 13 स्कूली बच्चे और दो शिक्षक शामिल, प्रधानमंत्री ने मुआवजे का किया एलान**

वडोदरा,। वडोदरा शहर के हरणी स्थित मोटनाथ तालाब में गुरुवार को नाव पलटने से 13 बच्चों और दो शिक्षकों की मौत हो गई। नाव पर एक निजी स्कूल के बगैर लाइफ सेविंग जैकेट के ही 20-25 छात्र सवार थे। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने संवेदना व्यक्त करके लिखा कि वडोदरा के हरणी तालाब में नाव पलटने से बच्चों के डूबने की घटना हृदयविदारक है। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत फंड से 4 लाख और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता - पीएमएनआरएफ से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की मिलेगी सहायता। दूसरी ओर घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी संवेदना जतायी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि वडोदरा के हरणी तालाब में बोट पलटने की घटना से वे व्यथित हैं। दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदना शोकग्रस्त परिवार के साथ है। पीएमएनआरएफ से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

## रोहतास : नहर में गिरी स्कार्पियो, मुखिया समेत तीन लोगों की मौत और चार घायल

**पटना।** रोहतास जिले में बुधवार रात एक स्कॉर्पियो पुल पर चढ़ने के दौरान नदी में जा गिरी जिससे गाड़ी में सवार मुखिया समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का दिनारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, घटना दिनारा थानाक्षेत्र के भामपुर सेमरी पुल के पास की है। मृतकों की पहचान दिनारा थाना क्षेत्र के बीसी कला पंचायत के वर्तमान मुखिया उमेश पासवान, उप सरपंच बिपिन बिहारी गोस्वामी और वार्ड सदस्य महेंद्र पाल के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि घटना में स्कॉर्पियो सवार चार अन्य लोग घायल हो गये हैं, जिन्हें सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से हादसे में घायलों को बड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी से निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया।

## औरंगाबाद : ट्रक की चपेट में आने से प्रधानाध्यापक की मौत, पत्नी घायल

**औरंगाबाद।** शहर के रामाबांध बस स्टैंड के निकट गुरूवार को ट्रक की चपेट में आने से प्रधानाध्यापक अजीत कुमार सिंह की मौत हो गयी तथा उनकी पत्नी शिक्षिका प्रतिभा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देव प्रखंड के मध्य विद्यालय पवई में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित अजीत कुमार सिंह अपनी पत्नी प्रतिभा सिंह के साथ बाइक पर विद्यालय जा रहे थे। इस दौरान रामाबांध बस स्टैंड के समीप ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अजीत कुमार सिंह की मौके पर मौत हो गयी, जबकि उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह घायल हो गयी।

# रवीना टंडन ने बेटी के साथ किया सोमनाथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने बेटी राशा थडानी के साथ सोमनाथ की ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। रवीना ने इसका एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में रवीना अपने और बेटी के माथे पर तिलक लगा रही हैं। रवीना ने खूबसूरत साड़ी और राशा ने ड्रेस पहनी हुई है। दर्शन करते समय उनके चेहरे पर प्रसन्नता झलकती है। रवीना ने कैप्शन में संस्कृत में महामृत्युंजय मंत्र और हर हर महादेव लिखा। वीडियो और फोटो सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट की अनुमति से ही लिए गए हैं। रवीना और राशा कई जगहों पर जाती हैं। कुछ दिन पहले वह मध्य प्रदेश के पन्ना जंगल सफारी का लुत्फ उठाने पहुंची थीं। उन्होंने वीडियो भी बनाया सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। सोशल मीडिया पर रवीना के बहुत सारे प्रशंसक हैं। एक ने कमेंट किया कि रवीना बेटी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराते देखना अच्छा है। फैंस ने उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ की है। रवीना जल्द ही अपना ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। उनकी सीरीज ह्यकर्मा कॉलिंगह्व हॉटस्टार पर प्रसारित हो रही है। इसके अलावा वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू जंगल में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय और रवीना कई सालों बाद साथ आ रहे हैं। चर्चा है कि राशा थडानी साउथ स्टार राम चरण तेजा के साथ डेब्यू करेंगी।

॥ शोक संदेश ॥

नैनं छिदन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



दुखित हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पुज्य पिताजी

**रामेश्वर प्रसाद गुप्ता**

का स्वर्गवास दिनांक 09.01.2024, दिन मंगलवार को हो गया है। अतःआप से विनम्र निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य आत्मा को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

**श्राद्ध कर्म**

| | | |
|---|---|---|
| दशगात्र एवं एकादश | : | शनिवार, दिनांक 20/01/2024 |
| द्वादशाह कर्म एवं ब्रह्मभोज | : | सोमवार 22 जनवरी 2024 |
| बरखी (अपराह्न 1 बजे से) | : | मंगलवार, दिनांक 23/01/2024 |

प्राथी : श्यामा रानी गुप्ता
भास्कर आनन्द
मेन रोड, चन्दवा
मो09934378455, 9430126025

*नोट : समस्त श्राद्धकर्म हमारे निवास स्थान मेन रोड, चन्दवा से सम्पन्न होंगे।*

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26

Please cast your valuable
VOTE
for the post of
GENRAL SECRETARY
In favour of
ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1

Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# प्रभु श्रीराम का आगमन, सब में एक, एक में सब



प्रोफेसर शेख अकील अहमद

**नये** साल 2024 की शुरूआत की, भारत भारतीय मूल्य प्रणाली के लोकाचार को संस्थागत बनाने के लिए भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को पूरा करने की एक शानदार ऐतिहासिक परियोजना में लगा हुआ है, जिसने युगों से देश की विविध समग्रता के व्यापक विचार को बरकरार रखा है।

वास्तव में सामाजिक बंधनों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सांस्कृतिक अस्मितावादी खोज को अब भगवान श्रीराम के मानवीय संदेशों और मजबूत सांस्कृतिक मानदंडों के लिए उनके व्यापक रुख के माध्यम से अभिव्यक्ति मिलेगी। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का हिंदुओं के लिए बहुत महत्व हो सकता है और यह होना भी चाहिए, लेकिन हमें इससे आगे देखना चाहिए और मंदिर को एक स्मारक के रूप में सराहना चाहिए और भारत माता की सभ्यतागत यात्रा पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है, जिसमें हमारे भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों में तीव्र दरार या टूट-फूट की कभी कोई घटना नहीं हुई है।

मंदिर एक अनुस्मारक है जो भारत की अपनी विशिष्ट स्वदेशी संस्कृति है जो इसकी अंतर्निहित शक्ति और ताकत का एक समृद्ध बनावट वाला स्रोत है और पश्चिमीकरण के नासमझ अनुकरण को दृढ़ता से खारिज किया जाना चाहिए। भारतीय सभ्यता उम्र बढ़ने से इनकार करने वाली जीवंत सभ्यता है क्योंकि यह ह्यवसुधैव कटुंबकमह्ल विचार की व्यापकता की शाश्वत और गौरवशाली चमक से प्रज्वलित है। इस तरह के तीव्र और प्रबल स्वभाव का राम मंदिर में पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ है।

नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर और उसका पवित्रीकरण निस्संदेह एक शानदार धार्मिक आयोजन है और रहेगा। यह एक राष्ट्रीय उत्सव का आह्वान करता है क्योंकि भगवान राम उन सभी चीजों के प्रतीक हैं जिनका भारत प्रतीक है और रहेगा। रामायण और महाभारत हमारे राष्ट्रीय महाकाव्य और भारतीय मूल्य प्रणाली के मूल हैं। ऐसे में हमें भगवान राम पर गर्व होना चाहिए और उन्हें हमारी सामाजिक मूल्य प्रणाली की आधारशिला रखने का श्रेय देना चाहिए, जिसके लिए भारत को श्रेय दिया जाता है और दुनिया भर में इसकी सराहना की जाती है। भगवान राम का जीवन कभी भी सामान्य नहीं रहा। वह एक पुत्र के रूप में, एक पिता के रूप में, एक पति के रूप में और सबसे महत्वपूर्ण रूप से एक राजा के रूप में एक आदर्श साबित हुए हैं। उनके चरित्र की उत्कृष्टता ऐसी रही है कि भगवान राम और उनके विशिष्ट आध्यात्मिक गुण सभी युगों तक मान्य रहे हैं।

भगवान राम और उनका जीवन निस्वार्थता, माता-पिता के प्रति समर्पण, साहस, न्याय, सच्चाई और धार्मिकता के मूल्यों की प्रशंसा करता है। उनका महत्व केवल एक अत्यंत पूजनीय हिंदू देवता होने तक ही सीमित नहीं है। भगवान राम की स्पष्ट व्याख्या में कुछ समूहों या लोगों के बीच आशंका का कुछ तत्व हो सकता है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि वे यह समझने में विफल रहे हैं कि भगवान राम अपने नैतिक दावों और मानव स्वभाव की शुद्धता की व्यावहारिक अभिव्यक्ति और मानवीय करण की सहवर्ती पवित्रता के कारण हमारे जीवन पर शाश्वत प्रभाव डालते हैं। यह अकारण नहीं है कि उनका नाम न केवल शिष्टाचार के प्रयोजनों के लिए, बल्कि मृत्यु के समय भी लिया जाता है।

भगवान राम की संपूर्ण मूल्य प्रणाली मानवतावाद के दर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है जो शक्ति के एक सुसमाचार के रूप में काम करेगी जो विशेष रूप से वर्तमान समाज को बेईमानी और असंवेदनशीलता के उच्च दबाव वाले तूफानों से निपटने में सक्षम बनाएगी। भगवान राम नामक इस आध्यात्मिक और राष्ट्रीय इकाई के बारे में वास्तव में बहुत कुछ सार्थक और गहराई से कहा जा सकता है। एक आदर्श व्यक्ति 'पुरुषोत्तम' के अवतार के रूप में भगवान राम को सबसे शक्तिशाली और अद्वितीय धर्म रक्षक माना गया है। धर्म शब्द की उत्पत्ति इसके संस्कृत मूल 'धृ' से मानी जा सकती है, जिसका अर्थ है एक साथ रखना, कुछ ऐसा जो समाज को बांधता है और एक साथ रखता है। इस प्रकार भगवान राम की शिक्षाएं और जीवन उदाहरण एक मजबूत सामाजिक आधार के रूप में कार्य कर सकते हैं और मानव स्वभाव की कमजोरियों को विफल करने में मदद कर सकते हैं।

कोई भी सुरक्षित रूप से यह तर्क दे सकता है कि त्रेता युग की तुलना में किसी भी समय एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व ने हमारी सभ्यता और संस्कृति की रूपरेखा को आकार देने में अधिक शक्तिशाली और निर्णायक भूमिका नहीं निभाई, एक ऐसा युग जिसने भगवान राम में एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व का शानदार और भाग्यशाली उद्भव देखा। जिन्होंने एक नए दिव्य युग की स्थापना की, जिसने विभिन्न युगों के दौरान विभिन्न कारणों से अपनी चमक, जीवंतता और शक्ति खो दी। वह एक आदर्श राजा और एक आदर्श गृहस्थ थे जो मानवता की उच्चतम संस्कृति की रक्षा और प्रचार के प्रति समर्पित थे और इस प्रकार लोगों के जीवन को प्रबुद्ध करते थे

## पश्चिमी की सोच को खारिज करता रामत्व



## संपूर्ण सिर्फ भगवान राम ही हैं

और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के उद्भव का मार्ग प्रशस्त करते थे, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं जो हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग हैं । अब समय आ गया है जब हमें इस महान विरासत के मशाल वाहक के रूप में धार्मिकता, आशा, दृढ़ता और एकता के युग को पुनर्जीवित करने का संकल्प लेना चाहिए। राम मंदिर का निर्माण और राष्ट्र को समर्पित करने की वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति उसके मजबूत समर्पण को दशार्ती है। हां, भव्य मंदिर का सफल और शांतिपूर्ण निर्माण वास्तव में उस राष्ट्र के लिए उत्सव का प्रतीक है, जिसने दबाव और सामाजिक संकट देखा होगा, लेकिन इनमें से कोई भी इतना शक्तिशाली साबित नहीं हुआ कि हमारी पहचान खतरे में पड़ जाए। राम मंदिर परियोजना वास्तव में हमारी आबादी के बीच विश्वास की एक सर्वोत्तम भावना पैदा करेगी और हमारे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आत्मसात की प्रक्रिया को मजबूत करेगी। यह भगवान राम की अजेयता और अप्रतिरोध्यता को प्रमाणित करता है। इस तरह की भावना को फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान में प्रतिध्वनित किया गया है कि भगवान राम सभी के हैं, न कि केवल हिंदुओं के।

भगवान राम उन सभी आदर्शों के उज्ज्वल केंद्र हैं जिन्हें हम भारतीय संजोते हैं। जैसे अजेय शक्ति सूर्य के माध्यम से विकीर्ण होती है और संपूर्ण प्राकृतिक व्यवस्था के लिए एक विपुल जीवन समर्थन प्रणाली प्रदान करना चाहती है, वैसे ही सत्य की शक्ति है जिसके भगवान राम सच्चे और पूर्ण अवतार हैं। जब राजनीतिक संस्थाएँ, जिनका अस्तित्व एक सभ्य सामाजिक व्यवस्था में निहित है, समाज के ऐसे स्रोत से अपना भरण-पोषण प्राप्त करती हैं तो यह हमेशा उसी चमक को प्रतिध्वनित करेगा। ऐसी वांछनीय स्थिति में राजनीतिक शासक सत्ता के लौकिक प्रलोभन और स्वार्थ को बढ़ावा देने से ऊपर उठेंगे और खुले दिल से समाज के एक समृद्ध, धार्मिक और नैतिक रूप से उन्नत राज्य की स्थापना के लिए खुद को समर्पित करेंगे, जिसमें राजनीतिक सत्ता में रुचि न रखने वाले महान लोग होंगे जो हमारे समाज के दृढ़ पथप्रदर्शक बनेंगे। हमारे सामाजिक और राजनीतिक परिवेश का ऐसा निर्माण तभी संभव होगा जब त्याग के आध्यात्मिक मूल्य राजनीतिक शासकों के आचरण का मार्गदर्शन करेंगे। भगवान राम के जीवन के सामाजिक और शासकीय सिद्धांत, जो एक आशावादी और समग्र कायाकल्प जीवन के लिए शाश्वत दिशानिर्देश हैं, उन्हें अभ्यास में लाना होगा। मन के ऐसे मिश्रण की गूंज हमारे प्रधानमंत्री की कार्य प्रथाओं में पाई जाती है जो अपने सार्वजनिक और निजी जीवन दोनों में उच्च नैतिक मानकों के प्रबल समर्थक रहे हैं।

यह बहुत स्पष्ट है कि भगवान राम और उनका नैतिक रूप से अक्षुण्ण जीवन नैतिक मूल्यों की विशाल उपस्थिति से सुसज्जित जीवन की एक आदर्श स्थिति का एक आदर्श उदाहरण है जो वास्तव में हमारे जीवन के लिए समृद्ध साबित हो सकता है। ऐसे में हमारे सार्वजनिक और निजी जीवन में ऐसे मूल्यों के प्रवेश से इनकार न केवल हमारे जीवन को दरिद्र बना देगा, बल्कि राज्य और समाज को ऐसे महत्वपूर्ण संसाधनों से भी वंचित कर देगा, जो अन्यथा व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन को सुशोभित कर देते।

भगवान राम की शिक्षाओं का हिंदुओं के लिए परम धार्मिक परिणाम होना बहस का विषय नहीं है, लेकिन अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे हमारी संस्कृति और सभ्यता का सबसे आंतरिक घटक माना जाना चाहिए, जिसने हमेशा सामान्य व्याख्या, सामान्य उपयोग और इसी तरह के अनुप्रयोग पर गर्व किया है। न्याय के सिद्धांत सत्य और धार्मिकता वास्तव में भगवान राम के चरित्र और शासन में सन्निहित सिद्धांतों का गंभीर मूल्यांकन हमें इस निष्कर्ष पर ले जाएगा कि उनका कार्यान्वयन हमें राम राज्य की उपलब्धि की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा, जो विचार और सहानुभूति में पर्याप्त रूप से कैथोलिक होगा। सभी समुदायों और समूहों का संश्लेषण लाने की भावना में। विचार का ऐसा मिश्रण मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कार्य प्रथाओं और सिद्धांतों में पर्याप्त प्रतिबिंब पाता है। राम का शांत व्यक्तित्व भी हमारे लिए बहुत कुछ है। उन्होंने प्रदर्शित किया है कि उच्चतम नैतिक मूल्यों की प्राप्ति के लिए बलिदान देने और अपने पूर्वजों के आदेशों और इच्छाओं का पालन करने की आवश्यकता होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भगवान राम रहस्यवाद के प्रतीक थे जो पवित्रता के साथ सीधे जुड़ाव की स्थिति में थे, यह सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है क्योंकि केवल ऐसी महान आत्मा ही मानवता को भक्ति, सत्य और न्याय के शक्तिशाली शुद्ध और पारलौकिक सिद्धांत दे सकती थी।

धर्म के दूत भगवान राम सभी उम्र के लोगों के लिए और हर व्यक्ति के लिए, जीवन की हर क्षमता में जीवन भर संदेश देते हैं। ऐसा सशक्त व्यक्तित्व, जिसका हर शब्द मानवता के लिए ज्ञान का स्रोत है, धार्मिक, जाति, पंथ और अन्य विचारों से परे सभी का है। हमारे समाज में धर्म की धारणा अलग-अलग हो सकती है और सामाजिक स्तर पर और व्यक्तिगत स्तर पर धर्म का टकराव होना स्वाभाविक है, लेकिन जैसा कि भगवान राम कहते हैं, ऐसे मतभेदों के परिणामस्वरूप सत्य की जीत होनी चाहिए और होगी। वास्तव में कहा जा सकता है कि भगवान राम का पूरा जीवन इस सत्य की खोज में बीता, जिसका उच्चतर, श्रेष्ठ और आध्यात्मिक अर्थ है। सत्य की तीक्ष्ण शक्ति से सुसज्जित उन्होंने दुनिया के सामने यह साबित कर दिया है कि प्यार और नफरत सभी रिश्तों का आधार होना चाहिए, जिसे वर्तमान पीढ़ी को दृढ़ता से बनाए रखना चाहिए। किसी भी उद्देश्य के प्रति प्रेम का तात्पर्य अन्यता से है। ऐसे गुण प्रकृति में दिव्य हैं, जिनका वर्तमान युग में मिलना दुर्लभ है क्योंकि यह केवल भगवान राम जैसे पूर्ण व्यक्ति में ही रह सकते हैं। यह सच है कि समकालीन दुनिया और समाज भगवान राम जैसी दिव्य और आध्यात्मिक सत्ता की कल्पना केवल उनके गुणों के माध्यम से ही कर सकता है। उसे अमूर्त रूप में महसूस और अनुभव नहीं किया जा सकता। भगवान राम का जीवन सफल और सकारात्मक है, जो सत्य, धैर्य और सदाचार जैसी सशक्त प्रतिभाओं के साथ शक्ति, वासना और बेईमानी की बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध एक असाधारण और दिव्य व्यक्ति का एक आदर्श उदाहरण है।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि ब्रह्मांड में निहित रचनात्मक और राजसी क्षमता हर व्यक्ति में प्रतिबिंबित होती है, लेकिन इसकी पूर्ण अभिव्यक्ति पूर्ण पुरुष, भगवान राम में पाई जाती है, जिनमें ब्रह्मांड के सभी पूर्ण गुण जन्मजात हैं। ऐसे पूर्ण पुरुष को ब्रह्मांड का कारण माना जा सकता है, जो इस रहस्योद्घाटन का संकेत देता है कि भगवान जानने के लिए उत्सुक हैं और यह भगवान राम के माध्यम से है, जो धर्म के अंतिम प्रतीक हैं और इसलिए पूर्णता के हैं, कि हम सर्वशक्तिमान को जान सकते हैं।

इसलिए हमें उनके मूल्यों को वास्तविक व्यवहार में लाकर उनसे प्रेम करना चाहिए और बदले में उनसे प्रेम पाना चाहिए। दुनिया मानवता के लिए बनाई गई है और इसलिए इसकी अंतर्निहित पवित्रता और अच्छाई की रक्षा और संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह तभी साकार हो सकता है जब हम अपने भीतर उन नैतिक मूल्यों और गुणों को आत्मसात करें जो भगवान राम की विशेषताएं हैं। यह बहुत दूर की बात लग सकती है, लेकिन राम मंदिर का संस्थागतकरण एक अनुस्मारक है कि हम सभी को एक नए समाज, एक स्वर्णिम समाज के पुनर्निर्माण का संकल्प लेना चाहिए जहां भाईचारा, प्रेम, सद्भाव और धर्मपरायणता पहले होगी और संकीर्ण विचारों पर हावी होगी। संपूर्ण विश्व राजा श्री राम के स्वागत के लिये उत्सुक और उत्साहित है।

**(लेखक, सत्यवती कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग से संबद्ध हैं।)**

# श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**श्रीराम** मंदिर निर्माण के कारण हो रहे मंगलमय परिवर्तन का सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा है। श्रीराम की चेतना के कारण मानवता के विकास की दिशा स्पष्ट हो रही हैं। भारत की चिरगरिमा प्रतिष्ठा पा रही है। भारत अपनी विसंगतियों को दूर करने की दिशा में प्रवृत्त हो रहा है।

भारत के राम भारत राष्ट्र के हृदय की धड़कन हैं। राम राष्ट्र हैं। वे भारत राष्ट्र की पहचान हैं। राम का नाम लेकर यहां का वासी अपनी जिंदगी की घड़ियां गुजारता है। राम उसके भगवान हैं मयार्दा पुरुष भी। राम स्वयं काल हैं, वे काल सत्य हैं। वे खण्डित नहीं, अखण्ड हैं। उन्हें काल खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा से स्रोत हैं। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण करके भारत भूमि पर उतरी थी। वे संपूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना का पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं।

श्रीराम के चरित्र के साथ ही मानव समाज के लिए उदात्त मानवीय आदर्शों का प्रणेता उपस्थित होता है। श्रीराम, जो राजतंत्र को लोकतंत्र का स्वरूप प्रदान करते हैं, विवष और संकटग्रस्त होकर भी कभी नहीं टूटते हैं, स्वयं शोषित रहकर जन-जन को परिपोषित करते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी निष्ठा, उदारता, सरलता, सहिष्णुता से विचलित नहीं होते हैं, वे ही भारतीय चिन्तन में मानवीय अवधारणा के प्रतिरूप हैं।

इस देश को प्रेरणा के लिए चाहिए प्रकाश पुंज साक्षात उदाहरण, कोई ऐसा ज्वलंत जीवन जो देशवासियों का केंद्रबिंदु हो। भारत के पास यह ज्वलंत जीवन है। उसके पास उसका राम है। यहां की जनता अपने राम से जुड़ रही है। वह अपने देश की राजनीति को राम केंद्रित बना रही है कि कोई व्यक्ति या दल देश के शासन तंत्र का उपयोग और संचालन अपने लिए नहीं, सबके सुख, सबकी समृद्धि और सबकी निरामयता के लिए करे।

श्रीराम भारत के प्रकाश हैं और भारत विश्व का प्राणाधार। राम, भारत और विश्व को अन्योन्याश्रित संबंध है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि का प्रत्येक अंश राम का अंश है। रामांश होने का अर्थ है जीवन की अनगढ़ता का अंत और अनगढ़ कृत्यों के अपराध से मुक्ति। अनगढ़ अर्थात असंस्कृत कृत्यों के अपराध से मुक्ति अर्थात मंगलमय जीवन का प्रारंभ। यह मंगलमयता व्यक्ति को समाज, राष्ट्र अ?र विश्व के साथ एकात्म करती है। मंगलमयता ही परिवर्तन का बीज है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि विभेदकारी राजनीति द्वारा क्षतिग्रस्त भारतीय समाज की संरचना दिन-प्रतिदिन बिखरती गई। श्रीराम से जुड़कर उसे एक बार फिर एकात्मबोध को संदेश मिला है। श्रीराम भारतीय सामाजिक संरचना के संवेदनशील तंतु और तत्व ही नहीं हैं, वे राष्ट्रीय अखण्डता की आधारभूमि भी हैं।

श्रीराम परिवर्तन का नाम है। संबंधों और संबोधनों तक में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। भाषा और भावनाएं परिवर्तित हो रही हैं। परिवार, व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की धारणा और अवधारणा भी बदल रही है। जो लोग देश–दशा का दर्शन केवल समाचार पत्रों या न्यूज चैनल के समाचारों और शीर्षकों से करते हैं वे निराश हैं, किंतु जो देश की धरती पर लिखे जा रहे इतिहास के संदेश और सामचार से जुड़े हैं वे आशान्वित हैं। वे उज्ज्वल भविष्य का दर्शन कर रहे हैं।

समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, गोष्ठियों और डिबेट में जिस तरह की चर्चा होती है वह असली भारत नहीं है। वह भारत का यर्थाथ भी नहीं है। वे सभी वास्तविकता से कटे हुए है। संदर्भहीन हैं। असली भारत देशवासियों के मन में, खेत खलिहानों में, कर्मरत किसानों में, युवकों के अंतःकरण में स्फुरित हो रही आस्था में अपना नवीन रूपाकार ग्रहण कर रहा है। विकृत बुद्धि वाले लोग परेशान ही इस कारण से हैं कि उनके थोथे चने का बजना बंद हो रहा है। ये जितना अधिक जोर से चीखेंगे, उनकी आवाज जितनी अधिक ऊंची होती जाएगी, श्रीराम के भारत के उदय की संभावना उतनी ही सबल और उतनी ही समीप आती जाएंगी।

श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण हो रहे मंगलमय परिवर्तन का सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा है। श्रीराम की चेतना के कारण मानवता के विकास की दिशा स्पष्ट हो रही हैं। भारत की चिरगरिमा प्रतिष्ठा पा रही है। भारत अपनी विसंगतियों को दूर करने की दिशा में प्रवृत्त हो रहा है। भारत की राष्ट्रीय अस्मिता वास्तविक रूप में अभिव्यक्त होने को है। जो लोग श्रीराम को स्वीकार नहीं करते वे सीधे और स्पष्ट शब्दों में उन्हें नकार भी नहीं पा रहे हैं। समस्त विश्व को प्रभावित करने में श्रीराम मंदिर की महान् भूमिका का महत्व मौनभाव से ही सही, स्वीकार किया जाने लगा है। श्रीराम के भाव और कर्मतंतु से जुड़े इस देश में अब सब कुछ बदलने की स्थिति में है। परिवर्तन शिशु के जन्म के पूर्व की सुखद पीड़ा आरंभ हो चुकी है। 22 जनवरी को भरी दुपहरी में यह परिवर्तन श्रीराम की तरह संपूर्ण भारत भूमि और देशवासियों के मन में जन्म लेगा और सब कुछ बदला-बदला सा नहीं, बदला हुआ होगा। यह आश्वासन मेरा नहीं, अपने देश के तपस्वी और त्रिकालदर्शी सिद्ध पुरुषों का है।


हम, हमारा समाज और राष्ट्र परेशान क्यों हैं? केवल इसलिए कि व्यक्ति समाज और राष्ट्र जीवन का उलझा हुआ संबंध अभी तक सुलझ नहीं पाया, उसे व्यवस्थित नहीं किया गया, उसे व्यवस्थित नहीं किया जा सका। विकास की दिशा निश्चित नहीं की जा सकी। श्रीराम आज व्यक्ति समाज और राष्ट्र के जीवन चरित्र के रूप में एक बार सबके सामने खड़े हैं। विकास की अपराधी अवधारणा की कलई खुलने लगी है और उलझा संबंध अब सुलझने सुधरने लगा है। गत 76 वर्षों में यह प्रथम बार हुआ



है कि सत्तातंत्र और राजनीति अर्थतंत्र की जमीन से आस्था की भूमि की ओर मुड़ रही है। अर्थतंत्र में उलझी राजनीति श्रीराम की जनआस्था पर आरुढ़ होकर चिरगुलामी और गुलामी के प्रतीकों से मुक्त हो रही है। अर्थतंत्र ने ही इस देश को मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी में जकड़कर उनकी सत्ता की स्थापना की थी। मुगलों की विलासिता और अंग्रेजों की लूट ने देश को कंगाल और कमजोर किया। भारत की राजनीतिक दासता का दोषी अर्थतंत्र है। जो लोग पैसे को ही परमेश्वर मानते हैं, उनके ही आश्रम में कांग्रेस कल्चर का विकास हुआ है।

देश की राजनीति का अर्थ से आस्था की ओर मुड़ना एक शुभ संकेत है। अर्थ दासता, लोभजनित कुण्ठा और क्रूरता को जन्म देता है, उसका आयाम बहुत सीमित है। आस्था का आयाम बहुत बड़ा और बहुत व्यापक है। आस्था का तप-त्याग, सेवा-समर्पण, मैत्री और बंधुता को बोध है। उसमें अपनत्व है, सबको आत्मवत समझने की सहज प्रवृत्ति है। दुःख-दारिद्रय के प्रति दया भाव ही नहीं, उसको समाप्त करने के लिए कर्म चेतना जागृत करने की क्षमता भी है। अर्थतंत्र मुक्त राजनीति श्रीराम से जुड़ेगी तो भूख का शमन स्वतः और सहज भाव से होगा।

वास्तव में, भारत का अपने राम की आस्था और आदर्शों पर लौटना किसी बाहरी दबाव के कारण नहीं हुआ। जिन लोगों को इसके कारण केवल राजनीतिक दिखते हैं, वे या तो भयंकर भूल कर रहे हैं, अथवा उन्हें संस्कृति की महाशक्ति का ठीक तरह से ज्ञान नहीं है। राम देश का स्वभाव हैं। देश उनके बिना नहीं रह सकता और यही कारण है कि जब-जब भारत अपने स्व-भाव राम की ओर बढ़ा है, तब-तब उसकी तेजस्विता बढ़ी है, धर्म जागृत हुआ है और मनोरथसिद्ध मुस्कान उसने प्राप्त की है। ये जान लीजिए श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती, वह सबको लेकर, सबके साथ-साथ सबके सम्मान को अक्षुण्ण रखते हुए ही आगे बढ़ती है।



# विश्व नंबर तीन रीबाकिना हारकर बाहर, ब्लिंकोवा ने ग्रैंडस्लैम इतिहास के सबसे लंबे टाईब्रेकर में हराया

एजेंसी



**मेलबर्न।** गैरवरीय रूस की अन्ना ब्लिंकोवा ने ग्रैंड स्लैम इतिहास के एकल मैच में सबसे लंबे टाईब्रेकर में विश्व नंबर तीन रीबाकिना को हराकर टूनामेंट से बाहर कर दिया। विश्व रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज ब्लिंकोवा ने गुरुवार को दूसरे दौर के मैच का पहला सेट 6-4 से जीता, जबकि पिछले साल की फाइनलिस्ट रीबाकिना ने इसी स्कोर से दूसरा सेट जीता। तीसरा सेट 6-6 से बराबर हो गया और मैच टाई-ब्रेक में पहुंचा, जिसे ब्लिंकोवा ने 22-20 से जीत लिया। यह ट्राईब्रेकर 31 मिनट से अधिक समय तक चला। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के अनुसार, इसने 38 अंकों के पिछले सबसे लंबे टाई-ब्रेक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। निर्णायक सेट के दौरान टाईब्रेक में रूसी खिलाड़ी ने 12वें गेम में दो मैच प्वाइंट गंवाए और फिर इसके बाद रॉड लेवर एरेना में जो हुआ, वह रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया। टाईब्रेक के दौरान दोनों खिलाड़ियों के लिए मैच प्वाइंट आए और गए, लेकिन रीबाकिना ब्लिंकोवा से पार नहीं पा सकीं। मैच के बाद ब्लिंकोवा ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि क्या कहना है, यह बहुत कठिन था। मैंने हर अंक पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। ब्लिंकोवा ने कहा- मेरे पास इतने सारे मैच पॉइंट थे और मैंने इन क्षणों में आक्रामक होने की कोशिश की, लेकिन मेरे हाथ कांप रहे थे, मेरे पैर भी। मैंने जहां तक संभव हो शांत रहने की कोशिश की और जीत हासिल करके बहुत खुश थी। मैं खुद से यह कह रही थी कि बस मजबूत रहो और गेंद को कोर्ट में में रखो और आखिरकार यह काम कर गया। मैं इस दिन को जिंदगी भर याद रखूंगी। यह मेरे जीवन का अब तक का सबसे अच्छा दिन है।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल मुकाबले में डकवर्थ-पोलमैंस को हराया



**मेलबर्न।** भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले के शुरूआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की स्थानीय टीम को हराते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गये है। गुरुवार को यहां खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो से मुकाबला करेंगे।

## स्वीयाटेक ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंची



**मेलबर्न।** विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक गुरुवार को दूसरे दौर के निर्णायक सेट में 1-4 से दो बार पिछड़ने के बाद मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए डेनियल कोलिन्स को 6-4, 3-6, 6-4 से हराते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई है। पोलैंड की स्वियाटेक और चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा के बीच तीसरे दौर का मुकाबला होगा।

### अन्य मुकाबले

ब्लिंकोवा के अलावा महिलाओं में विश्व नंबर एक वहीं, पांचवीं वरीयता प्राप्त पेगुला को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। उन्हें गैरवरीय बुरेल ने 6-4, 6-2 से हरा दिया। वहीं, ब्रिटेन की एमिला रादुकानू को भी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें चीन की वाईएफ वांग ने 6-4, 4-6, 6-4 से हरा दिया। 19वीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना और 11वीं वरीयता प्राप्त ओस्टापेंको जीत दर्ज करने में कामयाब रहीं और तीसरे दौर में पहुंच गईं।

## नागल हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन से हुए बाहर

**मेलबर्न।** भारत के उभरते टेनिस स्टार सुमित नागल की ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार शुरूआत गुरुवार को समाप्त हो गई। दूसरे दौर में नागल को चीन के शांग जुनचेंग से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने प्रत्येक अंक के लिए कड़ा संघर्ष किया लेकिन 6-2, 3-6, 5-7, 4-6 से हार गए। नागल ने खेल की शानदार शुरूआत करते हुए पहला सेट 6-2 से जीत लिया। हालांकि बाकी तीन सेटों में शांग ने नागल को कोई मौका नहीं दिया और मैच अपने नाम किया। यह मुकाबला 2 घंटे और 50 मिनट तक चला। बता दें कि नागल 1989 के बाद से 35 वर्षों में ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को हराने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बब्लिक को हराकर इतिहास रचा था। सुमित ने वह मैच 6-4, 6-2, 7-6 (5) से जीता था।

## एचएस प्रणय, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को इंडियन ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए हमवतन प्रियांशु राजावत को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये है। वही एक अन्य मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीय पुरुष युगल जोड़ी चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान को मात देते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए हमवतन प्रियांशु को दूसरे दौर के एक घंटा और 16 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20-22, 21-14, 21-14 से हराया।

## श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को टी-20 मुकाबले में नौ विकेट से हराया

**कोलंबो।** श्रीलंका ने गुरुवार को खेले गए टी-20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को नौ विकेट से हराते हुए सीरीज भी 2-1 से जीत ली है। 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने पथुम निसंका नाबाद 39 रन और कुसल मेंडिस 33 रनों की पारी की मदद से 10.5 ओवर में एक विकेट पर 88 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। धनंजय डीसिल्वा ने नाबाद 15 रन बनाये।

## न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रदरफोर्ड ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की



**ओटागो।** न्यूजीलैंड और ओटागो के सलामी बल्लेबाज हामिश रदरफोर्ड अगले हफ्ते डुनेडिन में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ सुपर स्मैश मुकाबले में अपने पेशेवर करियर का आखिरी मैच खेलेंगे। रदरफोर्ड का करियर 2008 में शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने अब तक सभी प्रारूपों में 16,468 रन बनाए हैं। रदरफोर्ड ने अपने 130 प्रथम श्रेणी मैचों के हिस्से के रूप में 16 टेस्ट खेले और 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण पर 171 रन बनाए। उन्होंने 35.26 की औसत से 17 शतकों के साथ 7863 टेस्ट रन बनाए हैं। उन्होंने केवल चार एकदिवसीय मैच खेले, लेकिन 127 लिस्ट ए गेम खेले, जिसमें उन्होंने प्रारूप में 13 शतकों के साथ 4326 रन बनाए, और 192 टी20 (आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय सहित) में 141.50 की स्ट्राइक रेट से 4279 रन बनाए। उन्होंने एक बयान में कहा, ओटागो के लिए खेलना और इस प्रतिष्ठित प्रांत का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा से एक सपना था, लेकिन क्रिकेट ने मुझे और मेरे परिवार को जो मौके दिए हैं, उसके लिए मैं आभारी हूं। मैंने इसका हर मिनट पसंद किया है। मैं परिवार और दोस्तों, साथी खिलाड़ियों, प्रांत के कोच और समर्थक से मिले समर्थन की सराहना करता हूं। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में नील ब्रूम का रिकॉर्ड तोड़ा।

## सूर्यकुमार की जर्मनी में हुई सफल ग्रोइन सर्जरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्पोर्ट्स हर्निया के लिए 17 जनवरी को म्यूनिख में अपनी कमर की सर्जरी सफल सर्जरी कराई। दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद हाल के महीनों में यह उनकी दूसरी सर्जरी है। सर्जरी के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, मैं अपने स्वास्थ्य के लिए उनकी चिंताओं और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं और मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं बहुत जल्द वापस आऊंगा। सूर्यकुमार टखने की सर्जरी के लिए पुनर्वास के लिए एक सप्ताह पहले तक बेंगलुरु में थे। कमर की सर्जरी के बाद फरवरी के मध्य में उनके पुनर्वास शुरू करने की संभावना है। उनके आईपीएल 2024 में एक्शन में लौटने की संभावना है, जो मार्च के तीसरे सप्ताह में शुरू होने वाला है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार को दक्षिण अफ्रीका में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत का टी20 कप्तान बनाया गया था। उन्होंने 12 दिसंबर को गकेबरहा में



दूसरे टी20 में 36 गेंदों पर 56 रन और 14 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में तीसरे टी20 में 56 गेंदों पर 100 रन बनाए। वह दक्षिण अफ्रीका में बाद की तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे, वह अपनी चोटों के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

## पीसीबी पर भड़के राजा

**नयी दिल्ली।** पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने टी20में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की सफल सलामी जोड़ी को विभाजित करने के फैसले की आलोचना की है। बाबर और रिजवान ने खेल के सबसे कम समय में पाकिस्तान के लिए बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए जबरदस्त सफलता हासिल की और इस जोड़ी ने टी20 में अपनी टीम के लिए शीर्ष 5 सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान टीम प्रबंधन ने सैम अयूब को टीम में लाने के लिए उन्हें विभाजित करने का फैसला किया।

## ऑस्ट्रेलिया के बाद उज्बेकिस्तान से हारा भारत, अंक तालिका में सबसे नीचे टीम इंडिया

**नयी दिल्ली।** अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करने वाली भारतीय टीम गुरुवार को एशिया कप फुटबॉल टूनामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान से 3-0 से हार गई। उज्बेकिस्तान के लिए अबोसबेक फैजुल्लाएव ने चौथे मिनट, इगोर सर्जीव ने 18वें मिनट और शेरजोद नसरूल्लाएव ने हाफ टाइम से ठीक पहले गोल दागा। भारत विश्व रैंकिंग में 102वें, जबकि उज्बेकिस्तान 68वें नंबर पर है। दोनों के बीच अब तक कुल नौ मैच खेले गए हैं। इन नौ मैचों में भारत ने सिर्फ एक बार उज्बेकिस्तान को हराया है। छह मैच हारे और दो मैच ड्रॉ रहे। भारत ने 13 जनवरी को खेले गए अपने पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया को 50 मिनट तक गोल करने नहीं दिया था, लेकिन आखिर में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय टीम ने उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज नहीं करने दी। भारतीय रक्षापंक्ति ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ वह इसे जारी रखने की कोशिश करेंगे।

## युवराज की टीम हारी, सचिन ने बल्लेबाजी के अलावा विकेट भी निकाला

एजेंसी

**बेंगलुरु।** गुरुवार (18 जनवरी) को बेंगलुरु के साई कृष्णन क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित वन वर्ल्ड वन फैमिली कप में दिग्गजों ने मैदान पर वापसी की जिसमें सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह की टीम शामिल रही। युवराज की अगुवाई वाली टीम वन फैमिली ने डैरेन मैडी के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 180/6 का स्कोर बनाए। इसके बाद अल्वीरो पीटरसन ने 50 गेंदों में 74 रन बनाकर तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम वन वर्ल्ड को 4 विकेट से जीत दिलाई। अंतिम ओवर में 7 रनों का बचाव करते हुए यूसुफ पठान ने गेंदबाजी की लेकिन इरफान पठान ने एक गेंद शेष रहते छक्का लगाकर टीम वन वर्ल्ड को लक्ष्य पार करा दिया और 5 गेंदों में 12 रनों की नाबाद पारी खेली। तेंदुलकर बल्ले से अच्छी लय में दिखे और मुथैया मुरलीधरन द्वारा 16 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट होने से पहले आइकन ने 3 चौके और एक छक्का लगाया। तेंदुलकर ने पहले विकेट के लिए नमन ओझा के साथ 31 रनों की साझेदारी की। इसके बाद पीटरसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रनों की साझेदारी की। जिन्होंने रन चेज में उपुल थरंगा (20 गेंदों पर 29) के साथ 59 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इसी के साथ ही तेंदुलकर ने मैच के दौरान दूसरे ओवर में गेंदबाजी करते हुए विकेट भी लिया।

## सचिन तेंदुलकर से जुड़ा डीप फेक मामला : गेमिंग साइट और फेसबुक पेज के खिलाफ केश दर्ज

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर द्वारा उनके एक डीप फेक वीडियो पर चिंता जताए जाने के बाद मुंबई पुलिस ने एक गेमिंग साइट और एक फेसबुक पेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस वीडियो में उन्हें गेमिंग से जुड़े एक एप्लिकेशन (ऐप) का प्रचार करते हुए दिखाया गया था जो उपयोगकताओं को आसानी से पैसे कमाने का लालच देता है। भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) और आई टी अधिनियम की धारा 66 (ए) (संचार सेवाओं के जरिए अपमानजनक संदेश भेजना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।तेंदुलकर के निजी सचिव ने पश्चिम क्षेत्र के साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पहले इस वीडियो में तेंदुलकर को इस एप्लिकेशन की खूबियों के बारे में बताते हुए दिखाया गया है। वह कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता था कि पैसा कमाना इतना आसान हो गया है तथा उनकी बेटी भी इसका उपयोग करती है।

## डेविड वॉर्नर, ट्रेंट बोल्ट, डेरेन ब्रावो खेलेंगे अंतरराष्ट्रीय लीग टी20, UAE में खेला जाएगा टूनामेंट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट और वेस्टइंडीज के डेरेन ब्रावो समेत कई बड़े खिलाड़ी यहां शुक्रवार से शुरू हो रही छह टीमों की डीपी विश्व इंटरनेशनल लीग टी20 के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। टूनामेंट में 34 मैच खेले जाएंगे और फाइनल 17 फरवरी को दुबई में होगा। दुबई में 15, अबुधाबी में 11 और शारजाह में आठ मैच खेले जाएंगे। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने भी मुंबई इंडियंस अमीरात के साथ करार किया है। मुंबई अमीरात (रिलायंस इंडस्ट्रीज) के अलावा अन्य टीमों में अबुधाबी नाइट राइडर्स (कोलकाता नाइट राइडर्स), डेजर्ट वाइपर्स (लांसर कैपिटल), दुबई कैपिटल्स (जीएमआर), गल्फ जाइंट्स (अडानी स्पोटर्सलाइन) और शारजाह वारियर्स (कैप्री ग्लोबल) शामिल है। वॉर्नर, बोल्टऔर ब्रावो के साथ इसमें सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, कोरी एंडरसन, दासुन शनाका, रहमानुल्लाह गुरबाज, सैम बिलिंग्स, क्रिस वोक्स और मार्टिन गुप्टिल भी खेलेंगे। टूनामेंट जी के 10 चैनलों (एंड पिक्चर्स, जी सिनेमा, जी अनमोल सिनेमा, जी जेस्ट, जी गंगा, जी सिनमालु , एंड फ्लिक्स आदि) पर दिखाया जाएगा। पहला सत्र गल्फ जाइंट्स ने जीता था। टूनामेंट का पहला मैच शारजाह वारियर्स और गल्फ जाइंट्स के बीच 19 जनवरी को खेला जाएगा।

# न्यूजीलैंड ने चेक गणराज्य को 2-0 से किया पराजित

### एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के तहत गुरुवार को दूसरा मुकाबला न्यूजीलैंड और चेक रिपब्लिक के बीच खेला गया। जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, खेले गये इस मैच के पहले हाफ तक दोनों टीम बराबरी पर रही। अंततः न्यूजीलैंड ने 2-0 से जीत हासिल की। न्यूजीलैंड की ओर से डोर केटी तथा सी समंथा ने एक- एक गोल किया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए चेक गणराज्य की चेचाकोवा बारबोरा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## पेनल्टी शूटआउट में इटली ने चिली को 4-3 से किया पराजित

**रांची।** राजधानी रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 में गुरुवार को इटली-चिली के बीच पहला मैच हुआ। इसमें पेनल्टी शूटआउट के बाद इटली ने चिली को 4-3 से हराया। चिली और इटली के बीच खेले गए इस मुकाबले के फर्स्ट हॉफ में इटली 2-1 से आगे था। इस दौरान इटली की ओर से ब्रूनी एंटोनेला और कार्टा ने गोल किये थे जबकि चिली से एकमात्र गोल टाला फ्रांसिस्का ने किया। अंततः यह मैच 2-2 पर खत्म हुआ। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में इटली ने 2 गोल किये जबकि चिली की टीम एक ही गोल कर पाई। इटली की फ्रेडरिक कार्टा को प्लेअर ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर पूर्व खेल मंत्री और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, खेल निदेशक सुशांत गौरव और हॉकी इंडिया के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



## जापान को परास्त कर फाइनल में पहुंचा अमेरिका

**रांची।** एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के तहत पहला सेमीफाइनल मैच जापान और अमेरिका के बीच गुरुवार को हुआ। इसमें अमेरिका ने 2-1 से जीत हासिल की। इसके साथ वह ओलंपिक क्वालिफायर मुकाबले के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी। जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में गुरुवार को खेले गये इस मुकाबले के पहले और दूसरे क्वार्टर तक दोनों में से किसी भी टीम को एक भी गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। हाफ टाइम के बाद तीसरे क्वार्टर में जापान के लिए एमिरु सिमाडा ने एक गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। हालांकि, इसके बाद अमेरिका की कप्तान एश्ले हॉफमैन ने आखिरी क्वार्टर में अपने खेल से टीम की जबरदस्त वापसी कराई और टीम को 2-1 से जीत दिलायी। उनके अलावा तमेर ने भी टीम के लिए एक गोल किया। आखिर में मुकाबला 2-1 पर खत्म हुआ और अमेरिका की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी। जर्मनी 19 जनवरी को फाइनल में अमेरिका से भिड़ेगी।



## फीडे के बोरिस सवचेंकों बने इंदौर ग्रांड मास्टर्स शतरंज के विजेता, भारत के रत्नाकरण को तीसरा स्थान

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर के आइपीएस कॉलेज में चल रहे इंदौर इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूनामेंट का खिताब फीडे के ग्रांड मास्टर बोरिस सवचेंकों नें अपने नाम कर लिया। बोरिस नें अंतिम रोमांचक राउंड में वियतनाम के गुएन डुक हुआ को पराजित करते हुए 8.5 अंक बनाकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं एक राउंड पहले तक सबसे आगे चल रहे तीसरे वरीय बेलारूस के अनुभवी ग्रांड मास्टर अलेक्सी फेडोरोव को अंतिम राउंड में भारत के गौतम कृष्णा नें ड्रॉ पर रोक लिया और इसके बाद फेडोरोव 8 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे जबकि 7.5 अंक बनाने वाले गौतम टाईब्रेक के आधार पर पांचवें स्थान पर रहे पर उन्होने इंटरनेशनल मास्टर नार्म हासिल कर लिया। 7.5 अंक बनाकर भारत के रत्नाकरण टाईब्रेक के आधार पर तीसरे तो नीलाश सहा चौंथे स्थान पर रहे। अंतिम राउंड में के रत्नाकरण नें बेल्जियम के इगोर ग्लेक तो नीलाश नें हमवतन औदि अमेय को मात दी।

## 67वीं राष्ट्रिय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ,चंडीगढ़ को 11-0 से रौंदा



**रांची।** 67वी राष्ट्रिय स्कूली खेल प्रतियोगिता मेंगुरूवार को झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ को 11-0 से हराया। वहीं अंडर 14 मैच मणिपुर और पश्चिम बंगाल के बीच खेले गए मुकाबले में मणिपुर ने 4-1 से जीता दर्ज की। मणिपुर बनाम कर्नाटक बालक वर्ग फुटबॉल मुकाबले में मणिपुर ने 4-0 से जीत अपने नाम किया। उत्तराखंड बनाम केंद्रीय विद्यालय के मैच में उत्तराखंड की टीम ने केंद्रीय विद्यालय की टीम को 4-0 से शिकस्त दी। पंजाब बनाम पश्चिम बंगाल के बीच हुए मुकाबले में पश्चिम बंगाल की टीम पंजाब को 4-0 से दी शिकस्त।

## स्पीड न्यूज

### भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक


बैठक करते लोग।

**भवनाथपुर।** थाना परिसर में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में श्री राम भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर होने वाले क्षेत्र में कार्यक्रमों को लेकर थाना परिसर में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय की अध्यक्षता के बैठक आयोजित की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने दोनों समुदायों को मिलजुल कर पूजा मनाने का अपील की। पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि अगर कोई शरारती तत्व के द्वारा किसी भी तरह का गेदरिंग किया जाता है तो तुरंत थाना को सूचित करें। दोनों समुदाय को शांतिपूर्ण पूजा मनाने की अपील की। बैठक में शामिल सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों से बारी बारी से होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। जिसमे अधिकतर पंचायतों के देवालयों में हवन पूजन मंदिर की सजावट के साथ साथ पंचायत स्तर पर प्रोसेसन निकालने की तैयारी की जानकारी लिया। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से 21 एवं 22 जनवरी को शराब दुकान एवं मीट दुकान बंद रखने की मांग की। मौके पर एसआई कुंदन यादव, विजय शंकर राय, राजू उरांव, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, अनिल चैबे, संजय यादव, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक,सिंदुरिया पंचायत उप मुखिया वैश खा,बीडीसी शकील अहमद, घनश्याम शुक्ला, राजमोहन यादव, शंभू सेठ, अजीत कुमार, दयानंद प्रजापति, महेंद्र पासवान, राजेंद्र पासवान, उमेश सिंह, विनोद यादव, उमेश शर्मा,कमरुद्दीन अंसारी,कसमुद्दीन अंसारी, रहीम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बेहतर आवागमन की सुविधा से कोई भी क्षेत्र नहीं रहेगा वंचितः मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत गढ़वा-चिनियां मुख्य पथ के भुईयां टोला तीसरटेटुका पथ में बबई नदी पर एक करोड़ 66 लाख 79 हजार 100 रुपए की लागत से नया पुल का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना से बनने वाले इस पुल निर्माण की निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त नदी पर पूर्व से निर्मित पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। यह मार्ग तीसरटेटुका होते हुए झोतर, जरही तक जाती है। स्कूल से प्रतिदिन काफी संख्या में लोगां का आवागमन होता है। पुल की जर्जर स्थिति के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वस्तुस्थिति को देखते हुए झारखंड सरकार ने उनके आग्रह पर उक्त पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य कर रही है। पूर्व में पूरे गढ़वा की सड़क, पुल, पुलिया आदि की स्थिति काफी जर्जर थी। परंतु उनके प्रयास एवं हेमंत सरकार के विकास नीतियों के फलस्वरूप आज संपूर्ण गढ़वा के चप्पे-चप्पे पर बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अधिकतम क्षेत्रों में अतिआवश्यकता वाले सभी सड़कां, पुल, पुलिया आदि का निर्माण हो चुका है। साथ ही बहुत सारे क्षेत्रों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। जबकि शेष बचे क्षेत्रों में बहुत जल्द कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। आने वाले समय में गढ़वा का कोई भी क्षेत्र बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। मंत्री ने कहा कि पूर्व में गढ़वा के अधिकतम सड़कों की स्थिति ऐसी थी कि इन सड़कों पर यात्रा करते समय लोगों का जान हमेशा जोखिम में रहता था। परंतु आज गढ़वा की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। शहर से लेकर गांव तक हर ओर आवागमन के लिए बेहतर सड़कें उपलब्ध हैं।

### टैलेंट हंट ओलिंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन 21 को

**कोडरमा।** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के द्वारा आगामी 21 जनवरी रविवार को टैलेंट हंट ओलिंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लड्ढा एवं कोषाध्यक्ष गुंजन अग्रवाल ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता कक्षा एलकेजी से कक्षा पांचवी तक के छात्रों के लिए आयोजित किया जाएगा। कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के लिए ऑब्जेक्टिव टाइप सवाल होंगे और कक्षा प्रथम से पांचवी तक के छात्रों के लिए मल्टीपल चॉइस सवाल होंगे। वहीं प्रत्येक कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप स्पोर्ट्स साईकल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से बच्चों को एक्सपोजर एवं उनके आईक्यू को भी बढ़ाने का एक शानदार अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले छात्रों के लिए 25 रूपए रजिस्ट्रेशन फी रखा गया है।

# जिले में मैट्रिक व इंटर बोर्ड परीक्षा की तैयारी जोरों पर

● मैट्रिक की परीक्षा में 13,384 छात्र छात्राएं व इंटर की परीक्षा में 10,438 परीक्षार्थी होंगे शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में 6 फरवरी से शुरू होने वाले मैट्रिक और इंटर (सभी संकाय) की परीक्षा को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है, इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में जिलेभर से 13,384 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। वहीं इंटर (सभी संकाय) की परीक्षा ने 10,438 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करवाने को लेकर जैक के निर्देश पर जिला स्तर पर तैयारी अंतिम चरण पर है। वहीं डीईओ नयन कुमार ने बताया कि मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्रों का निर्धारण कर जैक को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा को सम्पन्न करवाने के लिए सभी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है और जिन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे नही है अथवा खराब है, वहां के केंद्राधीक्षक, प्रधानाध्यापक को अविलंब सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया है, जल्द ही सम्बंधित केंद्रों में वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी, इसकी तैयारी चल रही है।

**मैट्रिक परीक्षा के लिए 25 व इंटर के लिए 12 केंद्र बनाए गए**

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मैट्रिक परीक्षा के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि इंटर (तीनों संकाय) के लिए 12 केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डूमरडीहा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती, रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरीतिलैया, उत्क्रमित उच्च विधालय उरवां, झुमरीतिलैया कॉमर्स इंटर कॉलेज, आदर्श मध्य विद्यालय चंदवारा, रा.मो.म.मो प्लस टू उच्च विधालय चंदवारा, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर मरकच्चो, उच्च विद्यालय, फुलवरिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेहराडीह, राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय डोमचांच, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बच्छेडीह, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर, कन्या मध्य विद्यालय जयनगर, राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह सतगावां, मध्य विद्यालय बासोडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलीडीह सतगावां और उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुट्टा सतगावां के नाम शामिल है। वहीं इंटर के लिए बनाए गए 12 परीक्षा केंद्रों में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डूमरडिहा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पत्थलडीहा, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती, रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरीतिलैया, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बच्छेडीह, झुमरीतिलैया कॉमर्स इंटर कॉलेज और स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय फुलवरिया डोमचांच के नाम शामिल है।

## कस्तूरबा विद्यालय में अभिभावकों के साथ वार्डन ने किया बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को अभिभावकों के साथ बैठक किया गया।जिसकी अध्यक्षता वार्डन बिंदू पोहकार ने किया।एवं संचालन अमरदीप सिंन्हा ने किया। जहां नामांकन को लेकर विशेष चर्चा की गई।कस्तूरबा विद्यालय में 5 से 6 कलास में 30 जनवरी तक बच्चों का नामांकन किया जाएगा।जिस पर विशेष जोर देने की बात वार्डन में अभिभावकों को कहीं। एवं प्रचार प्रसार करने को भी कहा। और कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जहां बच्चियों को शत प्रतिशत विद्यालय में उपस्थित होने के लिए अभिभावक को सशक्त होने की बात कही गई।26 जनवरी को सभी अभिभावकों को आने को लेकर आमंत्रण किया।वहीं वार्डन ने बताई कि बच्चियों को विद्यालय से छुट्टी कराकर घर में ज्यादा दिन नहीं रखें। विद्यालय में बच्चियों को सभी व्यवस्था दी जा रही है और वेबसाइट शिक्षा के अंतर्गत संगीत की ज्ञान बच्चियों को दिया जा रहा है।इस पर भी चर्चा किया गया।आत्मरक्षा हेतु बच्चियों को काठमांडू का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। आईसीडी कंप्यूटर का भी शिक्षन बच्चियों को करवाया जा रहा है।वही पोक्सो एक्ट के तहत 2012 एवं बाल विवाह पर रोकथाम को लेकर भी चर्चा किया गया।और अभिभावकों को कहा गया की जल्दबाजी में बच्चियों की शादी ना करें। हर्ष जोहर कार्यक्रम की जानकारी बच्चियों को दिया जा रहा है।ताकि बच्चियां आत्म निर्भर व विश्वास जमा सके। सावित्रीबाई फूलों योजना के तहत बच्चियों का फॉर्म भी भरवारा जा रहा है।वह अन्य कई जानकारियां वार्डन ने अभिभावकों को बताई। मौके पर उपस्थित शिक्षिका मंजू कुमारी किरण कुमारी अभिभावक मुसाफिर दांगी सीता देवी मनीता देवी विजय यादव राहुल कुमार अनुपम कुमारी किरण कुमारी अनीता देवी सोनिया देवी मंदोदरी देवी फुलिया देवी मंजू देवी दशरथ प्रसाद राजदीप कुमार साहू अंजू देवी देवंती देवी व दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

### डीसी ने डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं का किया समीक्षा



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से जिले में संचालित विकास योजनाओं के प्रगति को लेकर कार्यकारिणी एजेंसी के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब निर्माण, स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध कार्यारम्भ की समीक्षा, विद्यालय भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण एवं मरम्मति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं व पूर्ण किए गए योजनाओं समेत अन्य की बिन्दुवार समीक्षा की गई। जिसमें शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, लघु सिंचाई, जिला परिषद, भवन प्रण्मडल, कृषि विभाग समेत अन्य कार्यकारिणी एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा संचालित विकास योजनाओं में अनियमित्ता या किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। साथ ही कहा जो योजना पूर्व में अनुमोदित हो चुकी है और अभी तक टेंडर या किसी कारणवश लंबित है उसके सभी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए विकास योजनाओं को धरातल पर लायें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद, सभी कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल...



खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, वाहे गुरू जी की खालसा, वाहे गुरू जी के फतेह आदि जयकारों से बुधवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास का क्षेत्र गूंजता रहा। अवसर रहा श्री गुरु गोबिंद सिंह का 357वां जयंती पर आयोजित प्रकाशोत्सव पर्व का। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा भुरकुंडा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेन रोड भुरकुंडा के तत्वावधान में श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का 357वां जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। इस दौरान सबद-कीर्तन, सुखमनी साहेब का पाठ सहित कई धार्मिक अनुष्ठान और भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु गुरू का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही गुरूद्वारा के ग्रंथी हीरा सिंह व अमर सिंह, निशान साहेब की सेवा कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि में दिवान सजाई गई। मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिन्कु ने बताया की गुरु गोविंद सिंह जी सिखों के दसवें गुरु थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक माना जाता है। वे एक महान योद्धा तो थे ही, लेकिन उसके साथ एक महान कवि-लेखक भी थें। उनके दरबार में 52 कवि और लेखक मौजूद हुआ करते थे। वह संस्कृत के अलावा कई भाषाओं की जानकारी रखते थे। कई सारे ग्रंथों की रचना गुरु गोविंद सिंह द्वारा की गई, जो समाज को काफी प्रभावित करती है। प्रधान श्री रंधावा ने बताया की गुरू गोविन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की जो सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। उन्होंने बताया की गुरु गोविंद साहब ने सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ' साहिब की स्थापना की थी। वे मधुर आवाज के भी धनी थे। इसके साथ ही सहनशीलता और सादगी से भरे थे। गरीबों के लिये वे हमेशा लड़े और सबको बराबर का हक देने व भाईचारे से रहने का संदेश दिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरूद्वारा के ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, परमजीत सिंह धामी, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, रिन्कु धामी, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रित सिंह, संदीप सिंह, गुसदीप सिंह रंधावा, सोनू सिंह, पीयूष सिंह, अंग्रेज सिंह, यशवंत सिह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, जसवीर कौर, अनिता कौर, संगीता कौर, उषा कौर, जसमित कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर, अमरजीत कौर, दलविन्दर कौर रिंकी कौर, राज कौर, हरभजन कौर, शीतल कौर, अमृता कौर, सविन्दर कौर, राजरानी कौर, रतन कौर, करम कौर, कमलेश कौर, पूनम कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

### सीआरपीएफ ने युवाओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए अहमदाबाद रवाना किया

**बरवाडीह।** क्षेत्रवासियों को नक्सल समस्या से निजात दिलाने के साथ- साथ ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बरवाडीह प्रखण्ड के मण्डल में पदस्थ सीआरपीएफ 11 बटालियन के अधिकारी और जवान सिर्फ नक्सल मोर्चे पर ही नहीं बल्कि युवाओं को जागरूक कर उन्हें विकास की ओर प्रेरित करने के लिए भी पिछले कई वर्षों से तत्पर और प्रयासरत है। जिसमें सीआरपीएफ को काफी हद तक कामयाबी भी मिल रही हैं। इसी कड़ी में सीआरपीएफ ई 11 बटालियन ने कंपनी कमांडेंट वेद प्रसाद त्रिपाठी के निर्देश पर नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से पंद्रहवीं आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मण्डल के अति नक्सल प्रभावित व दुर्गम क्षेत्रों से दस युवाओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु अहमदाबाद के लिए रवाना किया है। मौके पर मौजूद उप निरीक्षक मो.बारीक ने कहा कि यह युवा वहां के विकास कार्यों के साथ-साथ परंपरा संस्कृति और अन्य विकासोन्मुखी कार्यों को देखेंगे और वहां से लौटने के बाद यहां के युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जुड़ने को प्रेरित भी करेंगे।

## छह वर्षीय अपहृत बच्चा हुआ सकुशल बरामद, दोनों आरोपी महिला गिरफ्तार

● प्रतिशोध की भावना से किया गया था बच्चा का अपहरणः एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस की सक्रियता से तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड से बीते 15 जनवरी को अपहृत हुआ छह वर्षीय बच्चा सकुशल बरामद हो गया। पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए 24 घण्टे के अंदर अपहृत बच्चे को कालका एक्सप्रेस ट्रेन से बरामद किया। साथ ही घटना में संलिप्त दोनों महिलाओं आजाद मुहल्ला झुमरीतिलैया निवासी पूजा देवी पति स्व कुकु रवानी और कोडरमा थाना क्षेत्र के लखिबागी निवासी नेहा कुमारी पिता रामरतन राम को गिरफ्तार किया गया है। उक्त जानकारी गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अनुदीप सिंह ने दिया। पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसपी श्री सिंह ने बताया कि बीते 15 जनवरी को तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड से एक छह वर्षीय बच्चा का अपहरण कर लिया गया था, घटना को लेकर परिजन के द्वारा तिलैया थाना में मामला दर्ज कर बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में पता चला कि आरोपियों के द्वारा उक्त बच्चा को कालका एक्सप्रेस ट्रेन से ले जाया जा रहा है, जिसके बाद प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) रेलवे स्टेशन के सीनियर कमांडेंट विजय प्रकाश पण्डित से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी गयी और उक्त ट्रेन को रुकवा कर तलाशी ली गयी, तलाशी के क्रम में अपहृत बच्चा की पहचान कर उसे सकुशल बरामद किया गया, साथ ही अपहरण कांड में शामिल उपरोक्त दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया गया।

### रेल अधिकारियों व चंदवा सीएचसी के सार्थक प्रयास से मिली मेडिकल सुविधा, हुआ प्रसव

**चंदवा।** बुधवार की देर रात्रि इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रही एक महिला का टोरी रेलवे के अधिकारियों एवं चंदवा सीएचसी के अधिकारियों के तत्परता से तत्काल मेडिकल सुविधा मिली व चंदवा अस्पताल में महिला का सुरक्षित प्रसव हुआ। मिली जानकारी के अनुसार रोशनी कुमारी पति जी मोहन बिंद (रायगढ़) अपने ससुर नंदलाल राम के साथ रायगढ़ छत्तीसगढ़ से परीक्षा देने सासाराम जा रही थी। यात्रा के दौरान ट्रेन में ही अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। टोरी पहुंचते-पहुंचते पीड़ा असहनीय हो गयी। जिसके बाद ससुर टोरी में रौशनी को उतार कर रेल प्रशासन से मदद की अपील की। जिसके बाद रेलवे के जवानों ने इसकी सूचना टोरी स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार को दी। जिन्होंने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना चंदवा सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी को दी। डॉ. नीलिमा कुमारी ने संजीदगी दिखाते हुए महिला के लिए तत्काल एम्बुलेंस भेजी, जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया जहां गुरुवार की अहले सुबह महिला ने बेटी को जन्म दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने बताया कि जच्चा व बच्चा दोनो पूरी तरह से स्वस्थ्य है। अगले 48 घण्टे तक एहतियात के तौर पर जच्चा-बच्चा को मेडिकल निगरानी पर रखा जायेगे। जिसके बाद डिस्चरक कर दिया जाएगा। इधर महिला के सुरक्षित प्रसव एवं समय पर अस्पताल पहुंचाने में रेल अधिकारियों व चंदवा सीएचसी अस्पताल प्रबंधन की तत्परता की चहुँओर प्रशंसा की जा रही है।

### गुनगुन पेपर पंचिंग मशीन थोक एवं खुदरा दुकान का भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय सीबी कंपलेक्स प्रांगण में गुरुवार को गुनगुन पेपर पंचिंग मशीन थोक एवं खुदरा विक्रेता प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ने के उपरांत फीता काटकर किया। इसके पूर्व पंडित रविकांत दुबे के द्वारा विधिवत पूजन कराया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि युवा इस प्रकार के छोटे उद्योग स्थापित कर खुद स्वरोजगारी बन सकते हैं साथ ही कुछ लोगो को रोजगार भी दे सकते हैं। वही प्रतिष्ठा के संचालक नागेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे यहां हर प्रकार के दोना, पत्तल, थाली, ग्लास एवं कप उपलब्ध है। 500 से अधिक की खरीददारी करने पर 3 किलोमीटर तक होम डिलीवरी की सुविधा दी जाएगी साथ ही लड़की की शादी में 31 पत्तल निःशुल्क दी जाएगी। मौके पर मनीष कुमार, दीपक निषाद, रविराज, रिकी वर्मा, टशन कुमार, नकुल कुमार, सुरेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### मधुमक्खी के काटने से वृद्ध हुआ घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के लाटू ग्राम में मधुमक्खी के काटने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र सिंह 90 वर्ष पिता स्व. धनु सिंह ग्राम लाटू थाना बरियातू निवासी अपने घर के बाहर खेत में काम कर रहा था।

मनिका प्रखंड में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्रह्मा बाबा का मनाया गया 55वां पुण्य स्मृति दिवस

# प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने नई सृष्टि का स्थापना का कार्य किया जिसको कहते हैं स्वर्ग : बीके कविता बहन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के लैंपस के सामने स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में दिन गुरुवार को प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 55वाँ पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और उनके पुण्य स्मृति दिवस पर उपस्थित सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे बी.के.कविता बहन ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का जन्म सन 1876 ई.में सिंध प्रांत स्थित हैदराबाद शहर के कृपलानी परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम लेखराज था और वह भगवान के परम भक्त थे। उन्होंने भगवान की खोज में 12 गुरु किए थे प्रतिदिन गीता का एक घंटा अध्ययन करते थे वे बहुत ही सच्चे, साफ और ईमानदार व्यक्ति थे। वे जोहरी का कारोबार करते थे और गरीबों को हमेशा दान-पुण्य करते थे उनके घर से कोई खाली हाथ नहीं जाता था। 1936 में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा (लेखराज) के द्वारा नई सृष्टि का स्थापना का कार्य किया गया था जिसको स्वर्ग कहते हैं। उन्होंने बताया कि हेविन, पाराडाईज, जन्नत, फूलों का बगीचा के माध्यम से परमात्मा ने एक मानव तन का आधार लिया जिनको दादा लेखराज कहते हैं क्योंकि परमात्मा को इस सृष्टि पर नई दुनिया का स्थापना करने का कार्य करना होता है। जब परमात्मा ब्रह्मा इस सृष्टि पर ज्ञान देते हैं तब हमारे अंदर से पांच बुराइयां खत्म हो जाती है काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार तब हमारे जीवन में सुख शांति का अनुभव होता है। मौके पर बी.के.कविता बहन, ज्योति बहन, बिना माता, बिशुन माता, सरिता माता, माधुरी माता, अंजू माता, पवन भाई, राजकुमार भाई, समाजसेवी बली यादव, प्रतिमा माता, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### शोभा यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**मझिआंव।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र में जगह-जगह शोभा यात्रा जुलूस पूजा अर्चना को लेकर थाना परिसर में गुरुवार को बीडीओ सतीश भगत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने बैठक का संचालन किया। बताते चले कि भगवान श्री राम का अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मझिआंव में 20 जनवरी को भव्य तरीके से श्री राम भगवान का शोभायात्रा निकाली जानी है और 22 जनवरी को सभी मंदिरों में पूजा पाठ के साथ-साथ हनुमान चालीसा का आयोजन किया जाना है। वहीं थाना क्षेत्र में कहां-कहां शोभायात्रा, जुलूस, हनुमान चालीसा एवं पूजा पाठ किया जाएगा जिसको लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी लिया गया। बैठक में बीडीओ ने कहा कि सोशल मीडिया का जमाना है और किसी भी अफवाह को वायरल करने से पहले उसे सोच विचार कर ही वायरल करें। अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी अफवाह को वायरल करता है तो वही दंडनीय होगा। शोभा यात्रा या पूजा पाठ में किसी प्रकार के किसी को कोई व्यवधान न पहुंचे इस पर शासन प्रशासन की पूरी नजर रहेगा।